*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 जून, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 224

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

ओड़िशा रेल हादसा : डिरेल, भिड़ंत और 288 की मौत





विशेष
आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



# विपक्ष की पटना महापंचायत में अभी से ही खटपट

## कांग्रेस के आने की खबर से ही बिफरी टीएमसी, द्रमुक और आप

## केसीआर और नवीन पटनायक पहले से ही हैं इस मुहिम से बाहर

## क्या 12 जून की बैठक में नीतीश निकाल पायेंगे कोई ठोस नतीजा

आजाद सिपाही विशेष

बिहार के मुख्यमंत्री और वर्तमान में 2024 के आम चुनावों में विपक्षी एकता की धुरी बनने की कोशिश कर रहे नीतीश कुमार ने 12 जून को पटना में विपक्षी दलों की महापंचायत का आयोजन किया है। इसमें कांग्रेस समेत तमाम दलों को बुलाया गया है। नीतीश कुमार खुद इस बैठक का न्योता देने के लिए पूरे देश में गये थे। लेकिन अब लगता है कि यह बैठक महज एक कवायद बन कर रह जायेगी और इससे कोई ठोस नतीजा निकलने के आसार कम ही नजर आ रहे हैं। इस महापंचायत की सफलता पर संदेह इसलिए पैदा हुआ है, क्योंकि एक तो इसका कोई घोषित एजेंडा नहीं है और दूसरा यह कि इसमें कांग्रेस के शामिल होने की घोषणा के बाद से द्रमुक और टीएमसी जैसी पार्टियां बिफर उठी हैं। तेलंगाना की भारत राष्ट्र समिति और ओड़िशा का बीजू जनता दल पहले ही कांग्रेस के नेतृत्व में किसी मुहिम का हिस्सा बनने से इनकार कर चुके हैं। इनके अलावा आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी जैसे दल भी इस बारे में आपत्ति दर्ज करा चुके हैं। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि यदि पटना की बैठक में चार या पांच दल शामिल नहीं हुए, तो फिर इस महापंचायत का क्या औचित्य रह जायेगा। पटना से पहले पिछले महीने कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार के शपथ ग्रहण के मौके पर भी विपक्ष के शक्ति प्रदर्शन का शो फ्लॉप हो चुका है। ऐसे में पटना बैठक से बहुत उम्मीद लगाना बेमानी ही हो सकता है। नीतीश कुमार का यह शायद अंतिम प्रयास है, इसलिए वह इसमें एड़ी-चोटी का जोर लगाये हुए हैं। पटना बैठक के संभावित परिणामों से इतर इससे निकलने वाले राजनीतिक संदेश का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव में एकजुट विपक्ष उतारने का बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सपना अधर में ही दिखाई दे रहा है। नीतीश कुमार ने 'एक सीट-एक संयुक्त प्रत्याशी' वाले विपक्षी महागठबंधन पर सहमति बनाने के लिए पटना में 12 जून की महापंचायत का आयोजन कर रखा है, लेकिन यह महापंचायत महज कुछ लोगों का जमावड़ा ही बनती दिखाई दे रही है। कारण है, इस बैठक में वरिष्ठ नेताओं द्वारा शामिल होने पर बन रहा संशय। हालांकि कांग्रेस ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की अनुपस्थिति के बावजूद बैठक में शामिल होने की घोषणा कर यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह इस मुहिम में साथ है, लेकिन सबको पता है कि राहुल गांधी और मल्लिाकार्जुन खड़गे के बगैर कांग्रेस के शामिल होने का क्या मतलब रह जायेगा। कई अन्य दलों के नेताओं के बैठक से दूरी बना लेने के चलते भी यह अभियान सफल होता नहीं दिख रहा है।

### कांग्रेस के शामिल होने पर भी था संशय

पहले इस बैठक में कांग्रेस के भी शामिल होने पर संशय के बादल छाये हुए थे। कारण था कि 12 जून को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का अमेरिका में होना और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का एक निजी काम में व्यस्त रहना। कांग्रेस ने बैठक की तारीख को आगे बढ़ा कर 23 जून करने का आग्रह किया था, लेकिन उस पर नीतीश तैयार नहीं थे। इसके चलते कांग्रेस के बैठक से दूर रहने की संभावना लग रही थी, लेकिन अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने इस संशय को दूर कर दिया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस 12 जून को पटना में होनेवाली बैठक में भाग लेगी। हालांकि उसकी तरफ से कौन भाग लेगा, यह तय किया जाना अभी बाकी है। ऐसे भी कांग्रेस में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के शामिल नहीं होने से यह सिर्फ कोरम ही होगा।

### तमिलनाडु के सीएम और माकपा महासचिव भी रहेंगे नदारद

बैठक में द्रमुक सुप्रीमो और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी एक निजी कारण के चलते आने में असमर्थता जता दी है। हालांकि नीतीश के चेन्नई दौरे के दौरान स्टालिन ने उन्हें एकजुट विपक्ष का हिस्सा बनने का पक्का आश्वासन दिया था। उधर माकपा महासचिव सीताराम येचुरी के नहीं आने को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की अनुपस्थिति से जोड़ा जा रहा है। दरअसल इस बैठक को बुलाने के पीछे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दिमाग था। उन्होंने ही नीतीश को जयप्रकाश नारायण की धरती से एक बार फिर केंद्रीय सत्ता को हिलाने वाली एकजुट विपक्षी हुंकार सुनाने की सलाह दी थी। माकपा पहले इस गठजोड़ में कांग्रेस के साथ गठबंधन में होने के नाम पर शामिल हो रही थी, लेकिन कांग्रेस के बिना वामपंथी दल ममता के साथ खड़े हुए नहीं दिखना चाहते हैं। इसका कारण बंगाल की राजनीति में दोनों के बीच घोर दुश्मनी होना भी है। इधर कांग्रेस के कारण अब ममता बनर्जी भी बैठक में शामिल होने को लेकर असमंजस में दिखने लगी हैं। इसका कारण पश्चिम बंगाल में हाल में घटा एक सियासी घटनाक्रम है, जिसमें राज्य में कांग्रेस के एकमात्र कांग्रेस विधायक बायरन विश्वास को टीएमसी में शामिल कराया गया। कहा जा रहा है कि इस घटनाक्रम के बाद कांग्रेस और ममता के रिश्तों में खिंचाव पैदा हो गया है। यह भी तय है कि ममता बंगाल में विपक्षी एकता के नाम पर कुछ भी करने को तैयार नहीं होंगी। इसकी बड़ी वजह है कि वह बंगाल में विरोधी और दिल्ली में दिल्लगी की स्थिति पैदा कर अपने वोटरों में भ्रम पैदा करना नहीं चाहेंगी। ममता भाजपा को बड़ा दुश्मन अभी मान रही हैं, तो कांग्रेस और वामदलों को उससे कमतर भी नहीं आंक रहीं। उनका मानना है कि कांग्रेस-वाम एकता पश्चिम बंगाल की सियासी जमीन पर टीएमसी के लिए ही खतरा है।



### बिहार, झारखंड और तमिलनाडु में भी फंसेगा पेंच

विपक्षी एकता को दूसरा खतरा बिहार, झारखंड और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी है, जहां कांग्रेस सत्ता में साझीदार है। एकता धर्म के निर्वहन के लिए कोई भी बड़ी पार्टी कांग्रेस के लिए कुर्बानी देने को शायद ही तैयार हो। झारखंड में तो अभी से ही चाइबासा और गोड्डा सीट को लेकर बयानबाजी शुरू हो गयी है। बिहार और तमिलनाडु में भी कांग्रेस सत्ता में साझीदार है। जाहिर है कि लोकसभा चुनाव में वह इन दोनों राज्यों में अच्छी-खासी सीटों पर दावा करेगी।

### किन राज्यों में एकता को लग सकता है झटका

विपक्षी एकता को सर्वाधिक खतरा पश्चिम बंगाल, दिल्ली, पंजाब, केरल और तेलंगाना में दिख रहा है, जहां शायद ही सत्ताधारी दल कांग्रेस को भाव दें, क्योंकि इन राज्यों में कांग्रेस उनकी प्रबल दुश्मन है। विपक्षी एकता में दूसरा पेंच फंसेगा दिल्ली और पंजाब में। दोनों जगह आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं। आप का दोनों राज्यों में कांग्रेस से ही अधिक पंगा है। कांग्रेस को भी आम आदमी पार्टी से नफरत है। नफरत का आलम यह है कि कांग्रेस के साथ विपक्षी एकता में शामिल होने के लिए अरविंद केजरीवाल तो राजी हो गये, लेकिन उन्हें जब अध्यादेश पर मदद की जरूरत पड़ी है, तो कांग्रेस ने इन्हीं दोनों राज्यों के नेताओं की सलाह पर आप के साथ खड़े होने से मना कर दिया है। ऐसे में अब अरविंद केजरीवाल पटना की बैठक में शामिल होने के फैसले पर पुनर्विचार कर रहे हैं।

### पूरे देश में न्योता देने गये थे नीतीश

पिछले कुछ दिनों से नीतीश कुमार संयुक्त विपक्ष का मुख्य चेहरा बनने के लिए रात-दिन कवायद में जुटे हुए हैं। उन्होंने अपनी इस बैठक को सफल बनाने के लिए पूरे देश का दौरा किया है। इस दौरान उन्होंने सभी दिग्गज नेताओं से मिलकर उन्हें बैठक में आने का न्योता भी दिया। नीतीश ने इस दौरान शरद पवार, ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे, नवीन पटनायक, अखिलेश यादव, के चंद्रशेखर राव, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल, मल्लिकार्जुन खड़गे समेत सभी दिग्गज नेताओं से मुलाकात की है। इन सभी के बैठक में आने की संभावना थी, लेकिन अब एक के बाद एक कई नेताओं की अनुपस्थिति की खबरों ने विपक्षी एकजुटता को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है।

# गोड्डा के तीन लोग ओड़िशा ट्रेन हादसे में घायल

**काम की तलाश में चेन्नई जा रहे थे गोड्डा के तीन लोग, सिर और सीने में आयी गंभीर चोट**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** ओड़िशा के बालासोर इलाके में ट्रेन हादसे में झारखंड के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। तीनों गोड्डा जिले के रहनेवाले हैं। तीनों ठाकुरगंगटी प्रखंड के मोरडीहा गांव के रहनेवाले हैं। कोरोमंडल एक्सप्रेस में तीनों युवक काम की तलाश में चेन्नई जा रहे थे।

गोड्डा के जो तीन लोग घायल हुए हैं, उनका नाम मिथुन पंडित, राजीव पंडित और मुकेश पंडित है। घायल अवस्था में उन्हें ट्रेन से सुरक्षित बाहर निकाला गया है, जिसके बाद बालासोर जिला अस्पताल में ही घायलों का इलाज चल रहा है। 35 वर्षीय मुकेश पंडित, 30 वर्षीय मिथुन कुमार पंडित और 27 वर्षीय राजीव पंडित तीनों के सिर पर गंभीर चोटें आयी हैं। तीनों एक साथ मजदूरी करने के लिए काम की तलाश में बुधवार को गांव से निकले थे और इसी ट्रेन से चेन्नई जा रहे थे।

### तीनों के सिर और सीने में आयी है चोट

घरवालों को जब हादसे की जानकारी मिली तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों का हाल बुरा है। मुकेश पंडित का सिर फट गया है। मिथुन कुमार पंडित और राजीव पंडित को भी सिर में गंभीर चोट आयी है। सीने में गंभीर चोट लगी है। मुकेश पंडित ने शुक्रवार की देर रात अस्पताल के हेल्पलाइन नंबर से मोरडीहा स्थित अपने घर के लोगों से बातचीत की। सिर में दस टांके लगे हैं। तीनों युवकों का सही तरीके से इलाज हो इसकी पूरी कोशिश की जा रही है। परिजनों की मांग है कि जल्द से जल्द उन्हें झारखंड लाया जाये और यहीं उनका बेहतर इलाज हो।

## मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बालासोर ट्रेन हादसे पर दुख प्रकट किया



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बालासोर ट्रेन हादसे पर गहरा दुख और शोक प्रकट किया है। डॉ उरांव ने कहा कि सुबह जब बालासोर ट्रेन दुर्घटना की जानकारी मिली तो मन व्यथित हो गया। 288 लोगों के निधन की खबर और लगभग 1000 लोगों के घायल होने की खबर पूरी देश की आत्मा को झकझोर कर रख दिया। सभी दिवंगत आत्माओं को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दें, परिजनों को दुख सहने की शक्ति दें। केंद्र और राज्य की सरकार से उन्होंने आग्रह किया है कि घायलों के जीवन की रक्षा के लिए हर संभव इंतजाम किये जाने चाहिए।

### पासवा ने बालासोर हादसे पर शोक जताया

प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोशिएशन पासवा ने ओड़िशा के बालासोर में ट्रेन दुर्घटना में 288 लोगों के निधन पर गहरी संवेदना और दुख प्रकट किया है। राष्ट्रीय अधिवेशन में पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद की अध्यक्षता में ट्रेन हादसे पर शोक प्रस्ताव पारित कर दो मिनट का मौन रखा और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने अपनी गहरी संवेदना और दुख प्रकट किया है। झारखंड पासवा ने देवभूमि पर भगवान जगन्नाथ से घायलों को रक्षा करने की प्रार्थना की है। इसके साथ ही शोक प्रस्ताव के माध्यम से देशभर के निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों और झारखंड पासवा के पदाधिकारियों ने बालासोर ट्रेन हादसे पर दुख प्रकट किया है।

## रेल दुर्घटना की खबर बहुत दु:खद : बाबूलाल



रांची (आजाद सिपाही)। ओड़िशा में हुई रेल दुर्घटना की खबर बहुत दु:खद और पीड़ादायक है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना है। परमात्मा मृतकों के आत्मा को शांति प्रदान करें और इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार को वज्रपात समान यह पीड़ा सहने की शक्ति दें।

## घायलों के स्वस्थ होने की कामना करता हूं : अर्जुन मुंडा



रांची (आजाद सिपाही)। ओड़िशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन हादसे की खबर सुनकर मन व्यथित है। दु:ख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। ईश्वर से मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## विधानसभा अध्यक्ष ने रेल दुर्घटना पर जताया शोक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने बालासोर ट्रेन दुर्घटना में मारे गये लोगों के प्रति अपना दुख एवं संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि इस भीषण हादसे से प्रभावित हुए पीड़ित परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। घटना में लगातार मृतकों की संख्या बढ़ने से मन विचलित है। ईश्वर हादसे में मरने वाले लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करें और यह भी कामना करता हूं कि घायल व्यक्तियों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्राप्ति हो।

## रेल यात्रियों की मौत पर कांग्रेस ने शोक जताया



रांची (आजाद सिपाही)। ओड़िशा के बालासोर में तीन ट्रेनों के भीषण टक्कर में सैकड़ों यात्रियों की मौत पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि रेल हादसे में जिन यात्रियों की मृत्यु हुई है, उनके परिवार के प्रति कांग्रेस परिवार संवेदना व्यक्त करता है। इस दुख की घड़ी में पार्टी उनके साथ खड़ी है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि भविष्य में इस तरह की दुर्घटना न हो। कहा कि केंद्र सरकार इस घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करे। इस घटना की जिम्मेवारी रेल मंत्री स्वयं लें।

# राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त हुए संजय लाल पासवान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संजय लाल पासवान को अगले तीन वर्षों के लिए झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। शनिवार को इससे संबंधित अधिसूचना निर्गत कर दी गयी है। अगले तीन वर्षों के लिए झारखंड राज्य आवास बोर्ड के सदस्य के पद पर रांची के अभिलाष साहू, पाकुड़ के गुलाम अहमद गोकुल, रांची के नितिन अग्रवाल एवं धनबाद के पवन महतो को नियुक्त किया गया है।

### तृतीय झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन

राज्य सरकार द्वारा तृतीय झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन करते हुए अगले पांच वर्ष के लिए हजारीबाग के जय शंकर पाठक को बोर्ड का सदस्य एवं अध्यक्ष और पलामू के हृदयानंद मिश्रा, रांची के राकेश सिन्हा, देवघर के अजय नारायण मिश्रा और पलामू के संजीव तिवारी को बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

# आठवीं के रिजल्ट में भी कोडरमा जिला आगे

**जैक ने जारी किया परिणाम, 94.94 फीसदी बच्चे हुए पास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने आठवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परिणाम में भी कोडरमा जिला आगे रहा है। आठवीं की परीक्षा का परिणाम 94.94 फीसदी रहा है। आठवीं के परिणाम में कोडरमा जिला अव्वल रहा है। शीर्ष पांच जिले की बात करें तो इसमें कोडरमा के बाद हजारीबाग, गोड्डा, चतरा और पलामू के नाम शामिल हैं। जिसमें कोडरमा का



पासिंग परसेंटेज 98.25 रहा। इसी तरह हजारीबाग की बात करें तो जिले का पासिंग परसेंटेज 97.83 रहा। गोड्डा जिले का पासिंग परसेंटेज 97.77 है। चौथे नंबर पर चतरा जिला है। जिले का पासिंग परसेंटेज 97.22 रहा। पांचवें नंबर पर शामिल पलामू जिला का पासिंग परसेंटेज 96.95 रहा। इस परिणाम में गुमला जिला सबसे पीछे है। यहां से 18945 स्टूडेंट परीक्षा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराये थे। जिसमें से 18450 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। 16357 बच्चे परीक्षा पास किया। जिले का पासिंग परसेंटेज 88.66 है। दूसरे नंबर पर लोहरदगा जिला है। 90.28% जिले का रिजल्ट रहा। पाकुड़ का पासिंग परसेंटेज 90.46 है। चौथे नंबर पर लातेहार जिला है। जिले का पासिंग परसेंटेज 90.89 है। पांचवें नंबर पर खूंटी जिला है। यहां का पासिंग परसेंटेज 91.99% रिजल्ट रहा।

रांची
04 जून, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रविवार, वर्ष 08, अंक 224

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**हेल्पलाइन नंबर**
इमरजेंसी कंट्रोल रूम: 6782262286
हावड़ा:033-26382217
खड्गपुर: 8972073925, 9332392339
बालासोर: 8249591559, 7978418322
कोलकाता शालीमार: 9903370746




# ओड़िशा रेल हादसा : डिरेल, भिड़ंत और 288 की मौत

- देखते ही देखते बालासोर में सबसे बड़ी रेल दुर्घटना हो गयी
- दो यात्री और एक मालगाड़ी आपस में टकरायीं
- हादसे का जिम्मेदार कौन, अब तक पता नहीं
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा
- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रेल मंत्री के सामने ही भड़कीं

दिप्तांशु दास

**भुवनेश्वर/बालासोर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के बालासोर में शुक्रवार शाम हुए रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 288 हो गयी है, जबकि 900 से ज्यादा लोग घायल हैं। हादसा बालासोर के बहानगा बाजार स्टेशन के पास शुक्रवार शाम करीब 7 बजे हुआ था। रेस्क्यू का काम शनिवार को समाप्त हो गया। घटना के 24 घंटे बाद यानी शनिवार तक रेल मंत्रालय की तरफ से हादसे की वजह का खुलासा नहीं किया गया था। रेल मंत्री से लेकर अफसर तक जांच कराने की बात दोहराते रहे। सूत्रों के मुताबिक ट्रेनों के बीच टक्कर रोकने वाला कवच सिस्टम (एंटीकोलिजन सिस्टम) इस रूट पर मौजूद नहीं था। मानवीय भूल या फिर सिग्नल फेल होना भी हादसे की वजह हो सकती है। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना स्थल का दौरा किया और घायलों से मिले। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी दुर्घटना स्थल पर पहुंची। हादसे की वजह से कई ट्रेनों को रद्द किया गया है और कुछ का मार्ग परिवर्तित किया गया है।

**एक के बाद एक तीन ट्रेनें भिड़ीं :** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बहानगा बाजार स्टेशन की आउटर लाइन पर एक मालगाड़ी खड़ी थी। हावड़ा से चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस डिरेल होकर मालगाड़ी से टकरा गयी। एक्सप्रेस का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया और बोगियां तीसरे ट्रैक पर जा गिरीं। कुछ देर बाद तीसरे ट्रैक पर आ रही हावड़ा-बेंगलुरु दुरंतो ने कोरोमंडल एक्सप्रेस की बोगियों को टक्कर मार दी। देखते ही देखते तीनें ट्रेनें दुर्घटनाग्रस्त हो गयीं।

## पीएम, रेल मंत्री और सीएम पहुंचे घटनास्थल

पीएम नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में घायलों से भी मुलाकात की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शनिवार सुबह बालासोर पहुंचे और हादसे की जांच के आदेश दिये। उन्होंने मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 2 लाख रुपये और चोट लगने वाले लोगों के लिए 50,000 रुपये देने की घोषणा की है। ओड़िशा के सीएम नवीन पटनायक ने बालासोर अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने राज्य में एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी बालासोर पहुंची। उन्होंने प्रभावितों के लिए राज्य की तरफ से मुआवजे का ऐलान किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ट्रेन दुर्घटना के संबंध में स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक भी की।

**मानवीय भूल की आशंका जतायी जा रही :** सूत्रों की मानें तो प्रारंभिक जांच में मामला पूरी तरह से मानव गलती से जुड़ा हुआ है। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद चार वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने हादसे को लेकर रिपोर्ट तैयार की है। इसमें कहा गया है गौर से निरीक्षण करने के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि 12841 कोरोमंडल एक्सप्रेस को मेन लाइन के लिए सिग्नल दिया गया। हालांकि तुरंत बाद ही सिग्नल वापस ले लिया गया। कोरोमंडल एक्सप्रेस को मेन लाइन पर जाने का सिग्नल था। लेकिन वह मेन लाइन पर जाने की बजाये लूप लाइन पर चली गयी। लूप लाइन पर पहले से मालगाड़ी खड़ी होने से हादसा हो गया। फिर ट्रेन पलटी तो दूसरे ट्रैक पर डिब्बे आ गिरे। बाद में इसी ट्रैक पर यशवंतपुर एक्सप्रेस आकर भिड़ गयीं। दो पेज की हाथ से लिखी यह रिपोर्ट वरिष्ठ रेल अधिकारियों, जेएन सुबुधि, आरके बनर्जी, आरके पंजीरा और एके मोहंतू ने तैयार की है। वहीं, सिंगनल फेल होने की बात भी सामने आ रही है।

## दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा : मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम करीब 4 बजे घटनास्थल पहुंचे। वे अस्पताल में घायलों से भी मिले। उन्होंने कहा कि मेरे पास शब्द नहीं हैं, इस दुख को व्यक्त करने के लिए। दुख की इस घड़ी में हम सभी को प्रार्थना करनी चाहिए, ताकि हम इससे उबर सकें। हम मृतकों के परिजनों के साथ हैं। जिन लोगों ने अपना जीवन खोया है ये बहुत दर्दनाक था। जो लोग घायल हुए हैं सरकार उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर घटना है। दुर्घटना का जो भी दोषी है, उसे बख्शा नहीं जायेगा। हर तरह की जांच के निर्देश दिये हैं। हम इस घटना से सबक लेंगे और व्यवस्था को सुधारेंगे।

## पहली नजर में हादसे की संभावित वजह

**ट्रैक या पटरी में फ्रैक्चर :** जब ट्रेन के ट्रैक के बीच की चौड़ाई बढ़ जाती है या दो पटरियों के बीच का जोड़ कमजोर हो जाता है, ऐसे में ट्रेन के डिरेल होने की संभावना बढ़ जाती है। इसकी वजह मैन्युफैक्चरिंग और इंस्टालेशन डिफेक्ट, एक्स्ट्रीम गर्मी या मेंटेनेंस की कमी से हो सकती है।
**मानवीय भूल:** लोको पायलट, गार्ड या किसी अन्य ऑपरेशनल मैनेजर की भूल की वजह से भी ट्रेन पटरी से पलटने की संभावना होती है। अमूमन स्लो सिग्नल के बावजूद ट्रेन को फास्ट चलाना, कम्युनिकेशन गैप, रेलवे रूल्स फॉलो न करना हादसे की वजह बनी है।
**रेलवे इक्विपमेंट्स या टेक्निकल गड़बड़ी:** पहिये, लोकोमोटिव बीयरिंग, सस्पेंशन और रेलवे बोगी में होने वाली खराबी की वजह से भी ट्रेन डिरेल हो सकती है। ट्रेन सिग्नल और नेटवर्क की मदद से चलती है। ऐसे में कई मौकों पर कंट्रोल रूम या नेटवर्क से संपर्क टूटने के बाद टेक्निकल खराबी की वजह से भी ट्रेन डिरेल होती है। (पेज 12 भी देखें)

## सीएम हेमंत सोरेन ने जताया शोक



ओड़िशा रेल हादसे पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया है कि ओड़िशा के बालासोर जिले में बहानागा रेलवे स्टेशन के समीप कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने की हृदयविदारक घटना से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों व दु:ख की यह विकट घड़ी सहन कर की शक्ति दे। दुर्घटना में घायल लोगे के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## घायल तड़ रहे थे ममता कमियां गिना रही थीं

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार ओड़िशा के बालासोर पहुंची। ममता ने इसे सदी का सबसे बड़ा रेल हादसा बताया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में ममता बनर्जी ने मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर निशाना साधा। ममता बनर्जी जब बोल रहीं थीं तब रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पलटवार तो नहीं किया, लेकिन उन्होंने ममता को गलत बयानबाजी पर दो बार टोका। हालांकि ममता बनर्जी फिर भी बोलती रहीं और कहा कि जरूरत पड़ेगी तो वह रेलवे को सलाह भी दे सकती हैं। ममता ने कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा रेल हादसा है। इस ट्रेन में एंटी कोलिशन डिवाइस नहीं था, अगर वह होता तो यह हादसा नहीं होता। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के जिन लोगों की इस हादसे में मृत्यु हो गयी, उनके परिजनों को हम 5-5 लाख रुपये देंगे।






## पूर्व प्रमुख ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों की दी जानकारी



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गोहाल पॉलिटेक्निक कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी जयनगर, परसाबाद मंडल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी और संचालन परसाबाद मंडल अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी ने किया। वहीं जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम ने केंद्र सरकार की 9 वर्ष के कार्यों और क्षेत्र में की गयी उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के शासनकाल में एक अलग पहचान बन रही है। यहां के पॉलिटेक्निक कॉलेज बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पायेगा, साथ में अग्रणी संस्थान के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र राणा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विजय राणा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मनोज दास, महेश रजक, यमुना यादव, किशुन यादव, राजेश पासवान, मंटू पंडित, राजेंद्र राम, रामचंद्र महतो, मनोज सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## डोमचांच थाना परिसर में अवैध उत्खनन का आरोप, एसपी को सौंपा ज्ञापन




कोडरमा (आजाद सिपाही)। डोमचांच थाना परिसर में अवैध पत्थर उत्खनन और दलालों के अड्डेबाजी को लेकर भाजपा मुखर है। भाजपा नेता और सांसद प्रतिनिधि बसंत मेहता, देवेंद्र मेहता, राजेश सिंह, प्रभाकर लाल रावत, मुकेश रजक ने एसपी को सौंपे ज्ञापन में इस बाबत कार्यवायी की मांग की है। इन्होंने कहा है कि डोमचांच प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं और बुद्धिजीवियों की बैठक टैक्सी स्टैंड डोमचांच में किया गया था। जिसमें चर्चा की गयी कि डोमचांच थाना के थानेदार और उनके सहकर्मियों के सहयोग से थाना परिसर के अंदर अवैध पत्थर उत्खनन बिना सरकारी आदेश के किया जा रहा हैं। विदित हो कि शांति समिति के बैठक में पहाड़ को तोड़कर पत्थर हटाने का कभी कोई निर्णय नही लिया गया और अवैध पत्थर उत्खनन के चक्कर में कई हरे पेड़ो को बर्बाद कर दिया गया। डोमचांच थाना परिसर ईको सेंसेटिव जोन क्षेत्र के अंतर्गत आता है, वही थाना परिसर में अवैध पत्थर उत्खनन की सूचना पूर्व में सांसद प्रतिनिधि बसंत कुमार मेहता के द्वारा अधिकारियों को दिया जा चुका है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डोमचांच के थानेदार द्वारा कई संदेहास्पद कार्य किए गए हैं। दूसरा कि जब से थाना प्रभारी आये हैं तब से थाना में दलालों का अड्डाबाजी बना रहता है। दलालों के द्वारा जनसाधारण को जाल में फसाकर मोटी रकम वसूली की जाती है, और फिर उस रकम को अधिकारी और दलाल मिलकर आपस में बँटवारा किया करते हैं। आवेदन में दीपक के नाम का भी उल्लेख किया गया है। इस बाबत सुसंगत धाराओं के तहत दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की गयी है।

## राज्य की तीसरी और जिला की कॉमर्स में टॉपर रिया को दी बधाई



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। शहर के ताराटांड निवासी अनिल कुमार केसरी और रीना केसरी के द्वितीय पुत्री रिया केसरी को कॉमर्स में राज्य स्तर पर तीसरा और कोडरमा जिला में पहला स्थान प्राप्त होने पर बधाइयों का ताता लगा है। शनिवार को पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता भी झुमरीतिलैया की बेटी रिया केसरी की इस बड़ी उपलब्धि पर हौसला बढ़ाने के लिए घर पहुंची और रिया को बुके दे कर सम्मानित किया। रिया ने राज्य में तीसरा स्थान ला कर यह साबित कर दिया कि शिक्षा अमूल्य धरोहर है। रिया के इस उपलब्धि पर पूर्व जिप अध्यक्ष ने खास कर उनके माता रीना केसरी, पिता अनिल कुमार केसरी और दादी को बधाई दी। इस समाजिक सम्मान को पा कर सीए बनने की इच्छा रखने वाली रिया काफी हर्षित हुई। मौके पर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से कोडरमा जिला केशरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष डॉ सुरेश साहू, हजारीबाग जोन के मंत्री डॉ रामवतार केसरी, जिला महामंत्री सुरेश प्रसाद केसरी, अशोक केसरी, शंकर केसरी, अरुण केसरी, सुधीर केसरी, सतीश केसरी, विक्की केसरी, सोनू केसरी, मंजू केसरी, अन्नपूर्णा केसरी, पूनम केशरी, मिना केशरी, सुधीर कुमार केसरी, अरुण केसरी, सोनू, अंकित, आर्ची केसरी, ओजस्वी केसरी, अश्विन केसरी, आशी सहित कई लोग शामिल थे।

## प्रशासन की देख-रेख में बन रहा फौजी का मकान



पदमा (आजाद सिपाही)। पदमा ओपी क्षेत्र के रोमी गांव में बीएसएफ फौजी प्रकाश शर्मा को सैनिक बंदोबस्ती के तहत मिली 10 डिसमिल जमीन पर शुक्रवार को पुलिस और ग्रामीण के बीच हुई झड़प के पश्चात शांति पूर्ण तरीके से काम चल रहा है। गठित टास्क फोर्स के साथ पदमा सीओ मोजाहिद अंसारी और थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह उक्त स्थल पर कैंप किये हुए है। दोपहर 12 बजे के करीब बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर रोमी गांव पहुंचे और थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह से वस्तु स्थिति की जानकारी ली। ज्ञात हो कि देश की सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवान प्रकाश शर्मा को फरवरी माह में सैनिक बंदोबस्ती के तहत 10 डिसमिल जमीन फौजी के पैतृक गांव रोमी स्थित सरकारी जमीन बंदोबस्त के तहत मिला है जिस पर ग्रामीनो ने विरोध करते हुए उक्त स्थल पर कार्य नहीं होने दे रहे थे। फौजी जवान ने उक्त स्थल पर कार्य करने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई थी जिसके तहत शुक्रवार को जब कार्य शुरू हुआ तो ग्रामीणों ने प्रशासन पर पथराव कर दिया। प्रशासन ने इस मामले मे 103 लोगो को नामजद आरोपी बनाते हुए सौ से ज्यादा अज्ञात के बिरुद्ध मामला दर्ज किया है। वही 15 लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के एक्शन में आने के बाद क्षेत्र में शांति का माहौल बना है और फौजी प्रकाश शर्मा के बंदोबस्त जमीन पर प्रशासन की उपस्थिति में मकान बन रहा है।

## पुलिस ने फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की के नेतृत्व में पुलिस ने फरार वारंटी भरत साव (उम्र 35 वर्ष )पिता जगदीश साहू को कांड संख्या37/2021 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दी।भरत साव चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड के ग्राम मलकपुर का रहने वाला है।इस पर अवैध कोयला कारोबारी करने का आरोप है।

## छापेमारी में मारुति सुजुकी, पिस्टल का डमी, जब्त

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में पुलिस ने हजारीबाग रोड स्थित 13 माइल के पास छापेमारी मे पुलिस का बोर्ड लगा हुआ काला रंग का जे ए 02 एस 5854 मारुति सुजुकी बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने 4 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।
मौके पर पुलिस ने पिस्टल का एक डमी, एक जिंदा कारतूस ,केस मुकदमा से संबंधित से दस्तावेज बरामद की है। मामले को लेकर पुलिस गंभीरता के साथ पकड़े गये लोगों से पूछताछ कर रही है।

# हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम की

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** युवक की हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को कोडरमा गिरिडीह रोड जाम कर दिया जिसके कारण कई घंटे वाहनों का आवागमन बाधित रहा। ज्ञात हो कि जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत रायडीह रोड के रेलवे पुल से दूर एक युवक का शव शुक्रवार देर शाम बरामद किया गया था। जिसकी पहचान शंकर साव (पिता लालो साव, नवादा, पुरनाडीह निवासी) के रुप में हुई थी। शव को देखने से प्रतीत होता है कि उसकी हत्या की गयी है। मृतक अपने टेम्पू से गांव-गांव घुमकर अनाज की खरीद करता था। घटना स्थल पर टेंपू पर चावल की बोरी और मृतक का मोबाइल पड़ा मिला। खबर पाकर डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान, नवलशाही थाना प्रभारी अनिल सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। बाद में एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, अंचल इंस्पेक्टर अवधेश सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों को आश्वासन दिया कि हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा। शुक्रवार की रात को ही शव को पुलिस ने कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया था। वहीं घटना स्थल को घेरा बंदी कर शनिवार को डॉग स्क्वायड की टीम घटना स्थल पर सुबह 9 बजे पहुंची। घटना स्थल से कुछ दूरी पर आटा चक्की मिल पर जाकर वहां सुंघने लगा और उसके बाद आस पास खेतों में घुमने लगा। इधर घटना को लेकर गुस्साये परिजनों ने शनिवार को शव के साथ कोडरमा जमुआगिरिडीह मुख्य मार्ग नवादा चौक के पास सड़क जाम कर दिया। अंचलाधिकारी मां देवप्रिया घटना स्थल पर पहुंचकर मामला को आश्वासन पर शांत कराया। दूसरी ओर माले जिला सचिव राजेन्द्र मेहता ने युवक की हत्या की निंदा करते हुए जिला प्रशासन से तीन दिन के भीतर हत्यारों की गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होने कहा कि अगर 72 घंटा में हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो भाकपा माले आंदोलन पर उतरेगी।

## मिशन लाइफ के तहत एलइडी बल्ब का वितरण



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दामोदर घाटी निगम कोडरमा ताप विद्युत केंद्र द्वारा पर्यावरण निगरानी और प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा मिशन लाइफ के तहत सोनपुरा गांव में एलईडी बल्ब का वितरण कर बिजली बचाने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सोनपुरा गांव के लगभग एक सौ लोगों को मुफ्त एलईडी बल्ब वितरण किया गया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को वैकल्पिक प्राकृतिक ऊर्जा (सौर ऊर्जा) के उपयोग के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन श्यामसुंदर मौर्य ने किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, सुरेश राय, प्रदीप विश्वास सहित अन्य ग्रामीण एवं महिलाएं मौजूद थे।

## 10वीं और 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** एकेडमी फॉर क्रिएटिविटी एंड एक्सीलेंस के द्वारा पैराडाइज रिजॉर्ट में 10वीं और 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों के लिये सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डीएवी के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार, संत जेवियर्स स्कूल के उप प्राचार्य देवव्रत सर, डीएवी स्कूल की प्राचार्य कविता मैम, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक उपेंद्र नारायण ने उपस्थित हजारीबाग के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को मोमेंटो मेडल और पुस्तक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन गुरुकुल के निदेशक जेपी जैन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षाविद अजय जैन एवं सीमा जैन के द्वारा विगत 2 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। इस अवसर पर अजय जैन और सीमा जैन ने कहा कि बच्चों को सम्मानित कर उन्हें खुशी और गर्व की अनुभूति होती है। हजारीबाग के बच्चे सर्वोच्च मुकाम को हासिल करें और विभिन्न क्षेत्रों में अपने अभिभावकों का नाम रोशन करें यही उनकी इच्छा है। इस मौके पर उपायुक्त हजारीबाग ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाये देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उपस्थित बच्चों को सिविल सेवा की परीक्षा में सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए साथ ही उन्होंने एकाग्रता समय प्रबंधन लक्ष्य के प्रति सकारात्मक सोच के विषय में विस्तृत तरीके से बताया। डीएवी के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों को सफलता से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किये। इस अवसर डीइओ उपेंद्र नारायण, युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, हरक चंद जैन, रुप चंद सेठी, विजय लुहाड़िया, कराटे प्रशिक्षक उदय कुमार, स्वरूप चंद जैन अधिवक्ता, कमल जैन विनायका, दिनेश खंडेलवाल, धीरेंद्र सेठी, टोनी छाबड़ा, नीरज जैन ,सृष्टि जैन और अन्य विद्यार्थी गण मौजूद थे। इस अवसर पर 500 से भी ज्यादा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### विधायक ने किया कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति के कार्यालय का उद्घाटन

## विस्थापितों को लेकर आज भी मैं आंदोलनरत हूं: अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के ग्राम डाड़ीकला में कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति के कार्यालय का उद्घघाटन स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात समारोह का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि कालेश्वर राम एवं संचालन ज्ञान उदय विकास विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद रियासत हसन ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि एनटीपीसी कंपनी को आने से मेरा परिवार को ज्यादा नुकसान हुआ हो गया। मेरे पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, माता पूर्व विधायक निर्मला दवी को जेल भेजा दिया गया। यहां तक कि उन्हें राज्य बदर भी कर दिया गया। जिस तरह का आरोप है उस तरह से वे अब वे चुनाव नहीं लड़ पायेगे। लेकिन न्यायालय में कानूनी प्रक्रिया चल रही है शायद उन्हें न्याय की देवी द्वारा न्याय मिल सके। मैं भी पिता की तरह आंदोलनरत हूं। विधायक बनने के बाद मैं कंपनी के खिलाफ आंदोलन शुरू की 27 स्थानों पर धरना प्रदर्शन किया गया। लेकिन कुछ लोग धोखा देकर धरना समाप्त कर दी। जिससे आंदोलन कमजोर हो गया। मैं बड़कागांव की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को भी सारी जानकारी दिया। उन्होंने यह भी कहा आप अपने अंदर ढूंढिए कि आप कितने मजबूत हैं। लोगों में एकजुटता नहीं है। इसलिए कंपनी की मनमानी बढ़ गयी है। यही कारण है कि कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति का गठन किया गया। समिति विस्थापितों की समस्या का मुद्दा उठाते रहेगी, तो मैं हमेशा समर्थन करूंगी। विधायक ने कहा कि मैं विस्थापन की समस्या को लेकर राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू से मिलकर सारी वस्तु स्थिति की जानकारी दी हूं। इसके अलावा पंचायत समिति सदस्य निर्मल राम, फ्यूम अंसारी,रितेश ठाकुर, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, शिशु मिश्रा, पंकज कुमार साव समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया। मौके पर कुलेश्वर राम, पंकज कुमार, अब्दुल जब्बार, अनवर अली, शमीम अहमद, साबिर हुसैन, सिकंदर साव, पददुम साव, राजेश रजक, बालेश्वर साव, कासिम अंसारी, डुभन साव, निर्मल राम, रफुल मियाँ, मो० तस्लीम, वाहिद अली, संजय कुमार साव, मसकुर आलम, अजय कुमार, चंद्रिका साव, फयूम अंसारी, नसरुल्लाह, शफीउल्ला अंसारी, शिशु मिश्र, कृष्णा ओझा, नेजाम अंसारी, ताहिर अली समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पूर्व कुलपति का तत्काल आवास खाली करने के आदेश पर जतायी नाराजगी



हजारीबाग( आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय कुलपति का पदभार डॉ. अजीत कुमार सिन्हा को दिया गया। पदभार ग्रहण के बाद भुतपूर्व कुलपति डॉ. मुकुल देव नारायण को आवास खाली करने का आदेश दिया गया। आवास खाली करने के आदेश पर समाजसेवी राकेश गुप्ता ने अपने कालीबाड़ी स्थित आवासीय कार्यलय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नाराजगी जतायी। समाजसेवी राकेश गुप्ता ने बताया कि किसी संवैधानिक पद पर कार्यरत अगर पद मुक्त होता है। तो उसे उसी आवास में तीन महीने तक रहने का अधिकार है। उसका खर्च सरकार को भुगतान करता है। लेकिन इस प्रकार मनमाने ढंग से आवास खाली करने का तुरंत नोटिस जारी करना बेहद दुखद है। राज्यपाल महोदय इस पर त्वरित संज्ञान में लेकर यह समस्या का समाधान करें। इस विषय पर जल्द संज्ञान नही लिया गया तो धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

## छह प्रशिक्षु आइएएस पहुंचे कोडरमा नवाचार गतिविधियों की ली जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** शनिवार को कोडरमा जिला में छह प्रशिक्षु आईएएस का आगमन हुआ। जिसमें प्रशिक्षु आईएएस श्रुति राजलक्ष्मी, रवि कुमार, दीपेश कुमारी, कृष्णकांत कांवरिया, प्रंजल धांडा और सुलोचना मीणा शामिल हैं। प्रशिक्षु आईएएस ने नवाचार गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, आंगनवाड़ी केन्द्र नावाडीह, आंगनवाड़ी केन्द्र बलरोटांड, कोडरमा प्रखंड परिसर में स्थित डीईजीएस, पुस्तकालय, दीदी कैफे, पलश मार्ट, पीएचसी कोडरमा, सदर अस्पताल कोडरमा, छतरबर पंचायत भवन, छतरबर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर इत्यादि का भ्रमण किये। कोडरमा जिला में डिजिटल क्रांति लाने के उद्देश्य से डीईजीएस कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम से काफी प्रभावित हुए और कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किये। सभी प्रशिक्षु आईएएस ने सदर अस्पताल का भी निरीक्षण किया। सदर अस्पताल कोडरमा द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में किया गया कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने पुस्तकालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं की कैरियर काउंसिलिंग की। युवाओं को यूपीएससी, एसएससी इत्यादि परीक्षा की तैयारी करने को लेकर अहम जानकारी दी। मौके पर प्रशिक्षु उप समाहर्ता सारांश जैन, पीएमयू सदस्य सुक्रुती और अन्य मौजूद रहे।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।


## रेल हादसे में मृत लोगों के लिए शोकसभा



इचाक (आजाद सिपाही)। उड़ीसा के बालासोर में बहनागा बाजार स्टेशन के पास हुए दिल दहला देने वाले रेल दुर्घटना में ढाई सौ से अधिक लोगों की मौत हो गयी, जबकि हजार से अधिक लोग घायल हो गये। इ स दुखद घटना पर इचाक प्रखंड के भाजपाइयों ने दरिया चौक पर शोक सभा का आयोजन कर दुर्घटना में मृत हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रख मृत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता ने किया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से उपस्थित जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा की उड़ीसा में हुई रेल दुर्घटना काफी दुखद है। भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता ने कहा की इस दुर्घटना में मरने वालें और घायलों को मुआवजा मिलना चाहिये। श्रद्धांजलि सभा में बरकट्ठा की जिप सदस्य कुमकुम देवी, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी, सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, हरिहर मेहता, प्रदेश किसान मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य सुनील मेहता, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, पूर्व मुखिया डेग्नारायण मेहता, अजीत कुमार बख्शी, सिकंदर मेहता, रंजीत मेहता, सुधीर मेहता, मनोज मेहता, सुनील मेहता, संजय मेहता, बीरबल मेहता, सुरेश मेहता, छत्रधारी मेहता, सिकंदर अंसारी, मनोज सिंह, मनोज मेहता, हुलाश मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बिजली समस्या को लेकर विद्युत महाप्रबंधक से मिले भाजपा नेता रमेश हेम्ब्रोम



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। इचाक प्रखंड के डाड़ीघाघर गांव के गरडीह मे आजादी के बाद 2008-09 मे राजीव गांधी विद्युतिकरण के तहत दो वर्ष के लिए बिजली बहाल किया गया था। जो कवर का तार होने के कारण जल गया है। तब से अभी तक उस गांव के लोगों को अंधेरा मे हीं रहना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर भाजपा नेता रमेश कुमार हेंब्रम ने विद्युत विभाग के जीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा की बिजली नहीं रहने के कारण गरडीह वासी बिजली लाईट बती, मोबाइल, टीवी, कृषि और कई ऐसी सुविधाओं से वंचित है। जंगली जानवर से भी वहां के ग्रामीणों की जान जोखिम में रहता है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री रमेश कुमार हेम्ब्रोम का कहना है कि अभी भी ग्राम गरडीह वासियों को 18वीं सदी मे ही लोग जीवन जीने को मजबूर है, जबकि ग्राम गरडीह मे बिजली बहाल करने के नाम पर 2016 मे ही टेंडर हुआ था और सारी सामग्री विभाग के ठीकेदार बिजली आपूर्ति करने के नाम पर सभी सामग्री को गायब कर दिया। रमेश कुमार हेम्ब्रोम ने कहा कि मै बिजली को लेकर लगातार 2012 से अभी तक बिजली विभाग के जीएम, एसी, एसडीओ, उपायुक्त और सरकार को भी लिखा गया है। लेकिन कोई भी इस पर संज्ञान नहीं लिया। श्री हेम्ब्रोम ने कहा यदि दो दिन के अंदर कोई कारवाई नहीं हुई तो भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा और आदिवासी समाज के नेतृत्व मे सैकड़ों ग्रामीणों के सहयोग से तीर धनुष और नगाड़ा के साथ 6 जून को विधुत महाप्रबंधक कार्यालय और उपायुक्त कार्यालय हजारीबाग मे धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

## आरा मिल पर छापेमारी , भारी मात्रा में लकड़ी जब्त

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ थाने की पुलिस ने गोविंदपुर के खम्भरा में अवैध रूप से चलाए जा रहे आरा मिल पर छापेमारी कर साल का लकड़ी का बोटा 35 पीस , एक करोंज का लकड़ी बोटा, हाथी मशीन चक्का सहित, इंजन , प्लेट, रबर बेल्ट, आरा पत्ती जप्त कर मामला दर्ज किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली लकड़ी तस्कर धनेश्वर महतो उर्फ डॉक्टर, बैजनाथ महतो, और जीवाधन महतो तीनो सा गोविंदपुर कला के द्वारा गोविंदपुर स्थित खम्भरा के जंगल में अवैध रूप से आरा मिल का संचालन किया जा रहा है। सूचना के आलोक में एसडीपीओ अनुज उरांव के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन कर छापेमारी की गयी। जिसमे भारी मात्रा में करोंज की लकड़ी का बोटा बरामद किया गया। आरा मिल के संचालको के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 150 /2023 धारा 413,414/34 भादवी 33/69 भारतीय वन अधिनियम और 9/10/14 विहार आरा मिल अधिनियम 1990 के तहत मामला दर्ज किया गया। छापेमारी टीम में एसडीपीओ अनुज उरांव, विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, पुअनि मो. नसीम अंसारी थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## विष्णुगढ़ भामसं प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन

विष्णुगढ़।भारतीय मजदूर संघ की बैठक हजारीबाग जिला अध्यक्ष नवीन सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जबकि संचालन भामसं भवन निर्माण जिला अध्यक्ष सुरेश राम ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भामसं हजारीबाग जिला मंत्री नीरज सिंह समेत जिला अध्यक्ष नवीन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष मंजू देवी, जिला संयुक्त सचिव गैलेक्सी गौरव, जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र कुमार, जिला भवन निर्माण अध्यक्ष सुरेश राम तथा भामसं भवन निर्माण कोषाध्यक्ष भैया नितीश कुमार उपस्थित हुए। जिला से आए सभी पदाधिकारियों ने बारी-बारी से संगठन के उद्देश्यों के बारे में बारीकी से लोगों के समक्ष रखा साथ ही साथ सहिया, सहिया साथी के हितों पर विशेष चर्चा की गयी तथा संगठन के विस्तार पर भी चर्चा के बाद विष्णुगढ़ भामसं पुराने प्रखंड कमेटी को निरस्त करते हुए सर्वसम्मति से कमेटी का पुनर्गठन कर थानेश्वर महतो को प्रखंड अध्यक्ष तथा अजित मिश्रा को सचिव मनोनीत किया गया। शशि लाहकर तथा मीना देवी को उपाध्यक्ष, पिंकी देवी तथा महादेव मुर्मू को सह सचिव,बिनोद सिंह को प्रखंड संगठन मंत्री तथा तुलो महतो को कोषाध्यक्ष बनाया गया।सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष नवीन सिंहा ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।बैठक में माही पटेल, अजय प्रसाद साव, बिनोद सिंह,संजय कुमार, संतोष कुमार तथा प्रकाश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग चरही का तापमान पहुंचा 43 डिग्री, लोगों की परेशानी बढ़ी

चरही :- चुरचू कोयलांचल और बारह गांव में गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। सुबह सात बजे से ही माथे से पसीना टपकने लगता है। रात में पंखे से निकलने वाली गर्म हवाओं की वजह से नींद नहीं पूरी हो रही है। नींद की कमी से लोग चिड़चिड़े हो रहे, इस गर्मी से अभी राहत की उम्मीद नहीं है। शनिवार को चरही का अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दोपहर 12 बजे तक कोयलांचल में कड़ी धूप निकली हुई थी, । धूप से तप रही है धरती अभी राहत का कोई उम्मीद की किरण नहीं दिख रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार कोयलांचल का तापमान अगले चार दिनों तक 42-43 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

## बिरसा बस स्टैंड जीर्णोद्धार कार्यों को लेकर डीसी ने किया निरीक्षण

# ससमय कार्य पूर्ण कर यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**बिरसा बस स्टैंड में यात्रियों के लिए होगी मूलभूत सुविधाएं: डीसी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रामगढ़।** डीएमएफटी के तहत रामगढ़ शहर के बिरसा बस स्टैंड में हो रहे जीर्णोद्धार कार्यों का शनिवार को डीसी माधवी मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने अब तक हुए कार्यों का जायजा लेने के क्रम में आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुये योजनाबद्ध तरीके से फाउंडेशन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। डीसी ने कार्य में लगे मानव संसाधन का जायजा लेने के क्रम में जिडको के अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लेने एवं गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए ससमय कार्य पूर्ण कर यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को कार्यों के दौरान सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर जिडको के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

### यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं

बहुप्रतिक्षित बिरसा बस स्टैंड रामगढ़ के जीर्णोद्धार के उपरांत यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं होगी। जिसमें, यात्रियों के लिए 2 और बस चालकों व अन्य कर्मियों के लिए होगी अलग से 1 डॉरमेट्री, दो रेस्तरां का होगा संचालन, क्लॉक रूम सहित अन्य सुविधाएं होंगी उपलब्ध, एक बार में 16 बसों के खड़े होने की होगी व्यवस्था, 12 अलग-अलग किओस्क का होगा निर्माण।

### क्लॉक रूम की सुविधा होगी उपलब्ध

जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत बिरसा बस स्टैंड में यात्रियों के लिए क्लॉक रूम की सुविधा उपलब्ध होगी, जहां यात्री अपने सामान को रखकर जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। इन सबके अलावा डीसी द्वारा गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को कई अन्य मूलभूत सुविधाओं के साथ विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

**विभिन्न राज्यों के लिए बिरसा बस स्टैंड से यात्री करते हैं सफर**

रामगढ़ शहर अपने आप में खास है। अगर बात की जाए तो शहर के बिरसा बस स्टैंड की तो प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग बसों से बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल सहित अन्य राज्यों तक का सफर करते हैं। डीसी ने जनता दरबार सहित विभिन्न माध्यमों से लोगों द्वारा बिरसा बस स्टैंड रामगढ़ में सुविधाओं की मांग पर डीसी ने विशेष ध्यान दिया। इस मामले को डीएमएफटी के न्यास परिषद में रखा गया। न्यास परिषद से अनुमोदन के उपरांत तीव्र गति से विभिन्न प्रक्रियाएं पूरी कर बिरसा बस स्टैंड जीर्णोद्धार परियोजना का शिलान्यास मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा किया गया है।


**SYMBIOSIS PUBLIC SCHOOL**
(AFFILIATED TO C.B.S.E, NEW DELHI UPTO 10+2)
Near-Toll Plaza, Bundu, Ranchi-835204, JHARKHAND
e.mail:symbiosisbundu@gmail.com www.symbiosispublicschool.com
For more detail contact -9835108162 / 9939339329

**TEACHERS REQUIREMENT**

PGT- English, Mathematics, Chemistry, Business Studies Qualification-Post Graduate in respective subject with B.Ed.
PGT- Computer Science Qualification-MCA
TGT- English, Mathematics, Social Science Qualification Graduation in respective subject with B.Ed.
Music, Art & Craft: Qualification-Graduation in respective subject

Note:- Interested candidates may send their CV on school E-mail id symbiosisbundu@gmail.com and come for an Interview on 08.06.2023 (Thursday) at 10:00 a.m. at Symbiosis Public School, Bundu, Ranchi.

**Admission Open for Class XI (Science & Commerce)**


## ड्रग्स कारोबार से जुड़े दो फरार अभियुक्तों को भुरकुंडा पुलिस ने भेजा जेल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ड्रग्स कारोबार से जुड़े दो फरारियो को गिरफ्तार कर भुरकुंडा पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजा है। जानकारी के अनुसार ड्रग्स बेचने के नामजद अभियुक्त गुड्डु गिरी व राहुल गिरी अक्टूबर 2022 से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर भुरकुंडा पुलिस ने सेंट्रल सौंदा स्थित उनके आवास से दोनों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पतरातू (भुरकुंडा) कांड संख्या 188/22, धारा 8/21बी/22बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनो अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा है। मामले पर ओपी प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि कोयलांचल में इन दिनों ड्रग्स का कारोबार काफी तेजी से बढ़ा है। इसमें ज्यादातर युवा नशा व पैसे कमाने के चक्कर में इस दलदल में फंस रहे हैं। दोनो अभियुक्तों के पकड़े जाने से इस कारोबार से जुड़े कई अन्य लोगों के पकड़े जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में ड्रग्स का कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। पुलिस इस कारोबार से जुड़े लोगों को पकड़ने के लिए लगातार छापामारी अभियान चला रही है। पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली और स्वच्छता अभियान





**चतरा (आजाद सिपाही)।** मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत प्रारंभिक दौर में 3 जून से 5 जून तक व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर समुदाय को प्रेरित करने वाले कार्यक्रम के तहत शनिवार को अम्बेदकर चैक से हेरूआ नदी छठ घाट तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली के हेरूआ छठ घाट पहुंचने के पष्चात उपविकास आयुक्त, एवं पुलिस अधीक्षक समेत अनेक उपस्थित पदाधिकारियों ने छठ घाट की साफ-सफाई किया एवं पौधरोपण कार्य किया गया। इस मौके पर उपविकास आयुक्त उत्कर्श गुप्ता, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उतरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा, डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, सिविल सर्जन श्यामनंदन सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, जिंला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## नगर परिषद द्वारा क्रिन्यावित विकास कार्यों की समीक्षा





**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय के सभागार में उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में नगर परिषद द्वारा किये जा रहे विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बाजार टांड में सब्जी मार्केट कॉम्पलेक्स, हेरूआ डैम का गहरीकरण, नयकी तालाब के जीर्णोद्धार समेत चल रहे अन्य कार्यक्रम की जानकरी दी तथा योजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाले समस्याओं की जानकारी भी दिया। इस दौरान डीडीसी ने सभी कार्य ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा कार्यान्वियन में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतू आवष्यक दिशा-निर्देश भी दिया। इस क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी ने यह भी जानकारी दिया कि स्वच्छ भारत मिशन लाइफ के तहत 6 रिडयुस, रियूज, रिसायकिल यानि 6 आरआरआर सेंटर खोले गये हैं। जहां पुराने कपडे, पुरानी किताबें, प्लास्टिक के सामान तथा जूते-चप्पल खरीदे जा रहे हैं। जिसे आरआरआर की व्यवस्था की जाती है। बैठक में राजस्व, सैरात बंदोबस्ती, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किये गये कार्यों की अद्यतन जानकारी लेते हुए नियमित रूप से राजस्व संग्रह करने का निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, सीटी मैनेजर रंजीत सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## ऑटो में बने तहखाने से 80 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त



**चतरा (आजाद सिपाही)।** वशिष्ठनगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के कटैया गांव से शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर ऑटो के तहखाने से 80 बोतल अवैध विदेशी शराब बरामद किया। इस संबंध में थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली कि कटैया गांव स्थित मुन्ना साहु के दरवाजे पर एक ऑटो में अवैध शराब लोड कर बिहार भेजने की तैयारी की जा रही है। जिसके सत्यापन के लिए थाना प्रभारी के अलावे सहायक अवर निरीक्षक रामपति कुम्हार एवं थाना के पुलिस जवानों ने मौके पर पहुंचकर ऑटो की तलाशी ली। इस दौरान ऑटो के तहखाने से इंपिरियल ब्लु कंपनी के 375 एमएल की 40 तथा 80 एमएल का 40 बोतल बरामद कर ऑटो एवं अवैध शराब को थाना लाया गया । मौका देख तस्कर फरार होने में सफल रहा। पुलिस द्वारा तस्कर के धर-पकड़ के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## इदरीश अंसारी हज के लिए रवाना



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** अमन शांति और खुशहाली की कामना को लेकर राहम गांव निवासी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो. ईदरीश अंसारी शनिवार को हज के लिये रवाना हो गये। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीणो ने बडी संख्या मे उन्हे विदायी दी।

## मगध संघमित्रा के पीओ बने आर के सिन्हा



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध संघमित्रा कोल परियोजना में फेर बदल का शीलशिला जारी है। शनिवार को सीसीएल की अधिसूचना के अनुसार भू-संपदा पदाधिकारी से हटाते हुये मगध संघमित्रा के नये पीओ आर के सिन्हा बनाये गये। वही सतनारायण साह मगध संघमित्रा के नये भूसंपदा पदाधिकारी बनाये गये। पीओ बने आर के सिंहा को मगध के नये जीएम नृपेंद्र नाथ समेत सीसीएल वरीय अधिकारी बधायी दिया।

# जुबिली कॉलेज में मना विश्व साइकिल दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुरकुंडा।** रिभर साईड स्थित जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइ 1 और 2 के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्वयंसेवको और विद्यालय और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विश्व साईकिल दिवस मनाया। इस अवसर पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तथा विनोवा भावे विश्व विद्यालय एनएसएस प्रकोष्ठ के निदेर्शानुसार साइकिल जागरूकता रैली भी निकाली गयी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा और कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बी रविदास ने बताया क अप्रैल 2018 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 जून को विश्व साईकिल दिवस मनाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य लोगों को साईकिल चलाने से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और पर्यावरणीय फायदों के बारे में जागरूक करना है। मौके पर प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने कहा कि आधुनिकता के इस अंधी दौड़ में साईकिल चलाना सिर्फ पर्यावरण के लिहाज से ही अच्छी नहीं बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि साईकिल चलाने से शरीर का वजन नियंत्रित रहता है और तनाव कम होता है। साथ ही फेफड़े तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबुत होता है। प्राचार्य श्री तिवारी ने कहा कि साईकिल चलाने से शारीरिक तंदुरूसती मजबुत होती है और इससे पर्यावरण भी प्रदूषित नहीं होता। कार्यक्रम में कराटे प्रशिक्षक सह कॉलेज के पूर्व छात्र नरेंद्र सिन्हा भी स्कूली बच्चों के साथ शामिल हुए। साईकिल जागरूकता रैली में शामिल बच्चे हिंग लगे ना फिटकरी रंग चोखा आए, साईकिल को अपनाना है पर्यावरण को बचाना है, करो साइकिल की सवारी कभी ना होगी कोई बीमारी का नारा बुलंद करते दिखें। मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपने जीवन शैली में रोजमर्रा के कार्यों के लिए साईकिल को अपनाने का सामुहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक द्वारिका प्रसाद, झरी मिस्त्री, प्रो. मनोज कुमार, कुन्दन झा, प्रो. मनोज प्रसाद, महावीर, कृष्णा, सोमनाथ, सुजल चंद्रवंशी, रागिनी, सोनी, बबलू, राजेश, अंजली, अर्पित, राज घोष, गुड्डु, संजय टुडू, शिवा डे, छोटन, सत्यप्रकाश, आशीष, सुमित, देवशंकर, गौरव, सौरभ, सागर, रूद्र प्रताप सिंह, तमन्ना, तनमय, दीपक शर्मा, आदर्श, आर्यण, हर्षित, तेजस्व, नादिर अख्तर आदि का विशेष योगदान रहा।

# सांसद की पहल पर आदिवासी युवक को मिला समुचित इलाज




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में चलाए जा रहे महासंपर्क अभियान के तहत शुक्रवार को सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा ट्रॉमा सेंटर का जायजा लिया था। इस दौरान सिन्हा को चाकूबाजी में गंभीर रूप से घायल दुसाध मोहल्ला निवासी शयाम मुंडा का आभाव और गरीबी के कारण उचित इलाज न मिलने की जानकारी मिली थी।

जिसे उन्होंने गंभीरता से लिया। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार को घायल युवक को उचित इलाज मुहैया करवाने का निर्देश दिया था। इस संबंध में मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की जानकारी मिलने के बाद सांसद ने सांसद कार्यालय से समन्वय स्थापित कर युवक के इलाज से जुड़ी हर मदद मुहैया करवाने की जिम्मेवारी मुझे सौपी। जिसके तहत मैने खुद घायल युवक को शनिवार को डॉ प्रभात कुमार, सर्जन डॉक्टर उदय से मिलकर इसका एक्सरे, अल्ट्रासाउंड सहित अन्य सुविधाएं मुफ्त मुहैया कराया। सीएस ने कहा है कि ऐसी घटनाओं पर कल्याण विभाग से मिलने वाली राशि की अनुशंसा करेंगे। पीड़ित युवक को आर्थिक मदद भी करेंगे।

जिसके लिए युवक की मां कालो देवी ने सांसद का आभार जताया। उन्होंने कहा है कि मैं अपने घायल बेटे के ईलाज के लिए पैसे के अभाव में भटक रही थी पर सांसद हमारी मदद कर हमे चिंतामुक्त किया।

### रेल हादसे में सहायता के लिए जिला प्रशासन ने किया हेल्पलाइन नंबर जारी

**चतरा (आजाद सिपाही)।** उडीसा के बालासोर जिले के बहानगा में बीते दो जून को हुए रेल हादसे में चतरा जिले के किसी भी जन की हताहत होने की सूचना देने के लिए जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। इस जिले के किसी की हताहत होने की सूचना मिलने पर उनकी सहायता के लिए अपने प्रखंड या अंचलाधिकारी से संपर्क स्थापित कर सकते हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा, मोबाइल नंबर 9304622453/776491566, हंटरगंज 8860559548/9508486569, इटखोरी 9798511031, कान्हाचट्टी 8709724336, कुंदा 8210876160, मयुरहंड 9431531382, प्रतापपुर 7091647906, गिद्धौर 9431309517, लावालौंग 8340546057, पत्थलगड्डा 9431798686 सिमरिया 7463886125 तथा टंडवा 9123251466 तथा अंचल अधिकारी का मोबाइल नंबर चतरा 8271987609 हंटरगंज 9431364208, इटखोरी 7482032046/9470359648 कान्हाचट्टी 8709724336, कुंदा 8210876160, मयुरहंड 9431531382, प्रतापपुर 7079923413 गिद्धौर 7667790569 लावालौंग 8340546057, पत्थलगड्डा 9431798686, सिमरिया 9431537106 तथा टंडवा 7903163763 ।

# रामगढ़-बोकारो मार्ग पर गोला के मगनपुर में भीषण सड़क दुर्घटना, दो की मौत, दो गंभीर

**चंदनक्यारी से तिलक समारोह में शिरकत कर छतर लौट रहे थे लोग**

**पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोला।** जिला के रामगढ़ गोला मार्ग पर मगनपुर में शनिवार की अहले सुबह तीन बजे के लगभग एक भीषण सड़क दुर्घटना में 2 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें अच्छे इलाज के लिए रांची भेजा गया है। रामगढ़ पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही इस दुर्घटना के बाद शादी समारोह परिवार में शोक व्याप्त हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रामगढ़ थाना क्षेत्र के छत्तर मांडू के रहने वाले देव कुमार सिंह के घर में लड़की की शादी को लेकर तिलक चढाने चंदनक्यारी लोग गए थे। चंदनक्यारी से लौटने के दौरान हुंडई कार गोला थाना क्षेत्र के मगनपुर में एक जेसीबी मशीन से टकरा गई। कार में बैठे पांच लोग में से 2 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।जबकि कार में सवार एक बच्चा सुरक्षित बच निकला है।

गोला पुलिस के अनुसार इस सड़क दुर्घटना में धनबाद के रहने वाले गौरव कुमार और छत्तर मांडू की रहने वाली रानी देवी का निधन हो गया है। वही इस दुर्घटना में सरोज देवी और हीरोज कुमार सगे भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों घायलों को प्राची के एक निजी अस्पताल में रखकर इलाज कराया जा रहा है। वहीं दुर्घटना में रानी देवी की मौत हो गई थी जिन का अंतिम संस्कार आज 3 जून को छत्तर मांडू में कर दिया गया। वहीं दुर्घटना में मारे गए गौरव कुमार का शव को रामगढ़ सदर अस्पताल में ही रखा गया है। उनके घर वालों के आने के बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दुर्घटना के बाद देव कुमार सिंह एवं क्षेत्र में उनके संबंधियों के बीच शोक का माहौल फैल गया है।

## पर्यावरण जागरूकता पर बच्चों के बीच की प्रतियोगिता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में सीसीएल संचालित डीएवी तोपा व आरा के बच्चो के बीच शनिवार को विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर पर्यावरण संरक्षण व जागरूकता आधारित विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता मे शामिल बच्चो ने पर्यावरण को लेकर अपने-2 विचारों को पटल पर रखा। वही, पर्यावरण विभाग कुजू क्षेत्र के अभिनव श्रीवास्तव के नेतृत्व में बच्चों के बीच स्लोगन, लेख लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। स्लोगन व लेख लेखन में 30- 30 बच्चे और पेंटिंग प्रतियोगिता में 33 बच्चों ने शामिल हुए। जबकि पर्यावरण संरक्षण को लेकर कैनवास पर उतरे गए पेंटिंग के जरिए बच्चों ने मानव समाज को एक बड़ा संदेश दिया। साथ ही, नोडल ऑफिसर पर्यावरण अभिनव श्रीवास्तव ने अभिभावकों व शिक्षकों से भी पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए अपना योगदान निभाने का आह्वान किया। मौके पर क्षेत्र के असिस्टेंट मैनेजर जियोलॉजी राजेश यादव, क्षेत्रीय सर्वे अधिकारी विद्याभूषण, कर्मी विवेक कुमार, गणेश कुमार, राहुल कुमार के अलावे डीएवी आरा व तोपा के शिक्षक मौजूद रहे।

## बंद चापाकल को कराया दुरुस्त



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीटीपीएस कटिया पंचायत स्थित रोड नंबर 08 महुआगढा टोला में लगभग 25 से 30 घरों में रह रहे सैकड़ों लोगों के समक्ष विगत पांच दिन पहले, पीटीपीएस शेष परिसंपत्ति द्वारा वहां वर्षो से पीटीपीएस के पाइप लाइन से हो रही जलापूर्ति को काट दिया गया था। जिससे वहां रह रहे सैकड़ों लोगों के समक्ष इस भीषण गर्मी में पानी की घोर समस्या उत्पन्न हो गई थी। जिसको लेकर वहां के लोगों की शिकायत पर शनिवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने पेयजल विभाग के अभियंता से बात कर लगभग 2 वर्षो से बंद पड़े एकमात्र चापाकल को दुरुस्त करवाकर जलापूर्ति चालू करायो पानी के वैकल्पिक व्यवस्था पाकर ग्रामीणो ने खुशी जाहिर करते हुए पटेल को धन्यवाद देने वालों में वार्ड सदस्य तेरूस देवी,मुकुंद पाहन, गीता देवी, ललिता देवी, प्रमिला देवी, राहुल, राजू सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल है।

## अनियंत्रित बोलेरो दुकान में घुसी, दो महिला घायल

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप बुलेरो अनियंत्रित होकर मेचिग सेंटर में जा घुसी। जानकारी अनुसार बोलेरो पतरातु की ओर से बाजार की ओर जाने के क्रम में परी मैचिंग सेंटर में जा घूंसा। जिससे दो महिला घायल हो गई। घायल महिला चिंतामणी देवी और जिया कुमारी तीन नंबर झोपड़ी निवासी को इलाज के लिए भुरकुंडा अस्पताल लाया गया। गंभीर स्तिथि को देखते हुए। भुरकुंडा डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रामगढ़ सादर अस्पताल रेफर कर दिया।

## सांडी में विद्युत विभाग कार्यशाला का आयोजन




**कुजू (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुजू द्वारा सांडी स्थित कुमार मैरिज हॉल में कर्मियो व ऊर्जा मित्रो के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कार्यपालक अभियंता नवलेश कुमार ने की। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विद्युत अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार और विशिष्ट अतिथि सहायक विद्युत अभियंता कुजू के हरिमोहन चौधरी और भुरकुंडा के रोहितास कुमार मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान मुख्य रूप से ओटीएस के अनुसार उपभोक्ताओं को मिलने वाली फ्री सौ यूनिट बिजली को जन जागरण के रूप में प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, आगामी चार जून को सभी विद्युत कार्यालय में पौधारोपण करने, लाइन मेंटेनेंस और मानसून से पूर्व लाइन से सटे पेड़ों की डाली की छटाई करने, उर्जा मित्रों को घर-घर जाकर विपत्र निर्गत करने और विपत्र देने सहित सुरक्षा के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने सभी ऊर्जा मित्र और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर 24 घंटे लगातार विद्युत आपूर्ति चाहिए तो उसके लिए सौ प्रतिशत उपभोक्ताओं का विपत्र का भुगतान हर महीने सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं को पांच आसान किस्तों में बिल जमा कर शुद्ध माफी का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने की बात कही। कार्यशाला के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी और ऊर्जा मित्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मौके पर कनीय विद्युत अभियंता पंकज जायसवाल, विनोद कच्छप, अजय कपरदार सहित कर्मी और ऊर्जा मित्र मौजूद थे।

# अमेरिका पर मंडरा रहा 'संकट' टला

अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन और स्पीकर केविन मैकार्थी के बीच बनी सहमति के अनुरूप पहले निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) ने और फिर ऊपरी सदन (सीनेट) ने कर्ज सीमा समाप्त करने का प्रस्ताव पारित कर दिया, जिससे दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर मंडरा रहा डिफॉल्टिंग का संकट टल गया है। कर्ज सीमा समाप्त होने को लेकर विशेषज्ञों ने सोमवार 5 जून की जो डेडलाइन बतायी थी, उसमें अभी भी दो दिन का वक्त है। लिहाजा, वैश्विक वित्तीय बाजार चैन की सांस ले सकता है। हालांकि न तो अमेरिका में विधायिका और कार्यपालिका के बीच इस तरह की तनातनी कोई नयी बात है और न ही इसका आखिरी पलों में आकर हल होना। लेकिन ऐसा तभी होता है, जब विधायिका में विपक्ष बहुमत में होता है और वह ऐसे मौकों का इस्तेमाल करते हुए सरकार को दबाव में लाकर अपनी कुछ बातें मनवाना चाहता है। वरना अक्सर यह सीमा बिना किसी शोर-शराबे और हील-हुज्जत के बढ़ायी जाती रही है। 1960 के बाद से अब तक यह 78 बार एडजस्ट की जा चुकी है। मगर विवाद के मौकों पर कड़ी सौदेबाजी के भी उदाहरण हैं। इस बार भी दोनों पक्षों के बीच तगड़ी सौदेबाजी हुई और जैसा कि राष्ट्रपति बाइडन ने कहा भी कि ऐसे मामलों में किसी भी पक्ष को सौ फीसदी हासिल नहीं होता। दोनों पक्ष थोड़ा-थोड़ा झुके तभी बीच की यह राह निकली, जिसे लेकर सांसदों का एक अति दक्षिणपंथी खेमा नाराज भी रहा, लेकिन उसके विरोध के बावजूद बिल पास होने में कोई बाधा नहीं आयी। पिछले कम से कम एक पखवाड़े से यह मुद्दा वैश्विक स्तर पर चर्चा में था और इसी वजह से पिछले महीने राष्ट्रपति बाइडन को ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तावित क्वॉड देशों की बैठक में शामिल होने का कार्यक्रम भी टालना पड़ा। हालांकि सभी विशेषज्ञ इस बात पर करीब-करीब एकमत थे कि गतिरोध दूर होना ही है, लेकिन फिर भी इसमें हो रही देरी पर अगर धड़कनें तेज होती जा रही थीं तो उसकी वजह यह थी कि इस अनिश्चितता के प्रभाव सिर्फ अमेरिका तक सीमित नहीं रहने वाले थे। भारत जैसे तमाम देश इसके प्रभाव की जद में आ रहे थे। ग्लोबल फाइनेंशल सिस्टम में अमेरिकी कर्ज बाजार और करंसी की अहम भूमिका को ध्यान में रखें तो यह स्वाभाविक था। आज दुनिया के विदेशी मुद्रा भंडार का 58 फीसदी डॉलर में है। दूसरे नंबर पर यूरो (20 फीसदी) आता है। ये रिजर्व अमेरिकी सिक्यॉरिटीज में लगाये जाते हैं, जिनमें से बहुत सारे सेफ असेट का मानक तय करते हैं। अमेरिकी डेट सिस्टम में विभिन्न देशों के निवेश का स्तर देखते हुए इस तरह की अनिश्चितता वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा बन जाती है। हालांकि फिलहाल इसका कोई इलाज भी नहीं है। दूसरे नंबर की इकॉनमी चीन है, जो ट्रस्ट के मामले में बहुत पीछे है। यानी अभी दुनिया को समय-समय पर आने वाली ऐसी अनिश्चितता के लिए तैयार रहना होगा।

**पिछले कम से कम एक पखवाड़े से यह मुद्दा वैश्विक स्तर पर चर्चा में था और इसी वजह से पिछले महीने राष्ट्रपति बाइडन को ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तावित क्वॉड देशों की बैठक में शामिल होने का कार्यक्रम भी टालना पड़ा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आबादी में चीन से आगे पहले पायदान पर पहुंचा भारत दुनिया के कारोबार बाजार में 13वें स्थान पर है जबकि 12.5 प्रतिशत हिस्सेदारी से चीन पहले पायदान पर काबिज है। एक्सपोर्ट कारोबार को रफ्तार देने के लिए एक अप्रैल 2023 से लागू हुई नयी विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) के तहत 2030 तक एक्सपोर्ट कारोबार 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर करने का लक्ष्य है।**

# विदेश व्यापार नीति में 'इंडस्ट्रीज ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस' पर ध्यान देना जरूरी

**डॉ अमृत सागर मित्तल**

किसी भी देश के आर्थिक विकास में एक्सपोर्ट की बड़ी अहमियत होती है। कोविड-19 के बाद दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे भारत को अभी दुनिया के एक्सपोर्ट कारोबार में अपनी हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से आगे बढ़ाने का सफर तय करना है।

आबादी में चीन से आगे पहले पायदान पर पहुंचा भारत दुनिया के कारोबार बाजार में 13वें स्थान पर है जबकि 12.5 प्रतिशत हिस्सेदारी से चीन पहले पायदान पर काबिज है। एक्सपोर्ट कारोबार को रफ्तार देने के लिए एक अप्रैल 2023 से लागू हुई नयी विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) के तहत 2030 तक एक्सपोर्ट कारोबार 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर करने का लक्ष्य है। इस नीति के लागू होने से उम्मीद की जा रही है कि भारत एक्सपोर्ट हब के रूप में उभरेगा। नयी एक्सपोर्ट नीति में अभी कई सारे सुधार करने की जरूरत है। पुरानी विदेश व्यापार नीतियों की तर्ज पर नयी नीति में भी 4 नये 'टाऊन ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस' (टीइइ) जोड़े जाने से देशभर में अब 43 टाऊन ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस हो गये हैं। 766 जिलों के देश में केवल 43 टाऊन ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस वैश्विक बाजारों में पहुंच बढ़ाने के लिए इंपोर्ट ड्यूटी में माफी व कुछेक वित्तीय प्रोत्साहन दिये जा रहे हैं। ऐसे पक्षपाती फैसले केंद्र सरकार के 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के प्रयासों को कमजोर करते हैं।

**766 जिलों के देश में केवल 43 टाऊन ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस वैश्विक बाजारों में पहुंच बढ़ाने के लिए इंपोर्ट ड्यूटी में माफी व कुछेक वित्तीय प्रोत्साहन दिये जा रहे हैं।**



**विदेश व्यापार नीति की टाऊन ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस स्कीम को हेंडीक्राफ्ट, होजरी, हेंडलूम और गारमैंट्स तक सीमित रखने की बजाय इंडस्ट्री ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलैंस (आइइइ) पर केंद्रित करने की जरूरत है। ऐसे उद्योगों की पहचान और उन्हें प्रोत्साहन जरूरी है, जो 2030 तक दुनिया के एक्सपोर्ट बाजार में भारत की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से बढ़ा कर 10 प्रतिशत तक ले जाने की क्षमता रखते हों।**

इसलिए कारगर विदेश व्यापार नीति के लिए एक सामूहिक दृष्टिकोण अपनाये जाने की जरूरत है। इसमें उन औद्योगिक समूहों को शामिल किया जाना चाहिए, जिनमें एक्सपोर्ट कारोबार बढ़ाने की अपार क्षमता है। विदेश व्यापार नीति की टाऊन ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस स्कीम को हेंडीक्राफ्ट, होजरी, हेंडलूम और गारमैंट्स तक सीमित रखने की बजाय इंडस्ट्री ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलैंस (आइइइ) पर केंद्रित करने की जरूरत है। ऐसे उद्योगों की पहचान और उन्हें प्रोत्साहन जरूरी है, जो 2030 तक दुनिया के एक्सपोर्ट बाजार में भारत की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से बढ़ा कर 10 प्रतिशत तक ले जाने की क्षमता रखते हों। इनमें कपड़ा एवं परिधान, ऑटो पार्ट्स, इंजीनियरिंग गुड्स, ट्रैक्टर, साइकिल, हैंड एवं मशीन टूल्स व खेती उत्पादों में बासमती चावल, फल एवं सब्जियों के अलावा डेयरी एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने से कारोबारियों के साथ किसानों को भी लाभ मिलेगा।

**एक्सपोर्ट कारोबार में हिस्सेदारी व संभावनाएं :** बासमती : वैश्विक बाजार में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ, भारत बासमती चावल का प्रमुख एक्सपोर्टर है, जिसमें पंजाब का 45 प्रतिशत योगदान है। नये वैश्विक बाजारों में विस्तार के लिए गैर-बासमती की तरह बासमती का कारोबार बढ़ाने की बहुत गुंजाइश है। 2021-22 के दौरान 39.50 लाख टन बासमती चावल के एक्सपोर्ट से भारत ने 26,417 करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा अर्जित की थी, जबकि इसी अवधि में 72 लाख टन गैर-बासमती चावल एक्सपोर्ट से 45652 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था।

**ट्रैक्टर :** सालाना 30 लाख ट्रैक्टरों के वैश्विक बाजार में भारत साल में 10 लाख से अधिक ट्रैक्टरों का उत्पादन करता है। 16 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ जर्मनी ट्रैक्टरों के एक्सपोर्ट में सबसे आगे है, जबकि भारत की हिस्सेदारी सिर्फ 2.2 प्रतिशत है। 2022 में करीब 9 लाख ट्रैक्टर घरेलू बाजार में बेचे गये, जबकि 1.31 लाख ट्रैक्टरों का एक्सपोर्ट किया गया, जिसमें 34 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सोनालीका देश की सबसे बड़ी ट्रैक्टर एक्सपोर्टर कंपनी है। अमेरिका, ब्राजील, अर्जेंटीना, तुर्की, सार्क और अफ्रीकी देशों में एक्सपोर्ट और बढ़ाने की संभावना है। 2025 तक भारत से सालाना 2 लाख से अधिक ट्रैक्टर एक्सपोर्ट हो सकते हैं।

**ऑटो पार्ट्स और इंजीनियरिंग गुड्स :** जर्मनी, चीन, अमरीका, जापान और मैक्सिको की ऑटो पार्ट्स एक्सपोर्ट बाजार में 54 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ऑटोमोबाइल कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के मुताबिक देश में 5.10 लाख करोड़ के ऑटो पार्ट्स और इंजीनियरिंग सामान के कारोबार में से 25 प्रतिशत एक्सपोर्ट होता है, जबकि दुनिया के बाजार में हिस्सेदारी 11 प्रतिशत है। स्थानीय मूल उपकरण निमार्ताओं (ओइएम) और आफ्टर मार्केट सगमेंट में मजबूत अंतर्राष्ट्रीय मांग से भारतीय ऑटो पार्ट्स उद्योग का कोराबार बढ़ने की उम्मीद है।

**आगे की राह :** लोकल गोज ग्लोबल के लिए एक्सपोर्ट क्षमता वाले उत्पादों एंव सेवाओं की पहचान करके न्यू इंडिया को नए लक्ष्य तय करने की जरूरत है। वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट स्कीम के तहत जिला स्तर पर एक्सपोर्ट बढ़ाने वाली औद्योगिक इकाइयों की पहचान की जाये। दूर-दराज के जिलों के एमएसएमइ का एक्सपोर्ट कारोबार बढ़ाने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, बल्कि पिछड़े इलाकों में भी रोजगार के लाखों नये अवसर पैदा होंगे।

**(लेखक कैबिनेट मंत्री रैंक में पंजाब इकोनॉमिक पॉलिसी एवं प्लानिंग बोर्ड और सोनालीका के वाइस चेयरमैन हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# पूर्व सीएम ने ट्रेन हादसे पर गहरा शोक जताया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने बालासोर ट्रेन हादसे पर गहरा दुख प्रकट की। उन्होंने शुक्रवार की शाम हुए ट्रेन हादसे के बाद रेलवे द्वारा चलाये जा रहे राहत और बचाव कार्य पर संतोष प्रकट की। उन्होंने कहा हादसे के तुरंत बाद रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष का बालासोर रवाना होना इनकी संवेदनशीलता को दशार्ता है। उन्होंने हादसे में हताहत हुए लोगों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्घटनाओं में हताहत लोगों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि से परिजनों के दुखों को कम तो नहीं किया जा सकता, लेकिन केंद्र सरकार के पीएम राहत कोष से और रेलवे की ओर से जो अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गयी है वह अभिनंदनीय है। ट्रेन हादसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की सहृदयता और सक्रियता का कायल हूं।

# मानगो फ्लाइओवर का टेंडर निकलने पर लड्डू का वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रयास से मानगो फ्लाईओवर का टेंडर निकलने की खुशी में मानगो चौक और बाजार में लड्डू का वितरण किया गया। शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में सड़क से गुजरने वाले सभी लोगों के बीच लड्डू का वितरण किया गया। मौके पर मौलाना अंसार खान ने कहा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रयास से मानगो फ्लाईओवर बनने जा रहा है। स्थानीय लोगों को फ्लाईओवर बनने से काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भाजपा सरकार में शहर के दो मुख्यमंत्री होने के बावजूद मानगो में फ्लाईओवर का काम नहीं किया गया। अब मानगो में रहने वाले छात्र छात्राओं को स्कूल, कॉलेज जाने व मरीज को समय पर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा टेंडर निकलने के बाद शहर वासियों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिला।

# दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** ऑटो क्लस्टर स्थित सभागार में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शनिवार को उपायुक्त अरवा राजकमल के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, जिला परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती मधुश्री महतो, जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जिला योजना पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सभी जिला परिषद सदस्य, सभी प्रखंड प्रमुख, जेएसएलपीएस के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त और सभी पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर पावर पॉइंट प्रजेटेशन के माध्यम से जानकारी साझा की गयी। कार्यक्रम के दौरान सरायकेला खरसावां जिला के उपस्थित 7 प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंट एजेंसीस द्वारा उनके ट्रेनिंग सेंटर का संचालन, ट्रेड और प्लेसमेंट के बारे में जानकारी दी गयी। वही नामांकन लेने हेतु सभी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गयी। वही दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत चयनित लाभुक एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मिशन सोय, पूजा तांती, दीपाली कुमारी तथा दुर्गा महतो के द्वारा अपना सफलता की कई कहानी बताई गईं। मौके पर उपायुक्त अरवा राजकमल ने कहा यह योजना राज्य सरकार के प्रमुख योजनाओं में से एक है। योजना के तहत विभिन्न क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार स्वरोजगार स्व जोड़ने की ओर कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा इस योजना के तहत 18 साल से 35 साल तक के महिला या पुरुष को विभिन्न क्षेत्र में 3 महीने से लेकर 1 साल तक के गारंटी के साथ रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा योजना के तहत बीते साल 356 युवा युवतियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ा गया था। इस वर्ष 630 का लक्ष्य है। इससे अधिक बच्चों को रोजगार से जोड़ने हेतु कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा जिले में 16 एजेंसी कार्य करने के लिए तैयार है। जल्द ही सभी प्रखंडों में इच्छुक छात्र-छात्राओं की सूची तैयार की जाएगी। ताकि उनके स्वेच्छा से आवश्यकता अनुसार उन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके। उपायुक्त ने कहा इच्छुक महिलाएं जो रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ना चाहती हैं वह आगे आकर इस योजना का लाभ लें। दूसरों को भी इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करें।

# पुलिस ने चोरी के सामान के साथ तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** कुचाई थाना अंतर्गत चाकी घाटी के समीप सड़क निर्माण में क्रॉस बैरियर का काम चल रहा था। बीते दिनों अज्ञात अपराध कर्मियों के द्वारा क्रॉस बैरियर में लगे सामानों की चोरी कर ली। जानकारी मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। शनिवार को वरीय पदाधिकारियों के आदेशानुसार छापामारी दल का गठन कर अज्ञात अपराध कर्मियों को चिन्हित करते हुए उनके संभावित ठिकानों पर छापामारी की गयी। सरायकेला अंचल के पुलिस निरीक्षक राम अनूप महतो ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में तमाड़ थाना अंतर्गत रड़गांव गुमला के रहमत नगर निवासी 26 वर्षीय मोहम्मद आसिफ, पश्चिम बंगाल मुर्शिदाबाद बेलडांगा बागानपाड़ा महीयमपुर निवासी 22 वर्षीय मंटू शेख और 24 वर्षीय जबरुल शेख को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । उनके निशानदेही पर चोरी किये सामानों को बरामद कर लिया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त महिंद्रा बोलेरो पिकअप वैन, 12 पीस चोरी गए क्रॉस बैरियर में लगे पोट, 31 पीस कटे हुए छोटे बड़े प्रोफाइल और पांच पीस स्पेशल पुलिस ने जब्त कर लिया। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक राम अनूप महतो, कुचाई थाना प्रभारी विष्णु चरण भोगता, हरिश्चंद्र तिरवार, विभास कुमार चौधरी, हवलदार बिरसा मुंडा, आरक्षी आजाद कुमार सावैंयां, तिरवन सिंकु,अरविंद कुमार मेहता और दुर्गा केराई शामिल रहे।

# कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मजदूरों की हड़ताल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टिमकेन कंपनी प्रबंधन के द्वारा बीते दिनों ड्यूटी के दौरान दुर्व्यवहार करने का मामला प्रकाश में आया है, जिसको लेकर सभी मजदूर आक्रोशित हो गये। रात्रि पाली से हड़ताल शुरू कर सभी घर वापस लौट गए थे। इस मामले में लिखित शिकायत लेकर सभी डीएलसी से मुलाकात कर परेशानियों से अवगत कराया। कंपनी के एचआर दिनेश सिंह को फोन कर वार्ता में आने के लिए अपील की। लेकिन कंपनी प्रबंधन ने रुचि नहीं लिया। वार्ता असफल होने के पश्चात तमाम श्रमिकों ने एसडीओ पीयूष कुमार से मुलाकात कर घटनाओं से अवगत कराया। उन्होंने आश्वासन दिया सोमवार को प्रबंधन से वार्ता की जायेगी। आश्वासन मिलने के बाद मजदूरों में न्याय के प्रति आस जगी है।

# डकरा में सीटू की हुई बैठक में रैली में शामिल होने का निर्णय




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** छह जून को श्रम बिभाग कार्यालय रांची के समक्ष होने वाले रैली को लेकर डकरा स्थित सीटू यूनियन कार्यालय मे बैठक हुयी। बैठक में सीटू के एन के एरिया और मगध संघमित्रा एरिया के सदस्यों की एक बैठक शैलेन्द्र सिंह के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई संचालन शैलेश कुमार ने किया ।बैठक मे निर्णय लिया गया कि एन के और मगध क्षेत्र के सभी यूनिटो से कम से कम दो गाड़ी यानि 50 से 60 लोग अपने अपने ब्रांचो का झंडा बैनर लेकर रैली मे भाग लेंगे । सभी साथी अपने अपने सुरक्षित वाहन से डकरा यूनियन कार्यालय से एक साथ एक कार जुलुस के रूप मे डकरा से रांची की ओर रवाना होंगे तथा 11 बजे तक हर हाल मे डोरंडा कॉलेज के पास पहुंच जाएंगे । उपस्थित सभी साथियों ने कोल इंडिया के 3 प्रतिशत शेयर बेचने के बिरोध मे रोष प्रकट करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की ।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## टैंकर के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, लोगों ने रोड जाम किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा-शाहपुर रोड में गढ़वा थाना क्षेत्र के हूर मोड़ के समीप शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में असलम खान 25 वर्ष पिता असरुद्दीन खान की मौत हो गयी। मृतक गढ़वा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव का रहने वाला था। असलम खान अपनी मोटरसाइकिल से गढ़वा से घर जा रहा था। इस दौरान एक तेल टैंकर ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। इससे असलम खान की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि टैंकर चालक गाड़ी को छोड़कर वहां से फरार हो गया। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गढ़वा-शाहपुर रोड को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे गढ़वा के बीडीओ कुमुद कुमार झा एवं गढ़वा थाना प्रभारी केके साहू ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया।

## श्री रामानुजाचार्य सहस्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव की तैयारी पूरी

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** विंध्य क्षेत्र अंतर्गत श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे-जतपुरा गांव में श्री रामानुजाचार्य सहस्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव एवं श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में चल रही है। श्रीश्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज का संकल्पित चातुर्मास्य व्रत एवं पूज्य पाद स्वामीजी महाराज का आगमन 4 जून को होगा। श्री बंशीधर नगर से करीब दो दर्जन श्रद्धालु गढ़वा रोड स्टेशन पर स्वामीजी के दर्शन व स्वागत के लिए उपस्थित रहेंगे। गढ़वा रोड़ से स्वामीजी महाराज पलामू के भजनिया गांव में आयोजित एक यज्ञ में शामिल होंगे। ततपश्चात 1 बजे भजनिया से श्री बंशीधर नगर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## प्रशासनिक एवं अनुशासनिक समिति की बैठक



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** पारा शिक्षकों की 4 फीसदी मानदेय बढ़ोतरी को लेकर बीआरसी भवनाथपुर में प्रखंड के सभी पंचयत के पंचायत स्तरीय प्रशासनिक एवं अनुशासनिक समिति की बैठक संपन्न हुई ।उपस्थित समिति सदस्यों द्वारा पारा शिक्षकों द्वारा उक्त मामले में दी गयी प्रपत्र को हस्ताक्षरित कर सेवा संपुष्ट किया गया। बीआरसी लेखपाल प्रदीप शुक्ला ने बताया कि पारा शिक्षकों के मानदेय में 4 फीसदी वार्षिक बढ़ोतरी बैठक में प्रखंड के बनसानी, पंडरिया एवं मकरी पंचायत के मुखिया द्वारा ही अभी तक हस्ताक्षर किये गये हैं। उक्त पंचायत के जितने पारा शिक्षकों द्वारा फार्मेट भर कर दिया गया था, उतना का ही सेवा संपुष्टि किया गया है।

## झामुमो अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम की अध्यक्षता में बैठक



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत राज पंचायत की समस्याओं को लेकर अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक कैसे पहुंचे एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त करें, इस पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। बैठक में राशन पेंशन ,आवास, शिक्षा, सड़क पेयजल सहित तमाम बुनियादी सुविधाओं से वंचित लोगों की प्रशासनिक संस्कृति के लिए सूची तैयार की गयी। वहीं बरसात के मौसम में विद्यालय तक पहुंचने के लिए सड़कों की अनुपलब्धता को देखते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिलकर अवगत कराने की बात आफताब आलम ने कही। इस अवसर पर सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी , पंचायत अध्यक्ष संतोष ठाकुर, पंचायत सचिव विनय भुईया, मुखिया प्रतिनिधि हेमंत पासवान, नरेश सिंह, दीपक प्रजापति, सुरेंद्र भुईया, नागेंद्र, नंदू, बनवारी राम, सुरेंद्र राम, शंकर सिंह, रफीक अंसारी, राजन सिंह, संजय सिंह मौजूद थे।

## 22 सेट सोलर लैंप बांटा गया



**भंडारिया (आजाद सिपाही)।** परभन बाबा मंदिर के प्रांगण में खेरवार आदिवासी एकता संघ के तत्वावधान में खरवार आदिवासी लोक संघ के संघ प्रमुख कुंवर सिंह की पहल पर प्रदेश अध्यक्ष अरबिंद सिंह ने पहल करते हुए भंडरिया प्रखंड इकाई खरवार लोक संघ के प्रखंड अध्यक्ष देव नारायण सिंह कोषाध्यक्ष गोबिंद सिंह सचिव मनोज सिंह द्वारा बरगढ़ प्रखंड वीर शहीद निलंबर पीतांबर चमो सन्या गांव के वंशजों को 22 सेट सोलर लैंप बाटा गया है। इस मौके पर शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह आनंदी सिंह जवाहिर सिंह बिरजू सिंह मुखिया विनय सिंह बीरेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## साइकिल रैली का किया गया आयोजन



**गढ़वा।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र संगठन गढ़वा के तत्वावधान में शनिवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान गढ़वा जिला मुख्यालय में युवा क्लब एवं प्रगति महिला मंडल के सदस्यों के साथ हनुमान नगर सहिजना से साईकिल रैली निकाली गयी। इस दौरान जानकारी देते हुए नेहरू युवा केंद्र के प्रभारी जिला युवा पदाधिकारी सह लेखापाल चार्ल्स बोदरा नें रैली की उद्देश्य को लोगों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहरु युवा केन्द्र के एमटीयस रमेश कुमार, समाजसेवी राजेन्द्र पाल, स्वयंसेवक खुशबू कुमारी, सूफिया खातून, रानी कुमारी, अंजनी कुमारी,मंगलेश यादव, धनंजय यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# अधिकारियों ने अवैध रूप से संचालित चदरा चिमनी ईंट भट्ठा को किया ध्वस्त

राजू सिंह



**विशुनपुरा गढ़वा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमहर गांव के पचफेड़ी टोला बाकी नदी स्थित अवैध रूप से संचालित चदरा चिमनी ईंट भट्ठा को खनन पदाधिकारी नंददेव बैठा एवं अंचलाधिकारी निधि रजवार ने ध्वस्त कर दिया। मौके पर अंचलाधिकारी निधि रजवार ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध ढंग से संचालित चिमनी ईंट भट्ठा के खिलाफ विशेष अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि दो चदरा वाले इस चिमनी भट्ठा में भट्ठा मालिक के द्वारा आग लगायी गयी थी, जिसे ध्वस्त किया गया है। थाना क्षेत्र में अवैध चिमनी भट्ठा को किसी भी परिस्थिति में चलने नहीं दिया जायेगा। इस अवैध कारोबार के जरिए सरकार को भारी राजस्व की क्षति पहुंचायी जा रही थी। उन्होंने बताया कि यह 501 मार्का चिमनी भट्ठा गढ़वा के सुनील कुमार मेहता पिता कृष्णा महतो का बताया जा रहा है।

अवैध रूप से संचालित 501 चिमनी भट्ठा को पदाधिकारी के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। भट्ठा स्थल पर लगभग 10 लाख इट भट्ठा मालिक के द्वारा स्टॉक कर रखा गया है। स्टॉक इट को जब्त कर कारवायी करने की बात पर खनन पदाधिकारी नंददेव बैठा ने कहा कि कोर्ट का चक्कर लगाना पड़ता है। इसलिए भट्ठा पर कानूनी कारवायी नही करेंगे। उन्होंने मौके पर अपनी बचाव करते हुए सीओ को कारवायी करने के लिए कहा है। मालूम हो कि अमहर बाकी नदी स्थित संचालित चिमनी इट भट्ठा को 2 वर्ष पूर्व भी ध्वस्त किया गया था। इट भट्ठा ध्वस्त कर सभी इट को जब्त करते हुए संचालक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज भी करायी गयी थी, लेकिन इस बार भट्ठा मालिक पर कोई कार्रवाई नही किये जाने पर खानापूर्ति कर लिए जाने की चर्चा जोरों पर है।

वहीं अंचलाधिकारी निधि रजवार द्वारा एक के बाद एक बड़ी कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। एक महीने पूर्व ही अंचलाधिकारी ने पिपरी कला बालू घाट से अवैध बालू उत्खनन कर रहे हैं। सात ट्रैक्टर को पकड़ कर अवैध कारोबारियों के कमर तोड़ दी थी। इसके बावजूद भी अवैध कारोबारी बेखौफ होकर कारोबार करने में लगे हुए हैं।

## न्यूटन कंप्यूटर क्लासेस के डायरेक्टर ने टॉपर छात्रा अनुष्का को किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पुरानी हॉस्पिटल पोस्ट ऑफिस के बगल में स्थित न्यूटन कंप्यूटर क्लासेस के डायरेक्टर अमित कुमार मेहता के द्वारा अपने संस्थान में ओरियंटेशन प्रोग्राम ऑर्गेनाइज करवाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विकास सर को आमंत्रित किया गया। वहीं ओरियंटेशन प्रोग्राम क्लास में मुखदेव हाई स्कूल +2 की इंटरमीडिएट ऑफ आर्ट्स में स्कूल टॉपर सहित गढ़वा जिला में द्वितीय टॉपर रही नागेंद्र दुबे की पुत्री अनुष्का कुमारी को विकास सर और संस्थान के डायरेक्टर अमित कुमार मेहता द्वारा मेडल, शील्ड और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट में 434 अंक हासिल कर सेकेंड जिला टॉपर रही अनुष्का कुमारी यूपीएससी की पढ़ाई कर कलेक्टर बनना चाहती हैं। वहीं अनुष्का के के पिता नरेंद्र दुबे ने बताया कि बेटी अनुष्का शुरू से ही मेधावी रही है। उसने नौवीं और 10वीं की पढ़ाई प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय मझिआंव से की है।

वहीं ओरियंटेशन क्लास प्रोग्राम के मुख्य अतिथि विकास सर द्वारा छात्र-छात्राओं को अपने करियर से संबंधित तैयारी, कंप्यूटर और तकनीकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने, आगामी पढ़ाई मैं विषय के चयन, और पढ़ाई से जुड़ी हुई समस्याओं का समाधान बताकर उनका मार्गदर्शन किया और सफल होने की सुभकामनाएं दी।

## भाजयुमो गढ़वा जिला कार्यसमिति की संगठनात्मक बैठक हुई

# युवाओं को संगठित होना होगा : किसलय तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजयुमो गढ़वा जिला कार्यसमिति संगठनात्मक बैठक जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता संगठन के रिढ़ होते हैं। गढ़वा जिला के युवाओं को संगठित होना होगा, तभी झारखंड को लुटने से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपने नौ वर्षों के कार्यकाल में जनहित में कई योजनाएं चलायीं, जिसका सीधा लाभ आम आदमी को मिला है। भाजपा कार्यकर्ता मोदी सरकार की योजना के बारे में लोगों को जानकारी देने का काम करें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता दुबारा मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं के उत्थान के लिए काम किया है। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने लिए नहीं देश राष्ट्र के लिए संकल्पित हो कर काम करते हैं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजयुमो संगठन को गढ़वा के एक एक मंडल में मजबूत करते हुए बुथ स्तर पर संगठन मजबूत किया जायेगा। उन्होंने कहा की बूथ स्तर पर 20 युवाओं का टीम तैयार किया जायेगा। संचालन जिला महामंत्री संजय कमलापुरी एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान ने किया।

# बैंक का ब्रांच खोलने को लेकर डीसी ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला में तीन हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांवों में ब्रिक एवं मोर्टार ब्रांच खोलने को लेकर आज उपायुक्त शेखर जमुआर ने कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त, राजेश कुमार राय, जिला अग्रणी प्रबंधक, इंदु भूषण लाल समेत सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक एवं आइडीबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक संग बैठक किया। बैठक में उपायुक्त ने सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में तीन हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांव में बैंक शाखा खोलने को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा किया।सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि रमना के हरदाग कलां में ब्रांच खोलना प्रस्तावित है, जिसे लेकर स्थान चिन्हित किया जा रहा है। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी रमना से समन्वय बनाते हुए जल्द स्थान चिन्हित कर बैंक ब्रांच खोलने की दिशा पर अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में आईडीबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि कांडी प्रखंड के रमना-कांडी रोड में बैंक ब्रांच खोलना प्रस्तावित है, जिसे लेकर स्थान चिन्हित करने समेत अन्य आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। इसी प्रकार यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि केतार प्रखंड के प्रति कुशवानी क्षेत्र में बैंक ब्रांच खोलना प्रस्तावित है, जिसे लेकर स्थान चिन्हित कर नेटवर्क प्रोवाइडर टीम द्वारा समीक्षा की जा रही है एवं जल्द उक्त क्षेत्र में बैंक ब्रांच का अधिष्ठापन किया जायेगा। उपायुक्त ने बैंक ब्रांच खोलने हेतु आ रहे समस्याओं को भी साझा करने को कहा, जिससे उन समस्याओं को दूर कर जल्द बैंक ब्रांच का अधिष्ठापन किया जा सके।

# चंदा देवी को कल सौंपी जायेगी उनकी खोयी बच्ची

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में गुरुवार को एक अज्ञात महिला द्वारा हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के कवलदाग निवासी कुंती देवी पति शिवनाथ पासवान को को दुधमुंहा बच्ची देकर फरार हो गयी थी। उक्त बच्ची को खरौंधी प्रखंड के चौरिया निवासी चंदा देवी पति प्रमोद पटेल ने अपनी बच्ची होने का दावा बाल कल्याण समिति गढ़वा के समक्ष किया है। इस संदर्भ में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रणव कुमार ने बताया कि चंदा देवी नाम की महिला अपने परिजनों के साथ आयी थी, उसने उक्त बच्ची को अपनी बच्ची होने का दावा किया है। इस मामले में जांच की जा रहा है। जांच उपरांत सत्य पाये जाने पर उक्त महिला को बच्ची सौंपा जायेगा।

खरौंधी प्रखंड के चोरिया निवासी चंदा देवी के पति प्रमोद पटेल ने बताया 12 मई 2023 को कुपा उप स्वास्थ्य केंद्र में हमारी बच्ची का जन्म हुआ था। बीते बुधवार को सर्दी खांसी होने पर नगर उंटारी सिटी हॉस्पिटल में इलाज कराने ले गए थे, जहां इलाज के बाद अपनी पत्नी को मायके हनुमंता छोड़ दिये थे कि दूसरे दिन जाकर इलाज कराना और हम अपने घर चौरिया आ गए थे। गुरुवार को हमारी पत्नी बच्ची को लेकर सिटी हॉस्पिटल गयी थी, जहां उसे सर दर्द चक्कर और उल्टी होने लगा। इसी कारण वह बेहोश हो गयी थी। इसी दरमियान कवलदाग की महिला बच्ची को लेकर फरार हो गयी, जब हमारी पत्नी को होश आया, तो काफी खोजबीन के बाद बच्ची का पता नहीं चला, तो शुक्रवार की शाम नगर उंटारी थाना में गये थे, जहां से बताया गया कि आपकी बच्ची गढ़वा बाल कल्याण समिति के पास है। शनिवार को गढ़वा गये थे, जहां बताया गया कि सोमवार को जांच उपरांत बच्ची को सौंपा जायेगा।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में आज उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में जल वायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव एवं इसके उन्नमूलन हेतु विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु चर्चा की गयी। बैठक में सिविल सर्जन, डॉ अनिल कुमार एवं नुमेरोलॉजिस्ट डॉ संतोष कुमार द्वारा एनपीसीसीएचएच विषय पर विभागों के दायित्व को बताया गया। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के कारण होने वाले विभिन्न बीमारियों के उन्मूलन के बारे में भी चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में कृषि उत्पाद पर जलवायु परिवर्तन, शहरी क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी, साफ सफाई पर ध्यान समेत अन्य विषय पर भी चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त, राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन, सिविल सर्जन गढ़वा, डॉ अनिल कुमार उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,कोडरमा**

**प्रेस-विज्ञप्ति**

इस कार्यालय के पत्रांक–513 दिनांक–20.05.2023 द्वारा प्रकाशित ई–निविदा सूचना सख्या–WRD/MID/KODERMA/F2-08 Date-20.05.2023 जो प्रखंड चन्दवारा के मंसूरा आहर के जीर्णोद्धार से संबंधित है, जिसका पी0आर0 न0–297921 Minor Irrigation (2023-24)D है, अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
कोडरमा

PR 299087Minor Irrigation(23-24)#D



**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (समाज कल्याण शाखा)**

इच्छा की अभिव्यक्ति

**(Expression of Interest)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत 15(पन्द्रह) आंगनबाड़ी केन्द्रों को जिला योजना अनाबद्ध निधि से मॉडल बनाया जाना है। उक्त के निमित् इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा। मॉडल बनाने के निमित आवश्यक कार्य/सामग्री सूची संलग्न।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति **(Expression of Interest)** का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक– 16 /06/2023 को पूर्वाह्न/अपराह्न 12:00 बजे तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक– 16/06/2023 को 03:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में खोला जायेगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
कोडरमा

PR 299097 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D



**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक.................. दिनांक..................................

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल योजना के घटक के तहत् कार्यालय के पत्रांक 542, दिनांक 01.04.2022 को शहरी फुटपाथ विक्रेताओं हेतु बाजार टांड स्थित वेंडिंग जोन का आवंटन किया गया था। तथा प्रायः यह देखा गया है कि दुकान सं0 – 03, 04, 05, 06, 07, 09, 10, 11, 12, 15, 17, एवं 18 के द्वारा उक्त वेंडिंग जोन में आवंटित स्थल पर व्यवसाय नहीं किया जा रहा है जिस हेतु पुनः उक्त वेंडिंग जोन में दुकानों का आवंटन पुनः किया जा रहा है। जिसमें खूँटी नगर पंचायत के द्वारा सर्वेक्षण सूची में शामिल वैसे शहरी फुटपाथ विक्रेता जो वार्ड न0 – 14, 15, 16 एवं 17 फुटपाथ पर व्यवसाय कर रहे हैं और जिन्हें नगर पंचायत, खूँटी द्वारा निबंधित फुटपाथ विक्रेता का प्रमाण पत्र दिया गया है। निम्न दस्तावेज के साथ दिनांक 05.06.2023 से 19.06.2023 तक कार्यावधि के दौरान नगर पंचायत, खूँटी के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं एवं लॉटरी के माध्यम से उक्त स्थलो का आवंटन दिनांक 27.06.2023 को नगर पंचायत, खूँटी के सभागार में किया जाएगा।

**वांक्षित दस्तावेज–**

1. नगर पंचायत, खूँटी द्वारा वेंडर निबंधन कार्ड की छायाप्रति।
2. एक पासपोर्ट साईज फोटो।
3. आधार कार्ड की छायाप्रति।
4. PMSVANidhi का प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5. आवेदन फॉर्म कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, खूँटी

PR 298960 Urban Development(23-24).D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–13/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक **01.07.2023** को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **03.07.2023** का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक **03.07.2023** को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Fish Feed Mill and Allied Structure in Shalimar Fisheries Market,Dhurwa,Ranchi,Jharkhand | 24,56,000.00 | 5000.00 | 50,000.00 | Three Months |

.नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 299096 Building(23-24).D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 04 जून, 2023
www.azadsipahi.in



# विश्व साइकिल दिवस पर निकाली गयी जागरूकता रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइंस फॉर सोसायटी लोहरदगा तथा अग्रवाल साइकिल के सौजन्य से एमएलए महिला महाविद्यालय बरवाटोली से रैली निकाली गयी। रैली को लोहरदगा डीटीओ मनीष कुमार, सोसाइटी और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद तथा सोसाइटी के एडवाइजरी सदस्य संजय बर्म्मन द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली न्यू रोड ,सुभाष चौक, सोमवार बाजार, थाना चौक, शास्त्री चौक होते गुजरी बाजार में समाप्त हुई। रैली में पर्यावरण व साइकिल प्रेमी साइकिल में तख्ती में स्लोगन तथा नारे लगाकर लोगों से साइकिल चलाने व अपनाने की अपील कर रहे थे। जिनमें पर्यावरण बचाना है तो साइकिल चलाना है, जाम से मुक्ति पाना है तो साइकिल चलाना है, स्वस्थ रहना है तो साइकिल चलाना है, इंधन बचाना है तो साइकिल चलाना है, प्रदूषण भगाना है तो साइकिल चलाना है तथा साइकिल अपनाना है आदि तख्तियां लिखा हुआ था। मौके पर आईएमए के प्रेजिडेंट डॉ गणेश प्रसाद ने बताया कि साइकिल चलाने से एक साथ कई फायदे होते हैं, जिनमें पर्यावरण की सुरक्षा तो है ही साथ ही आप निरोग भी रहते हैं और इसमें कोई खर्च भी नहीं होता है। रैली में जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार, संजय बर्म्मन, विमेंस कॉलेज प्रिंसिपल स्नेह कुमार, रेड क्रॉस सोसायटी सचिव अरुण राम, साइंस फॉर सोसायटी के सचिव राहुल कुमार, अधिवक्ता विवेक कुमार, अग्र साइकिल के प्रोपराइटर कमल अग्र , जगतपाल केसरी, मनीष अग्र, प्रवीण कुमार, धर्मेंद्र सोनी, प्रवीण पटेल ,राजेश साहू, पवन अग्र, आलोक कुमार, संदीप साहू, शंकर साहू ,शंभू अग्र, अविनाश अग्र, बसंत महतो, मोहम्मद कलीम खान ,पिंटू महतो, अनिल कुमार, कृष राज मित्तल, हर्षित राज, नंदन अग्र, उज्जवल अग्र, मनीष गुप्ता, निथलेश कांस्यकार, राजेश सोनी, विजय दास ,आशीष अग्र, आर्यन, दिव्यांशु आदि ने हिस्सा लिया।



## कार दुर्घटना में पत्रकार कौशल किशोर पांडेय की हुई मौत



**बालूमाथ/ हेरहंज (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ-हेरहंज-पांकी एसएच 10 मुख्य पथ हेरहंज प्रखण्ड क्षेत्र के नवादा बस स्टेण्ड के समीप एक आल्टो कार गाड़ी नम्बर खँ 01 एएकस 0189 अनियंत्रित होकर महुआ के पेड़ से जा टकराई।जिससे गाड़ी पूरी तरह छतिग्रस्त हो गई। गाड़ी में मात्र एक ही व्यक्ति सवार थे जो गाड़ी स्वयं ड्राइव कर रहे थे। जिनकी पहचान कौशल किशोर पाण्डे मनिका निवासी के रूप में हुई। कौशल किशोर पाण्डे दैनिक अखबार हिंदुस्तान के मनिका संवाददाता थे। गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त होने पर नवादा स्टेण्ड के समीप मौजूद लोग घटनास्थल में पहुंचे। पत्रकार कौशल किशोर पांडेय गम्भीर रूप से घायल हो गए थे, घायल अवस्था मे उन्हें ग्रामीण ओमप्रकाश जायसवाल,संजय भोक्ता,नागेंद्र उरांव व अन्य ग्रामीणों की मदद से ओमप्रकाश जयसावल की गाड़ी से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरो ने उन्हें तुरंत रांची रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स ले जाने के क्रम में मांडर के समीप कौशल किशोर पाण्डे ने दम तोड़ दिया। पत्रकार साथी के इस दर्दनाक दुर्घटना से पूरे बालूमाथ, हेरहंज, बारियातु, मुरपा, चंदवा, सहित लातेहार जिला के पत्रकारों में शोक व्याप्त है। सभी लोगों ने उनके आत्मा को शांति प्रदान हेतु ईश्वर से कामना किया।

## बहाबार मोड़ पर दो ट्रकों में जोरदार भिड़ंत



**किस्को/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के पाखर बॉक्साइट माइन्स से चलने वाली दो बाक्साइट ट्रकों का आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना जोबांग थाना क्षेत्र अंतर्गत बहाबार नदी के समीप पर स्थित घुमावदार मोड़ में घटी है। जानकारी के अनुसार बाक्साइट लदा ट्रक पाखर बाक्साइट माइंस से बाक्साइट लेकर रिचुघुटा साइडिंग अनलोडिंग करने जा रहा था इसी दौरान बॉक्साइट खाली करके रिचुघुटा साइडिंग से वापस पाखर बॉक्साइट माइन्स आ रहे खाली ट्रक की भिड़ंत बहाबार नदी के समीप पर स्थित घुमावदार मोड में हो गई जिससे दोनों ट्रकों को काफी क्षति पहुंचा है। हालांकि इस सड़क दुर्घटना में चालक और उप चालक पूरी तरह से सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में कल्हेपाट के समीप मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल स्थानीय ग्रामीण व पुलिस के सहयोग से अस्पताल में कराया गया भर्ती। घटना देर शाम सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट चौक के समीप देर शाम का बताया जा रहा है। सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक और सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच ग्रामीणों की मदद से दोनों घायल को अस्पतल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान दोनों घायल की पहचान हेसवे निवासी विराज यादव के 30 वर्षीय पुत्र राजदीप यादव तथा भूखलु मिस्त्री के 35 वर्षीय पुत्र शंकर मिस्त्री के रूप में किया गया। दोनों घायल को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के उपरांत सदर अस्पताल लोहरदगा बेहतर इलाज हेतु रेफर किया गया। घटना का कारण बताया जाता है कि घाघरा की ओर से लोहरदगा जाने के दौरान अज्ञात ट्रक चालक अचानक डेड ब्रेक ले लिया। उसी समय पीछे से आ रही मोटरसाकिल जे एच 01ए एच 4736 के चालक अनियंत्रित हो ट्रक के पीछे धक्का मार दिया। घटना के पश्चात ट्रक चालक गाड़ी ले फरार हो गया। जबकि क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को सेन्हा थाना पुलिस जप्त कर अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

## मिशन लाइफ अंतर्गत की हुई बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को मिशन लाइफ अंतर्गत पहले चरण में मई माह से पांच जून तक जागरुकता कार्यक्रम लेकर आवश्यक बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि मुख्य सचिव, झारखंड सरकार के निदेश पर विभिन्न विभागों को जो कार्य आवंटित किये गये है उनका अनुपालन अवश्य रूप से हो। सभी विभाग अपने आवंटित कार्यों का अनुपालन करें। जिन विभागों द्वारा अब तक अनुपालन नहीं किया गया है उन विभागों को पत्र द्वारा निदेश दिये जाने का निदेश दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीएस कॉलेज परिसर व पर्यावरण संरक्षण संबंधी परिचर्चा का निदेश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा विभागों को आवंटित कार्यों की समीक्षा की गयी और अनुपालन के संबंध में निदेश दिए गए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला कृषि पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## जोरी में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जोरी के राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरी के प्रांगण में जिला प्रशासन के सौजन्य से युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजुर विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत जोरी के मुखिया राजू उरांव सदर प्रखंड 20 सूत्री सदस्य सह झामुमो युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी पंचायत समिति सदस्य सुनिता उरांव उप मुखिया रूकईया खातुन और युवा सद्भावना मंच के अध्यक्ष नेजामुद्दीन अंसारी के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। इधर प्रतियोगिता का पहला मुकाबला कुटमू बनाम सहेदा गडरी पारा के बीच में खेला गया। जिसमें दोनों सेट में गडरीपारा की टीम को पराजित करते हुए कुटमू की टीम सेमीफाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुई। वहीं दूसरा मुकाबला जोरी और ओयना अलगडीहा के बीच में खेला गया जिसमें ओयना अलगडीहा की टीम को हराकर जोरी की टीम अगले चक्र में प्रवेश किया। इसी तरह अंतिम मुकाबला जोरी नवा टोली एवं ओयना करम टोली के बीच में खेला गया। बता दें कि जिले में युवाओं को बेहतर राह दिखाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से खेल के माध्यम से रोजगार के क्षेत्र में युवाओं को जोड़ने का बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इसी निमित्त शनिवार को जिला प्रशासन के सौजन्य से ग्राम पंचायत जोरी मध्य विद्यालय के प्रांगण में युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 6 टीमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वर्ग हमारे देश के भविष्य हैं। बीडीओ ने कहा कि युवा वर्ग बेहतर प्रदर्शन करें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। मुखिया ने कहा कि खेल के माध्यम से ग्राम पंचायत जोरी ही नहीं पूरे लोहरदगा जिला और झारखंड राज्य एवं देश को एक बेहतर पहचान युवा वर्ग दिला सकते हैं। मुखिया ने कहा कि युवा वर्ग परिश्रमी बने आपकी पहचान खुद ब खुद कदम चूमेगी।

## जिंगी कोयल नदी घाट पर हुई छापामारी

**डीएमओ की छापामारी में दो ट्रैक्टर एक बाइक जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** बालू के अवैध उत्खनन और दोहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये शनिवार को जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद वह कुडू थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर, एक पल्सर बाइक समेत एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जोंजरो गांव निवासी कासिम अंसारी का पुत्र खुर्शीद अंसारी के रूप में पुलिस ने की है। कुडू थाना क्षेत्र के कोयल नदी स्थित बालू घाट पर गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी गांव स्थित कोयल नदी बालू घाट से ब्लू कलर का आईसर ट्रेक्टर में 70 सीएफटी बालू, लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर में लदा 40 सीएफटी अवैध बालू खनन विभाग ने जब्त किया। मौके पर पहुंचा ट्रैक्टर मालिक खुर्शीद अंसारी की बाइक को जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में कुडू थाना कांड संख्या 74/ 23 जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने दर्ज कराया है। बताया गया कि, छापामारी दल जब कोयल नदी घाट पहुंचा तो, दो ट्रैक्टर बालू का अवैध उत्खनन कर लोड कर रहे थे। जिंगी गांव स्थित कोयल नदी घाट में किसी व्यक्ति व संस्था को बालू उत्खनन के लिए लीज पट्टा स्वीकृत नहीं है। ऐसी स्थिति में अवैध उत्खनन कर राजस्व को क्षति पहुंचाने और सरकारी संपत्ति की चोरी करने का प्रयास कथित बालू माफिया कर रहे थे। खनन विभाग द्वारा की गई औचक छापामारी से बालू माफियाओं में सनसनी फैल गई है। उल्लेखनीय है कि, लगातार प्रयास के बावजूद स्थानीय स्तर पर बालू की अवैध कारोबार फल फूल रहा है। देर रात से सुबह तक सड़कों पर तेज रफ्तार अवैध बालू लदा ट्रैक्टर दौड़ता है। बावजूद कथित कारणों से बालू के अवैध कारोबार पर पुलिसिया कार्रवाई नहीं होती है। यह अलग पहलू है कि, हाय तौबा मचाने के बाद विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक दो ट्रैक्टर जप्त कर खानापूर्ति कर दी जाती है।

### कार्रवाई के लिए बन रही है रणनीति: डीएमओ

जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने कहा कि, स्थानीय विभिन्न बालू घाट से बालू माफिया द्वारा लगातार बालू का उत्खनन और परिवहन कि शिकायत मिल रही है। संसाधनों की कमी से माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई में परेशानी जरूर हो रही है। पर, बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन पर हर हाल पर रोक लगाया जायेगा। फिलहाल, कथित बालू माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की रणनीति बनाई जा रही है।

## पत्नी के लापता होने पर पति ने कराया सनहा दर्ज



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही संवाददाता)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी अम्बाटोली निवासी अफजल अंसारी का 38 वर्षीय पुत्र इम्तियाज अंसारी ने सेन्हा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देते हुए अवगत कराया और कहा कि मेरी 32 वर्षीय पत्नी नसीमा खातून 30 मई 2023 को घर में बिना बताए कहीं चली गयी है। देर शाम तक घर नही लौटने पर रिस्तेदार में छानबीन किया परंतु कहीं पता नही चला। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने आवेदन को संज्ञान में लेते हुए सनहा दर्ज करने के पश्चात बताया कि महिला का लापता होने की सूचना पर प्रशासनिक कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस किसी व्यक्ति को लापता महिला पर नजर पड़ता है। तो स्थानीय थाना में सूचना देते हुए प्रशासन से खोज बिन करने का अपील किया गया है।

## अखिल कुमार के मार्गदर्शन पर मन मिलन पखवाड़ा का आयोजन




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** झालसा रांची के दिशा निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश लातेहार अखिल कुमार के मार्गदर्शन में मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में किया गया। ज्ञात हो कि 29 मई से 14 जून तक सिविल कोर्ट परिसर में मन का मिलन पकवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कुल 3 मामलों का सुनवाई किया गया और 2 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें एक मामला चेक बाउंस का है। मन के मिलन पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य मध्यस्था के प्रति सामान्य जनमानस को जागरूक करना है। डीएलएसए के मध्यस्थतकर्त्ता कर्ता पंकज कुमार, लाल अरविंद नाथ शाहदेव, संजय कुमार, लाल जन्म जय नाथ शाहदेव तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव ने जानकारी दी कि मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता है। मन का मिलन पखवाड़ा के तहत पक्षकारों के मध्य सुलह-समझौता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मध्यस्थतकर्त्ता के साथ पुलिस पदाधिकारी भी मौजुद रहेंगे।

## मंगरा में पुल निर्माण कार्य में विस्फोट मामले में आकलन करने पहुंचे बीडीओ

# हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र देकर उच्चस्तरीय टीम से जांच करा कर उचित कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता






**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम के धड़धड़ी नदी में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से कराये जा रहे पुल निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा एक साथ शुक्रवार दोपहर बाद 45 विस्फोट किये जाने के बाद शनिवार को बीडीओ राकेश सहाय घटनास्थल पहूंच ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। स्थानीय ग्रामीण कामेश्वर सिंह, सुकन सिंह, परमेश्वर सिंह, रूबी देवी, पूजा कुमारी, तुलसी कुमार सिंह, भुनेश्वर सिंह, कुंज बिहारी सिंह, ठाकुर सिंह, बनवारी सिंह, जगदम्बा देवी, मनोरमा देवी, पुष्पा देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने बीडीओ को घटना की जानकारी दी। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने नुकसान की पड़ताल किया और विस्फोट के बाद घायल हुये परमेश्वर सिंह (47 वर्ष) हाल चाल पूंछा। ग्रामीणों ने कहा कि निर्माण के संवेदक द्वारा बिना किसी को जानकारी दिए एक साथ इतने बड़े पैमाने पर विस्फोट किया जाना क्षेत्र में किसी अप्रिय घटना का संकेत था। ग्रामीणों ने कहा की विस्फोट के लिए बिना प्रशासनिक अनुमति से इतने व्यापक पैमाने पर विस्फोटक उपलब्ध होना भी पूरी तरह संदेहात्मक बात को दशार्ता है। जिसकी जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों ने बीडीओ सहाय को एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र देकर उच्चस्तरीय टीम द्वारा जांच कर उचित कार्रवाई की मांग किया है। जानकारी हो की पलामू के राजवीर कंस्ट्रक्शन द्वारा स्थानीय मुंशी सह शिक्षक विनय कुमार सिंह द्वारा पुल निर्माण में आये, पत्थर को बिना अनुमति के सुरक्षा मानकों को अनदेखी करते हुये शुक्रवार को एक साथ 45 विस्फोट किए गए थे। मजेदार बात तो यह है कि घटनास्थल से महज 50 फीट की दूरी पर मुख्य रेलवे लाइन अवस्थित है। जिसकी भी नुकसान होने पूर्ण संभावना बन रही है। घटनास्थल में पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा की निर्माण कार्य के संवेदक द्वारा पूरी तरह सुरक्षा मानकों की अनदेखी किया गया। संवेदक की यह बहुत बड़ी मानवीय लापरवाही भूल थी। हालांकि इसमें किसी की जानमाल के नुकसान नहीं हुई है। लेकिन यह भयावह हादसा में तब्दील हो सकती थी। उन्होंने कहा विस्फोट करने से पूर्व संब वेदक द्वारा स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों समेत किसी को भी इसकी जानकारी नहीं दी गयी। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी विस्फोट करने के लिए एक्सपर्ट की उपस्थिति होनी चाहिए। जो घटनास्थल पर नहीं थे। उन्होंने माना की विस्फोट की घटना में अत्याधिक नुकसान की संभावना थी जो टल गया। विस्फोट के बाद कुछ घरों को नुकसान हुई है। जिसकी जांच किया गया जो सही पाया गया। मामले में आवश्यक कारवाई हेतु विस्तृत जांच प्रतिवेदन संबंधित विभाग को भेजा जा रहा ताकि दोषी लोगो पर कारवाई हो सके।

### उप प्रमुख और सांसद प्रतिनिधि ने कार्रवाई की मांग

गलत तरीके से पुल निर्माण स्थल पर हुये ब्लास्टिंग की घटना के बाद शनिवार की सुबह प्रखंड के उप प्रमुख बिरेंद्र जायसवाल और सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली साथ ही घटना को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी को दोषी संवेदक और ब्लास्टिंग करने वाले को चिन्हित कर कारवाई करने की मांग की है।

## बेरमो की खबरें

## सत्यलोक संस्था ने किया बच्चों के बीच दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**स्वांग।** पिपराडीह स्थित नेहरू क्रीड़ा स्थल में शनिवार को सत्यलोक संस्था के द्वारा दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिता में उतीर्ण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ हीं, इसमें शामिल हर बच्चे को तौहफा में नई टी शर्ट भी दिया गया। बताते चलें कि सत्यलोक के द्वारा मुफ्त शिक्षा प्रोग्राम नरकी, पिपराडीह और गांधीग्राम में पिछले 3 सालो से लगातार चलाई जा रही हैं। वहीं शनिवार की सुबह 6 बजे हीं सभी बच्चे नेहरू क्रीड़ा स्थल पहुंच कर, तौहफे में मिली टी - शर्ट पहन कर दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार हो गए। प्रतियोगिता काफी रोमांचक रहा और बच्चो ने खूब आनंद उठाया। जीतने वाले बच्चो को मेडल के साथ साथ ट्रैक सूट, स्कूल बैग और जियोमेट्री बॉक्स इनाम में दिया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक कोलकाता के प्रसिद्ध अधिवक्ता अवनी कुमार राय थे, जिनके आशीर्वाद से ये प्रतियोगिता सफल रूप से आयोजित किया गया। इस दौर प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चो में छिपे प्रतिभा को पहचानने का कार्य भी किया गया, जिन्हे हम आगे और प्रशिक्षण देके, एक अच्छा धावक बना सकते हैं। आपको ये जानकर बहुत अच्छा लगेगा कि वो बच्चे अत्यंत गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं जिनकी शिक्षा का जिम्मा सत्यलोक संस्था ने लिया हैं। और उनके बेहतर भविष्य के लिए लगातार काम कर रही हैं।

सत्यलोक - एक नई आशा' जो समाजसेवी संस्था है, बीते 20 वर्षो से समाज सेवा के लिए कार्यरत है और करीब पिछले 02 वर्ष से लगभग 250 गरीब बच्चों को निशुल्क, बेहतर और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण शिक्षा देने का कार्य कर रही है और जरूरत पड़ने कर इनका इलाज और अन्य देख रेख भी करते हैं। इस मौके पर संस्था के सत्यलोक संस्था के संस्थापक सत्येंद्र राय, विजय यादव, आनंद निषाद, जूलियस, सुबोध, गणेश कुमार रवि, सुरेन्द्र राम इत्यादि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## बारहमसिया में 16 प्रहर हरि कीर्तन आरंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**जरीडीह।** जरीडीह प्रखंड के गांगजोरी पंचायत के टोला बारहमसिया में सार्वजनिक हरि कीर्तन आरंभ किया गया । इस अवसर पर गांगजोरी पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य मेषों देवी ने कहा कि हरि कीर्तन ईश्वर के प्रति एक बड़ी आस्था का केंद्र होता है। कीर्तन के माध्यम से स्त्रोताओं को शांति की अनुभूति होती है। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले से रिंकू कुमारी बांसिया की कीर्तन के महिला सदस्य, पाला कीर्तन के लिए प्रिया एवं ग्रुप के द्वारा किया जायेगा। जिसका कूंज भंग रविवार के दिन को किया जायेगा। आरंभिक कीर्तन के अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व पंचायत समिति सदस्य मेषों देवी, अजय कुमार नायक, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार महतो, भूदेव गोस्वामी, चेतन दास, रत्न लाल महतो, चतुर महतो, अमरकांत महतो, गिरधारी महतो, ज्ञान महतो, शिवचरण महतो आदि सहित श्रद्धालु शामिल थे ।

# अवैध बोटा लदा पिकअप वन विभाग ने किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**बिशुनपुर।** लोहरदगा व गुमला रेंज के जंगलों से तस्करों द्वारा वन विभाग की आंखों में धूल झोंक कर बेशकीमती लकड़ियों की तस्करी करना कोई नई व बड़ी बात नहीं है लगातार क्षेत्र में तस्कर एक्टिव रहते हैं जिसमें तस्कर के कई सफेद पौसो की भूमिका में अहम होती है। शनिवार सुबह थाना क्षेत्र के जोरी बड़कादोहर मेन रोड से बनारी वन विभाग के कर्मियों ने साल का लगभग एक दर्जन बोटा लदा पिकअप वाहन को जप्त किया है। बताया जाता है कि लोहरदगा रेंज के बोरहा जंगल से उक्त सभी साल का बोटा लकड़ी माफिया राहुल जायसवाल के द्वारा उक्त वाहन में लोड कराया गया था और उसे तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था तभी जोरी बड़का दोहर मेन रोड में अचानक पिकअप वाहन का चक्का में लगे एक्सल टूट गया और गाड़ी मेन रोड में ही फंस गया सुबह होने पर ग्रामीण उक्त रोड से गुजरने के दौरान देखा कि गाड़ी में मोटी मोटी सखुआ का बोटा लोड है और उसे कुटी भरा बोरा से छुपाया गया है। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने बनारी रेंज ऑफिस को दी मौके पर बनारी रेंज के फॉरेस्टर हीरालाल एवं अन्य गार्ड पहुंचकर गाड़ी को जप्त कर लिया है हालांकि खबर लिखे जाने तक गाड़ी उसी स्थान पर था क्योंकि गाड़ी का एक्सल नहीं बनाया जा सका था।

## आनन-फानन में रात में ही गाड़ी ठीक करने का किया गया था प्रयास

बोटा लदा गाड़ी खराब होने के बाद तस्कर राहुल जयसवाल ने अपने सहयोगियों को फोन कर रात में ही गाड़ी ठीक कराने का प्रयास किया उनके सहयोगी बनारी से मिस्त्री भी लेकर पहुंचे परंतु गाड़ी को ठीक करते-करते सुबह हो गया और गाड़ी ग्रामीणों की नजर में आ गई। जिसके बाद तस्कर एस्कॉर्ट कर रहे बोलेरो में चालक को बैठा कर फरार हो गया वही मौके पर अपने एक लेबर को गाड़ी में छोड़ दिया जो अब वन विभाग के कब्जे में है।

## बोटा लोड करने पहुंचे मजदूर ने कहा

वन विभाग के कब्जे में आया मजदूर चैनपुर थाना निवासी निर्मल टोप्पो ने कहा कि राहुल जसवाल मुझे ईंट भट्ठा में काम करने के लिए रांची ले गया था परंतु शुक्रवार रात वह अपने बोलेरो में बिठाकर मुझे इस जंगल में लाया और लकड़ी लोड करने को कहा लकड़ी लोड करने में गांव के भी 10-15 लोग शामिल थे लकड़ी लोड कर जाने के समय यहां पर गाड़ी खराब हो गया जिसके बाद राहुल ने गाड़ी को बनवाने का प्रयास कर रहा था परंतु सुबह होता देख राहुल ने अपने बोलेरो में चालक को बैठा कर कहीं चला गया और मुझे यही छोड़ दिया। बनारी रेंज ऑफिस के फॉरेस्टर हीरालाल उरांव ने कहा कि अवैध लकड़ी लदा गाड़ी नंबर- यूपी65बीटी-6709 पिकअप वाहन जब्त किया गया है साथी मौके पर मौजूद एक मजदूर को भी पकड़ा गया है गाड़ी खराब होने के कारण रेंज ऑफिस नहीं पहुंच सका है उसे लाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है जिसके उपरांत आगे की कार्रवाई की जायेगी तस्करी में लगभग 3 लोगों के नाम अब तक सामने आ रहा है। स्थानीय लोग भी इसमें शामिल है चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।

# दो युवकों को हथियार के साथ पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला पुलिस ने पालकोट रोड स्थित देहाती ढाबा के समीप से दो युवकों को हथियार साथ गिरफ्तार किया है। शुक्रवार की रात्रि करीब 1:00 पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दो-तीन लड़के संदिग्ध अवस्था में देहाती ढाबा के समीप खड़े हैं जिनके पास हथियार है। जो किसी बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही धड़ाधड़ एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसके बाद गश्ती दल के साथ टीम को उक्त स्थल भेजा गया। छापामारी के क्रम में दो अभियुक्त सुभाष जायसवाल और सूरज वर्मा उर्फ सूरज राम को खदेड़ के पकड़ा गया। वही एक लड़का भागने में सफल रहा। सुभाष जायसवाल के पास से तलाशी के क्रम में एक देसी रिवाल्वर लोड अवस्था में तथा सूरज वर्मा उर्फ सूरज के पास से एक पिस्टल लोड अवस्था में बरामद किया गया। वही हथियार और गोली के संबंध में उन लोगों के द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर दोनों को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद दोनों को गुमला थाना लाकर पूछताछ की गई। शनिवार को अपराहन दोनों को जेल भेज दिया गया। वही छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक संचित कुमार दिलीप टूडू सहित थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने एक सात चक्रीय रिवाल्वर एक पिस्टल सहित तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

## हादसे पर भाजपा ने मोमबत्ती जलाकर शोक व्यक्त किया

**पालकोट।** उड़ीसा के बलाशोर में हुए भयानक ट्रेन हादसा को लेकर भाजपा मंडल पालकोट के सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं आज शाम को मोमबत्ती जलाकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मोन रखा साथ ही सभी घयलों को जल्दी स्वस्थ हो उसके लिये ईश्वर से प्राथना किया गया मौके पर मौजूद रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद केसरी, शिव प्रसाद साहू, संसद प्रतिनिधि सूरज देव सिह, राम अवध साहू, नन्द गुप्ता, दिलीप साव, मनोज साव केसरी, वंसी धर गुप्ता, अशोक साहू, अजय सिह के अलावे दर्जन भर कार्यकता शामिल थे।

## तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

**बसिया। (आजाद सिपाही)** पुलिस के द्वारा बलात्कार के आरोप में बसिया पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार विगत बुधवार को थानाक्षेत्र अंतर्गत रहने वाली एक नाबालिक बच्ची नहाने के लिए बगल के गांव में गयी थी। उसी दरम्यान दो नाबालिक क्रमश 17 वर्ष के दो लड़कों द्वारा लड़की को पकड़ कर अपने चंगुल में रख लिया गया और अपने एक साथी 19 वर्षीय राहुल को बुला लिया और नाबालिक बच्ची के साथ जबरजस्ती बलात्कार किया। इसके बाद लड़की के परिजनों द्वारा इसकी सूचना बसिया थाने को दी गयी तब बसिया पुलिस द्वारा तीनो को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## विश्व साइकिल दिवस मनाया



**सिसई (आजाद सिपाही)।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर शनिवार को ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा में नेहरू युवा केंद्र संगठन गुमला (युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार) के यूथ क्लब के सदस्यों, एथलेटिक्स डे बोर्डिंग सेंटर, और अग्निवीर की तैयारी कर रहे युवाओं ने साइकिल रैली निकाल कर विश्व साइकिल दिवस मनाया। नेहरू युवा केंद्र संगठन गुमला के सिसई प्रखंड राष्ट्रीय स्वयंसेवक कृष्णा कुमार ने साइकिल रैली में शामिल सभी युवाओं को साइकिल चलाने से होने वाले शारीरिक लाभ के बारे में बताया और पर्यावरण संरक्षण करने के लिए जागरूक किया। वहीं उन्होंने कहा कि युवाओं के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर खाली जमीन में फलदार और औषधीय लगाया जायेगा। इस मौके पर प्रखंड स्वयंसेवक कृष्णा कुमार साहु, एथलेटिक्स डे बोर्डिंग सेंटर के प्रशिक्षक संदीप उरांव, निर्मला कुमारी, अग्निवीर का ट्रेनर अमित कुमार साहु, पंकज कुमार साहु, सरोज महली, प्रमोद महली, चंद्रेश कुमार, हर्षदीप उरांव, अशोक उरांव, सरस्वती कुमारी, प्रिया कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, सीलम कुमारी सहित अनेक खिलाड़ी मौजूद थे।

## नगर परिषद ने औचक छापेमारी की, लगभग एक ट्रेक्टर प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त



**गुमला (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार के निर्देश पर परिषद के उड़नदस्ता दल ने नगर प्रबंधक हेलाल अहमद की अगुवाई में प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर छापेमारी की। इस दौरान लगभग एक ट्रैक्टर के आसपास प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त कर लिया गया। कुछ बड़े गोदामों पर भी छापेमारी की गई किंतु वहां सामान बरामद नहीं हुआ। आशंका है कि छापेमारी की पूर्व सूचना पर प्रतिबंधित सामान हटा लिया गया हो। संजय कुमार ने बताया कि छोटे दुकानदारों के बजाए बड़े और थोक विक्रेताओं पर कार्रवाई की जा रही है। जिन दुकानों से सामान जब्त किया गया है उनमें न्यू कृषि विकास, गायत्री ट्रेडर्स, विकी पेपर हाउस, आरके पॉलीथिन आदि शामिल हैं। इन सभी से मात्रा के अनुसार नियमावली के अनुरूप जुमार्ना तय कर अर्थदंड वसूला जायेगा। जब्त सामान को नगर परिषद कार्यालय लाया गया। प्रशासक संजय कुमार ने बताया कि पूर्व में भी नगर परिषद ने बड़ी मात्रा में प्लास्टिक जब्त की थी। इस प्रकार से कुल संग्रहीत प्रतिबंधित प्लास्टिक को रिसायकल कर कुछ रचनात्मक निर्माण करने के विकल्प तलाशे जायेंगे। छापेमारी के क्रम में रौनक पांडे, रवि महतो, मनीष कुमार, रविंद्र गुप्त, विमला देवी, बसंती देवी, गीता देवी, बैजंती देवी, सरस्वती देवी, मुन्ना कुमार, सुमित राम आदि शामिल रहे।

## दुष्कर्म की घटनाओं में वृद्धि को लेकर हड़ताली वृक्ष में प्रतिज्ञा महिला ने किया धरना प्रदर्शन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कचहरी परिसर स्थित हड़ताली वृक्ष के समीप जिले में दुष्कर्म की घटनाओं में वृद्धि को लेकर महिला प्रतिज्ञा एसोसिएशन ने एक दिवसीय सेमिनार व प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन गुमला के बैनर तले 3 सूत्री मांग को लेकर कचहरी परिसर स्थित हड़ताली वृक्ष के समीप धरना प्रदर्शन हुआ सेमिनार आयोजित की गई है समाज में आज डायन बोलकर महिलाओं को प्रताड़ित कर हत्या की जा रही है छोटे बच्चों से लेकर महिलाओं तक को समाज में रहने वाले ही लोग हवस का शिकार बनाते हुए सामूहिक दुष्कर्म कर महिलाओं की हत्या की जा रही है। जिसके कारण समाज में अराजकता फैल रही है। दुष्कर्म, हत्या, अंधविश्वास, चोरी जैसी घटना तेजी से बढ़ रही है। जिससे समाज का विकास रुक रहा है। इन्हीं तीन विषयों के एजेंडा को लेकर उपायुक्त महोदय जिले भर के सभी वार्ड सदस्य सही पंचायत मुखिया पंचायत समिति सदस्य जिला परिषद सदस्यों की बैठक बुलाकर जागरूकता अभियान चलाई जाने की मांग की गयी। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अनीता देवी, संगठन के सलाहकार एवं संरक्षक अजीत प्रजापति, जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव देवकी देवी, जिला उपाध्यक्ष विनायकी देवी, कोषाध्यक्ष मंजरी देवी, हीरा देवी, जसीनता देवी, अनीता उरांव, सीमा देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

## सड़क दुघटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक चौक के समीप शनिवार को शाम 5:30 बजे अज्ञात मालवाहक पिकअप की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वही कांग्रेस के जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा विधानसभा उपाध्यक्ष दिलबहार अंसारी, शहजाद खान, बिजली विभाग के लाइनमैन सुनरदेव यादव ग्रामीणों के सहयोग से टेंपो में घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचाया। घायलों में घाघरा बस्ती निवासी प्रीतम उरांव जयवंत जेम्स टोप्पो के नाम शामिल है। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु दोनों घायलों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंच घायलों का हालचाल जाना और घटना की जानकारी ली। वही मालवाहक पिकअप वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाईकल से नवडीहा की ओर से घाघरा बस्ती की ओर लौट रहे थे। वही विपरीत दिशा से आ रही मालवाहक पिकअप सड़क किनारे बह रहे गंदे पानी के कारण दूसरी साइड से वाहन को निकाल रहा था। इस क्रम में मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।

## कुख्यात माओवादी लाजिम अंसारी पर 61 मामले हैं दर्ज

# गुमला में 42, लोहरदगा में 11 और लातेहार में 8 दर्ज हैं मामले

माओवादी के एरिया कमांडर लाजीम अंसारी को मार गिराया गया

वही के अन्य सदस्य से भागने में सफल रहे।

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** शुक्रवार को पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाकर नाजिम अंसारी को मार गिराने के बाद पुलिस ने उसके अपराधिक इतिहास को खंगालना शुरू किया है। गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एरिया कमांडर लाजीम अंसारी के दस्ते को शुक्रवार की शाम टोंगो क्षेत्र में देखा गया था। जिसकी सूचना मिलने के बाद तत्काल ही प्लान बनाया गया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक गुमला के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक अभियान मनीष कुमार, पुलिस निरीक्षक गुमला मनोज कुमार, थाना प्रभारी घाघरा अमित कुमार चौधरी, थाना प्रभारी चैनपुर आशुतोष कुमार सिंह एवं पुलिस बल के साथ टीम टोंगो सेमरा बरटोली जंगल के पास पुलिस पार्टी के साथ प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई। माओवादी के एरिया कमांडर लाजीम अंसारी को मार गिराया गया। वही के अन्य सदस्य से भागने में सफल रहे। लाजिम अंसारी पर झारखंड सरकार ने 5 लाख व एनआईए ने 1 लाख का इनाम रखा है। वही अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। वही पुलिस को एक 315 बोर राइफल, दो देसी कट्टा, 315 बोर का जिंदा गोली, 315 बोर का खोखा, प्लैटिना बाइक, ₹45 नगद, एक पॉकेट डायरी और कपड़े का थैला जिसमें जरूरत का सामान बरामद किया गया। वही मारे गए उग्रवादी का 61 कांड दर्ज है जिसमें गुमला में 42 लोहरदगा 11 और लातेहार में 8 कांड दर्ज है।

## जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

**गुमला।** जिले के डुमरी प्रखंड स्थित भंडार कटलू निवासी 16 वर्षीय अभिषेक मींज पिता जयप्रकाश मिंज ने शुक्रवार की रात 10:00 बजे जहर खाकर कर आत्महत्या कर लिया। घटना के बारे में मृतक की बहन ने बताया मेरा भाई किस कारण से जहर का सेवन कर लिया हम लोगों को नहीं पता। वही बताया कि वह घर के बाहर घूमने गया था। जिसके बाद रात 10:00 बजे घर लौटा वही उसने खुद बताया कि वह जहर का सेवन कर लिया है। हम लोग अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे तभी घर में उसकी मृत्यु हो गयी। वही मृतक मजदूरी का काम करता था। वहीं शनिवार को डुमरी पुलिस को घटना की जानकारी दी गई जिसके बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया गया। वही सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। वही पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## रोजगार और पेंशन दिवस का आयोजन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के बांमदा पंचायत भवन में शनिवार को प्रशासन के द्वारा रोजगार सह पेंशन दिवस का आयोजन किया गया। रोजगार सह पेंसन दिवस कार्यक्रम में 8 लाभुकों को तत्काल पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गयी। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान कार्ड हेतु कैंप लगाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार से उपस्थित रहे मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक संघीय अपराध है आप अपने बच्चों को पढ़ाएं शिक्षित करें ताकि वह गलत रास्ते पर ना जाकर अपना भविष्य को उज्जवल करें अभी प्रखंड प्रशासन सारे पंचायत में पुस्तकालय का स्थापना कि है इसमें बच्चे जाकर पढ़ाई कर सकते है और उन्होंने कहा कि जिनका वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन नहीं बन पाया है वह अपने पंचायत के मुखिया या पंचायत सचिव के पास फॉर्म जमा करें साथ रोजगार के संबंध में एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया।मौके में मुख्य रूप से पंचायत सचिव राम मोहन साहू, कल्याण पदाधिकारी हुलेश प्रसाद, रोजगार सेवक मनोज कुमार, मुखिया सीताराम मुण्डा के साथ सभी वार्ड सदस्य एंव प्रज्ञा केंद्र संचालक मनोज कुमार गुप्ता के साथ कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## पत्नी ने पति को टांगी के डंडे से मारकर किया घायल

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के गढ़सारू गांव में पत्नी ने अपने पति 40 वर्षीय पंचू सिंह पिता स्वर्गीय लोहरा सिंह को टांगी के डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना गुरुवार की रात की है जिसके बाद पीड़ित शुक्रवार की रात 10:00 बजे इलाज कराने सदर अस्पताल पहुंचा घटना के बारे में जानकारी देते हुए पीड़ित ने बताया मुझे नशे की लत लग गयी है अक्सर नशा कर कर घर जाता हूं तो पत्नी से लड़ाई झगड़ा होता है वही मेरी पत्नी बगल गांव की एक लड़की के साथ मुझे शक करती है जबकि उस लड़की से मैं कभी कभी फोन पर बात करता हूं वही बताया इसी बात को लेकर मेरी पत्नी को मैं अक्सर मारपीट भी करता हूं घटना के दिन भी मैं पत्नी से मारपीट कर रहा था। रोज-रोज की किच किच से तंग आकर पत्नी ने शराब पीकर आए हुए पति को टांगी के डंडे से जमकर धुनाई कर दी जिससे उसका एक हाथ टूट गया।

## ट्रेन हादसे को लेकर शोक सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** बालासोर उड़ीसा में शनिवार सूबह ट्रेन हादसे में हताहत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए भाजपा मंडल सिसई व पुसो द्वारा संयुक्त रूप से शोक सभा का आयोजन बी एन जालान कॉलेज के नव निर्मित भवन परिसर में किया गया। शोक सभा में सिसई विधानसभा के पूर्व विधायक सह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव की उपस्थिति में भाजपाइयों ने दो मिनट का मौन धारण कर ट्रेन हादसे के शिकार हुए दिवंगत आत्माओं की शांति व घायलों के जल्द स्वस्थ लाभ की कामना की गयी। पुर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव ने ट्रेन हादसे में जान गंवाने वालों की आत्मा की शांति व परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमन यादव ने बताया कि सिसई व पुसो भाजपा मंडल द्वारा शनिवार को महा जनसंपर्क अभियान के तहत विकास तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जाना था, शोक सभा में लोकसभा सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अनिल साहु,वरिष्ठ कार्यकर्त्ता लालमोहन साहु, सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, अमन यादव,वसंत यादव, चरवा उरांव, संजय महतो, सत्यनारायण भगत, नन्दकिशोर सिंह, प्रवीण ओहदार, सोमेश्वर उरांव,वसंत उरांव, सुखलाल राय, दीपक गुप्ता, विरेन्द्र तत्वा, सतीश मिश्रा, बालेश्वर उरांव, रिचर्डसन एक्का, नीलकंठ केशरी, रवि सोनी, बसंत साहु, हेमा गुप्ता सहित कई भाजपाई शामिल हुए।

## जंगली हाथी ने घर को ध्वस्त किया



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में गजराज का कहर लगातार जारी है क्षेत्र के छतरपुर गांव में एक जंगली हाथी ने शुक्रवार देर रात करीब 9:00 बजे ग्रेगोरी तिर्की के घर पर हमला कर घर को ध्वस्त कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात जब एक जंगली हाथी जंगल से निकलकर गांव में प्रवेश करने लगा तो एक ग्रामीण की नजर पड़ी जिसके बाद उक्त ग्रामीण ने अन्य ग्रामीणों को कॉल कर इसकी सूचना दी सूचना मिलते ही जैसे ही एक ग्रामीण रूडोल्फ म्यूजिक घर से निकला तो देखा कि एक जंगली हाथी उसकी ओर ही आ रहा है यह देख भागने के दौरान एक दीवार से टकरा गया जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई है वहीं ग्रेगोरी तिर्की के घर को ध्वस्त करने लगा एवं घर में रखे अनाज भी खाने लगा लगभग 40 से 50 ग्रामीण इकट्ठा हो गए और मशाल की सहायता से घंटों के प्रयास के बाद शंख नदी के उस पार जारी प्रखंड क्षेत्र के श्रीनगर जंगल की ओर खदेड़ दिया बताया जा रहा है की जंगली हाथी ने श्रीनगर गांव में भी दो गरीब किसानों के घरों को ध्वस्त किया है इधर किसान ग्रेगोरी ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

## खरवार लोक सेवक संघ और खरवार आदिवासी एकता संघ का संयुक्त सम्मान समारोह आयोजित

# सरकारी लाभ से वंचित न रहें खेरवार समाज के लोग : भैरव सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** खरवार लोक सेवक संघ और खरवार आदिवासी एकता संघ, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में खरवार लोक सेवक संघ की 5वीं स्थापना दिवस सह प्रतिभा सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। यह आयोजन शनिवार को बेलगांव बगीचा में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए खरवार आदिवासी एकतालोक संघ, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह खरवार ने समाज के बच्चों की शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि विकास का सीढ़ी शिक्षा है। इसलिए बच्चों को हर हाल में विद्यालय में नामांकन ही नहीं,बल्कि प्रतिदिन विद्यालय भेजना चाहिए। समाज के गरीब तथा अनाथ प्रतिभाशाली बच्चों के लिए खरवार लोक सेवक संघ की ओर से कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। बस आवश्यकता है मन लगाकर पढाई करें। मौके पर खरवार आदिवासी एकता संघ, झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष भैरव सिंह खरवार के द्वारा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि खरवार आदिवासी एकता संघ, जिला गुमला के जिला और प्रखंड कमेटी का मुख्य कार्य सरकार के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना। इस योजनाओं का लाभ समाज के हर व्यक्ति को मिले,इसके लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। आवश्यकता मंद समाज के लोगों का वृध्दा पेंशन, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, हेल्थ कार्ड बनवाने जैसे कार्यों में आगे आने की आवश्यकता है। सीताराम खेरवार,वरीय शिक्षक के द्वारा शिक्षा और समाज पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। सभा को ब्रह्मदेव खरवार, भुनेश्वर सिंह खरवार, जितेन्द्र खेरवार, सुरेश खेरवार, इंजोतपाल सिंह के द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खरवार लोक सेवक संघ के जिला संयोजक रामचन्द्र खेरवार, अध्यक्ष बाबूलाल खेरवार, सचिव शंकर खेरवार,सक्रिय सदस्य धर्मदेव खेरवार के अलावे ग्राम बेलगांव के नवयुवकों का योगदान सराहनीय रहा। इस कार्यक्रम में वर्ष 2023 में झारखंड तथा सेन्ट्रल बोर्ड, दिल्ली द्वारा आयोजित मैट्रिक/इंटरमीडिएट परीक्षा के समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र,अंग वस्त्र तथा नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में रण विजय सिंह, सचिव,खरवार लोक सेवक संघ, झारखंड, प्रदुमन खेरवार, रण प्रताप सिंह, बजरंग सिंह, बाबूलाल सिंह, जयकरण सिंह खरवार, राम भरत खेरवार, चन्द्रमोल सिंह, मनमोहन खेरवार, ज्ञान सिंह, विजय प्रताप सिंह, अर्जुन साय,सरोज देवी, निशा देवी, मंजू देवी के अलावे काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## हिंडालको सीएसआर के सहयोग से पोषण किट का वितरण



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशुनपुर के सभागार में हिंडालको सीएसआर के सहयोग से प्रखंड के इलाजरत 36 मरीजों के बीच फूड पैकेट (पोषण कीट) का वितरण किया गया। मौके पर चिकित्सा प्रभारी धर्मनाथ ठाकुर ने कहा कि विशुनपुर को जल्द ही टीबी मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि हिंडालको के सौजन्य से पौष्टिक आहार का पैकेट मरीजों को दी जा रही है। मरीजों का प्रतिमाह टेस्ट व दवा आदि पर उचित मार्गदर्शन, परामर्श आदि के माध्यम से भी हम जल्द ही विशुनपुर को टीवी मुक्त करेंगे। मौके पर सीएसआर अधिकारी मनोज कुमार चौधरी ने कहा की लाभार्थी पोषण किट का उपयोग कर अपने स्वास्थ्य को मजबूत बनाएं, जिससे सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान को अधिक से अधिक बढ़ावा मिले। हिंडालको के डॉक्टर अजिंक पवार ने बताया कि पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत यक्ष्मा मरीजों के पोषण सहित अन्य सहायता को लेकर स्वास्थ्य विभाग तत्पर है। उन्होंने टीबी मरीजों को उनके आहार को लेकर आवश्यक निर्देश उन्हें दिया। साथ ही सही तौर पर पोषण किट के उपयोग से टीबी मुक्त होने की बात मरीजों से कही। मौके पर सीएसआर अधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने मरीजों को नशापान न करने की हिदायत दी। मौके पर यक्ष्मा के मरीज व स्वास्थ्य कर्मी, लेकापाल संतोष कुमार, राकेश रंजन, सहिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

**घोषणा : 5 जून से छात्र, दैनिक कर्मी और बुजुर्गों को भी मिलेगी राहत**

# ब्लू सिटी बस में अब पुरुष भी कर सकेंगे यात्रा: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता





**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जबसे मैंने आम महिलाओं, छात्राओं एवं दैनिक मजदूरी करने वाली महिलाओं के लिए झारखंड में सबसे सस्ते दर पर पिंक सिटी बस का परिचालन मात्र पांच रुपया किराया में निगम क्षेत्र में कहीं से कहीं जाने के लिए प्रारंभ की उसी समय से कई महिलाएं मुझसे एवं नगर आयुक्त से मिलकर अनुरोध कर रही थी कि परिवार के पुरुष सदस्यों एवं 10 वर्ष से बड़े बच्चों के साथ महिला बस में चढ़ने की इजाजत दी जाए। ताकि साधारण परिवार के पुरुष, बुजुर्ग एवं 10 वर्ष से बड़े बच्चे भी एक साथ परिवार के साथ सफर कर सकें। साथी ही कॉलेज स्कूल जाने वाले छात्र, कार्यालय में काम करने वाले लोग, दैनिक मजदूर को भी लाभ मिल सके। इस संबंध में मैंने महिलाओं की भावनाओं से नगर आयुक्त को अवगत कराया और आज मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि नगर आयुक्त ने महिलाओं की भावनाओं की कद्र करते हुए तत्काल पत्र लिखकर बस संचालक को दो बस महिला/पुरुषों के लिए भी प्रारंभ करने का निर्देश दिया है, जिसकी जानकारी बस संचालक द्वारा मुझे दी गई। बताया कि सोमवार से ब्लू बस के नाम से दो बस पूरे परिवार के साथ निगम क्षेत्र में कहीं से कहीं आने जाने के लिए सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक संचालित होगी। प्रथम महापौर ने बताया निगम ने बस संचालक को 20 रुपया तक किराया लेने का प्रावधान रखा है, जबकि मेरे कहने पर बस संचालक ने मात्र 10 रुपया किराए पर महिला /पुरुष के लिए ब्लू बस का किराया निर्धारित किया है। वहीं, पिंक बस का किराया जिसमें सिर्फ महिलाएं सफर करेंगी उसका किराया मात्र पांच रुपया ही रहेगा। इसमें संचालक को होने वाली हानी की भरपाई मैं तब तक करूंगी जब तक यह बस नो लॉस नो प्रॉफिट में नहीं आ जाता। प्रथम महापौर ने यह भी बताया जो महिलाएं ब्लू बस में सफर करेंगी उन्हें भी 10 रुपया किराया देना होगा। इसलिए महिलाएं ज्यादा से ज्यादा पिंक बस में सफर करें।

## समस्याओं का समाधान करने की बजाय कमीशन तय करने में जुटा रहा नगर परिषद: राहुल दुबे

**बसपा नेता सहायक नगर आयुक्त के खिलाफ पीआइएल करेंगे दायर, मुख्यमंत्री से भी करेंगे शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिश्रामपुर/पलामू।** आरटीआइ कार्यकर्ता सह युवा बसपा नेता राहुल दूबे ने आरोप लगाया कि विश्रामपुर नगर परिषद में बुनियादी समस्याओं का अंबार लगा है। जिससे आम जन त्रस्त है। नगर परिषद कार्यालय पिछले तीन वर्षों से समस्याओं का समाधान निकालने के बजाए योजनाओं में कमीशन तय करने में जुटा रहा। इस कमीशन खोरी का अभी मात्र दो मोहरे ही एसीबी के हत्थे चढ़े है। कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार के जनक पर अभी कार्रवाई बाकी है। वे शनिवार को रेहला के शिवाक्षा रेस्त्रा में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने विश्रामपुर नगर परिषद में हुए कई अनियमितताओं का दस्तावेज दिखाते हुए सीधे सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज पर कई गंभीर आरोप लगाया। कहा कि भ्रष्टाचार के जनक तो मो प्रवेज ही हैं। इन्हीं के संरक्षण में कमीशनखोरी फला फूला है। नप का प्रधान सहायक अनिल कुमार और चालक जितेंद्र बहेलिया जिसे रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा है। वह दोनों इन्हीं के नाम पर रिश्वत ले रहे थे। इसलिए एसीबी के एफआईआर में इनका भी नाम जुड़ना चाहिए। राहुल दूबे ने कहा कि नप कार्यालय से कई बिंदुओं पर आरटीआई से जानकारी मांगी थी। नप कार्यालय ने गलत जानकारी दी। चापानल के बारे में बताया गया कि 611 चापानल नगर परिषद द्वारा गड़वाया गया है। लेकिन जब हमारी टीम ने स्थलीय जायजा लिया तो मालूम चला की नप द्वारा महज 300 चापानल ही गड़वाया गया है। इसी तरह सामुदायिक शौचालय के बारे में भी गलत जानकारी दी गई। राहुल दूबे ने कहा कि सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज के खिलाफ उच्च न्यायालय में पीआईएल दायर कर उनके कार्यकाल के जांच की मांग करूंगा। वहीं, वरीय बसपा नेता सह निवर्तमान अध्यक्ष के प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार के मामले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलूंगा। मुख्यमंत्री से गहन जांच और दोषी अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग करूंगा। इस दौरान प्रेस वार्ता में बसपा नेता ददई ठाकुर भी मौजूद थे।

## वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी का निधन, लोगों ने व्यक्त किया शोक

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के कुर्मीटोला निवासी वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी (48) का शनिवार की सुबह निधन हो गया। उन्होंने वर्ष 2005 से एक छोटे से अखबार से अपने पत्रकारिता जीवन की शुरूआच की और फिर कई बड़े अखबारों में अपनी सेवाएं दी। पत्रकार होने के साथ ही उन्होंने सामाजिक सरोकार से जुड़कर लोगों के दु:ख दर्द में अपनी महत्वपूर्ण सकरात्मक भूमिका निभाई। उनके निधन की खबर सुनकर उनके आवास पर लोगों का संवेदना जताने का तांता लगा रहा। बतातें चलें कि ब्रेन हेमरेज के कारण पिछले सात माह से इलाजरत थे। उनका अंतिम संस्कार इस दिन शहर के हरही नदी स्थित कुंड मुख्ति शामशान घाट पर किया गया। मुख्यग्नि 10 वर्षीय पुत्र करण चौधरी दी। निधन पर झामुमो के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, रामेश्वर राम, एनसीपी नेता चंदन सिंह, राज अली, पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद, राजकुमार कश्यप, अनुज चौधरी, नेहाल अहमद, चंदन गुप्ता, नीलम सिंह, केदार सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, अजय गुप्ता, उदय विश्वकर्मा आदि ने शोक व्यक्त किया है। वहीं हुसैनाबाद प्रगतिशील पत्रकार मंच व झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने भी मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## 15 जून तक अनुमंडल मैदान में मिट्टी का कार्य पूरा नहीं हुआ, तो संवेदक को काली सूची में डालने का करेंगे आग्रह: कमलेश सिंह

**कहा- अनुमंडल मैदान का जीर्णोद्धार कार्य बाधित होने से आम लोगों के साथ खिलाड़ी भी परेशान**
**- एक करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा जीर्णोद्धार व सौंद्रीकरण कार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद/पलामू।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय स्थित कर्पूरी मैदान का जीर्णोद्धार व सौंद्रीकरण एक करोड़ की लागत से किया जा रहा है। बरसात शुरू हो जाने के बाद मैदान खेती लायक भूमि में तब्दील हो जायेगा। वर्तमान में संवेदक ने पूरे मैदान में मिट्टी डाल रखा है। जिससे मैदान का अस्तित्व ही समाप्त होता दिख रहा है। आम लोगों के साथ ही खिलाड़ियों को भी काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने इस संबंध में हुसैनाबाद नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद परवेज से बात कर कहा कि बारिश का मौसम शुरू होने के पहले कर्पूरी मैदान का काम पूरा कराएं। अगर 15 जून तक मिट्टी का कार्य पूरा नहीं किया गया तो वह नगर विकास सचिव से मिलकर संवेदक को काली सूची में डालने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि कर्पूरी मैदान एक मात्र मैदान है, जिसमें राजनीतिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल गीतिविधियां आयोजित होती हैं। मैदान के सौंद्रीकरण कार्य में मिट्टी भराई कार्य के नाम पर दो माह से मिट्टी गिराकर छोड़ दिया गया है। बालुवाही मिट्टी की जगह खेत की चिकनी मिट्टी डालने को लेकर विधायक ने अधिकारियों को अवगत कराकर कार्य को सही ढंग से कराने का निर्देश दिया था। दो माह बाद भी इसकी जांच कर कार्य प्रारंभ नहीं किया जाना गंभीर विषय है। विधायक सिंह ने कहा कि बारिश के पूर्व मिट्टी भराई कार्य नहीं किया गया तो स्थिति और काफी खराब हो जाएगी। विधायक ने पलामू डीसी से इसका तत्काल निर्माण कार्य कराने की मांग की है।

## क्षेत्र के सभी कब्रिस्तानों की होगी घेराबंदी : अजीत सिंह

**कब्रिस्तान की घेराबंदी का विधायक प्रतिनिधि ने किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रतिनिधि अजीत सिंह ने शनिवार को बेल बिगहा कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि एनसीपी जात-पात से ऊपर विकास की राजनीति करती है। इससे क्षेत्र के लोग खुशहाल होंगे और उन्हे सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का होता है। विधायक कमलेश कुमार सिंह जाति धर्म देख कर योजनाएं नहीं बनाते हैं। जहां जरूरत है वहां काम होता है। उनके लिए सब एक समान है। सभी के लिए सड़क, बिजली, अस्पताल, शिक्षा की समूचित व्यवस्था की जा रही है। इस कार्यकाल में 28 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। अन्य के निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 18 कब्रिस्तानों की घेराबंदी की स्वीकृति के साथ और कब्रिस्तानों व शमशान की घेराबंदी को स्वीकृति दिलाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हाजी मो अब्बास अंसारी ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह का परिवार शुरू से ही सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है। इस मौके पर मो अब्बास अंसारी, जिशान हसन, मुखिया अनंती देवी, मो शमश ए आलम, गुड्डू सिंह, पम्मी देवी, हरिनंदन पासवान, परशुराम मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, खालिद हुसैन और टीपू सुलतान आदि मौजूद थे।

## यज्ञ कराने से शुद्ध होता है वातावरण : आलोक

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया सतबरवा रामघाट में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल होने शुक्रवार को रात पहुंचे। उन्होंने कहा कि गांव में यज्ञ कराने से वातावरण शुद्ध होता है। आसपास की नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है। कहा कि रांची से लौटते समय यज्ञ भगवान और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद लेने पहुंच गया। उन्होंने दुलसुलमा के मटखानी निवासी अपने कार्यकर्ता



अजय सिंह के मातृ शोक में पहुंच कर ढांढस बंधाया और आर्थिक सहयोग भी किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, रवि प्रसाद,विजय पाठक,रविंद्र सिंह,मनोज सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## देवरानी संगीत महाविद्यालय के तीन छात्रों ने हासिल किया हाई स्कूल संगीत शिक्षक पद पर नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय मुख्यालय के रांची रोड रेड़मा स्थित संगीत प्रशिक्षण केंद्र देवरानी संगीत महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त तीन छात्रों ने झारखंड सरकार की ओर से प्रदत्त हाई स्कूल संगीत शिक्षक के पद पर नियुक्ति पत्र हासिल कर गौरवांवित किया। इस मौके पर देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक नीरज कुमार मिश्रा ने सभी भूतपूर्व छात्रों को बधाई और



शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आज अगर उनके स्व पिता पंडित राजाराम मिश्रा जीवित होते तो इस गौरव के पल से अत्यंत गौरवांवित होते। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पिता पंडित मिश्र ने देवरानी संगीत महाविद्यालय को अपने अथक परिश्रम और लगन से सींचा है उसी का प्रतिफल है कि पिछले 30 वर्षों से शहर में चल रहा इस संगीत प्रशिक्षण केंद्र से अब तक सैकड़ों विद्यार्थियों ने संगीत की शिक्षा प्राप्त करके प्राइमरी स्कूल, मीडिल स्कूल, हाई स्कूल जैसे सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों के कई शिक्षण संस्थानों, व्यावसायिक क्षेत्रों में संगीत प्रशिक्षक और शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि उन तीन शिक्षा प्राप्त पूर्व विद्यार्थियों का नाम राजदीप पासवान, आनंद कुमार रवि और राकेश कुमार सिंह है, जो हाल ही में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों रांची स्थित खेलगांव स्टेडियम में हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति पत्र को हासिल किया है। देवरानी संगीत महाविद्यालय प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से मान्यता प्राप्त एक मात्र संगीत महाविद्यालय है जहां से विद्यार्थी संगीत के गायन, वादन और नृत्य विधा में डिप्लोमा और डिग्री हासिल कर सकते हैं। महाविद्यालय परिवार ने शिक्षा प्राप्त कर रहे सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल संगीत भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

**स्पोर्ट्स**

**हॉकी इंडिया**

भारतीय हॉकी टीम ने जापान के काकामीगहारा शहर में आयोजित जूनियर एशिया कप (गर्ल्स) में धमाकेदार आगाज करते हुए उज्बेकिस्चान को 22-0 से हरा दिया। इसमें अनु ने अकेले छह गोल दागे हैं।

**अनु ने दागे छह गोल, मुमताज-दीपिका की स्टिक से चार-चार गोल आये**

# जूनियर एशिया कप हॉकी में भारतीय लड़कियों का धमाकेदार आगाज, उज्बेकिस्तान को 22-0 से हराया

एजेंसी



**टोक्यो।** भारतीय हॉकी टीम ने जूनियर एशिया कप (गर्ल्स) में धमाकेदार आगाज किया है। टीम ने अपने पहले मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 22-0 के बड़े अंतर से हराया। जापान के काकामीगहारा शहर में चल रहे इस टूर्नामेंट में भारतीय लड़कियों ने पहले हाफ में 12 और दूसरे हाफ में 10 गोल दागे। अपने पहले मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने गोल की झड़ी लगा दी। अनु (13वें, 29वें, 30वें, 38वें, 43वें और 51वें मिनट में) ने छह गोल दागे, जबकि मुमताज खान (6वें, 44वें, 47वें और 60वें मिनट में) और दीपिका (32वें, 44वें, 46वें और 57वें मिनट में) ने एक समान चार-चार गोल किए। वैष्णवी (तीसरे, 56वें), सुनीलता टोप्पो (17वें, 17वें मिनट में), दीपिका सोरेंग (17वें और 17वें मिनट में) ने दो-दो गोल किए। मंजू चौरसिया (26वें मिनट में), नीलम (47वें मिनट में) की स्टिक से एक गोल आया।

### 10 टीमें ले रहीं भाग

11 जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट 10 टीमें भाग ले रही हैं। भारतीय टीम के साथ ही चार अन्य टीमों को उनकी वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर अंडर -21 हॉकी टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश मिला है, जिनमें चीन, कोरिया, जापान और मलेशिया की टीमें शामिल हैं। जबकि बाकी पांच टीमें कजाकिस्तान, हांगकांग, चीनी ताइपे, उज्बेकिस्तान और इंडोनेशिया ने पिछले साल अक्टूबर में कजाकिस्तान में आयोजित महिला जूनियर कप के जरिए इस टूर्नामेंट में क्वालिफाई किया है।

### भारतीय टीम पूल ए में शामिल

भारतीय टीम को पूल अ में मलेशिया, चीनी ताइपे, दक्षिण कोरिया और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। वहीं, पूल इ में जापान, कजाकिस्तान, हांगकांग, इंडोनेशिया और मौजूदा चैंपियन चीन शामिल है। अपने-अपने ग्रुप में आगे रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में जाएगी। जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें पांचवीं से आठवीं रैंक के क्लासिफिकेशन के लिए खेलेंगी। दोनों पूल में पांचवें स्थान पर रहने वाली टीमें 9वें और 10वें स्थान के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी।

## फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन का धरना 5 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर/पलामू।** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन नौ सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को डालटनगंज समाहरणालय परिसर में धरना प्रदर्शन करेगा। इसके लिए शनिवार को छतरपुर प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं ने बलदेव साव के मकान में डीलर संघ के अध्यक्ष मो इकबाल खां की अध्यक्षता में बैठक की। जिसका मुख्य उद्देश्य पांच जून को होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर चर्चा करना था। इस बैठक में सभी विक्रेता ने भारी संख्या में डालटनगंज धरना प्रदर्शन में भाग लेने का निर्णय लिया गया। धरना में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, अन्य वितरण के बकाया राशि का भुगतान करने, वापस किए गए खाली जूट के बोरियों का भुगतान करने, अब तक बकाया कमीशन का भुगतान करने, अनुकंपा को पूर्व की भांति लागू करने आदि शामिल है। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि जन वितरण दुकानदारों के कमीशन का भुगतान नहीं होने से दुकानदारों की परेशानी बढ़ गई है। बैठक में बलदेव प्रसाद गुप्ता, कृष्णा साव, विक्रम पासवान, मिथिलेश यादव, महेंद्र सिंह, चंद्रशेखर पासवान, रामसवरूप साव, गुलाम रब्बानी, उदयशंकर प्रसाद, राजमणी सिंह, विषुनदेव राम, शंभु महत्तम, राजेंदर यादव, संजय यादव और भोला राम आदि उपस्थित थे।

## विद्यार्थी परिषद ने नवनियुक्त प्रभारी कुलपति का किया स्वागत

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद की ओर से नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त प्रभारी कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को अंग वस्त्र एवं डायरी देकर स्वागत व सम्मानित किया। उनसे आग्रह किया कि विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता एवं परीक्षा विभाग में व्याप्त अनियमितता को जल्द दूर किया जाएगा एवं सुलभ शिक्षा छात्रों को मुहैया कराई जाए। इस अवसर पर उपस्थित नवनियुक्त प्रभारी कुलपति ने आश्वस्त किया कि छात्रों की हर समस्याओं को दूर किया जाएगा एवं सकारात्मक वातावरण के साथ कार्य किया जाएगा। उक्त अवसर पर परिषद के मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे, प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख रोहित देव दूबे, जिला प्रमुख प्रो केसी झा, जिला स्टूडेंट फॉर सेवा प्रमुख सुमित पाठक, जिला संयोजक अभय वर्मा, नगर मंत्री रामा शंकर पासवान, राजन कश्यप आदि उपस्थित थे।

### धनबाद , बोकारो सहित गुजरात और बंगाल की हत्याओं में शामिल था कुख्यात वैभव

# यूपी का शूटर वैभव सहित 9 गिरफ्तार

**अमन और प्रिंस के लिए करता था काम, अमन के काले रुपये को एक नंबर करने वाली और शूटरों को पनाह और टारगेट की पहचान कराने वाला भी गिरफ्तार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। धनबाद जिले के लिए सर दर्द बन चुका अमन सिंह और वासेपुर का गैंगस्टर प्रिंस खान गैंग का सफाया करने की पुलिस ने ठान ली है। इसी कड़ी में पुलिस ने अमन सिंह और प्रिंस के लिए पैसे लेकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले उत्तर प्रदेश का कुख्यात शूटर आजमगढ़ के वैभव यादव उर्फ राहुल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इनके साथ बोकारो की एक महिला अपराधी सहित कुल 9 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इनके पास से पुलिस ने दो पिस्टल, दो मैगजीन, 12 राउंड गोली, 09 मोबाइल फोन, दो बिना नम्बर के मोटरसाइकिल बरामद किया है। इस बाबत जिले के वरीय पुलिस कप्तान संजीव कुमार ने शनिवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुरे मामले की जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि वैभव यादव, आशीष शुक्ला, दिनेश कुमार गौड़ और सलिनी सिंह को बरवाअड्डा थाना के फुफवाडीह मोड़ स्थित बीएमडब्ल्यू पेट्रोल पंप के समीप से गिरफ्तार किया गया है। इनकी निशानदेही पर बाकी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी सभी अपराधी किसी न किसी रूप से अमन सिंह से जुड़े हैं। वैभव यादव, आशीष शुक्ला, दिनेश कुमार गौड़ और बाबू सिंह उर्फ आशुतोष आनंद सभी शूटर हैं। जबकि अन्य लोग घटना को अंजाम देने में इनकी सहयोग करते थे। वहीं बोकारो के हरला थाना क्षेत्र से गिरफ्तार महिला अपराधी सलोनी कुमारी उर्फ सानू सिंह मुख्य रूप से अमन सिंह को रंगदारी व अन्य तरह से मिले पैसों को ठिकाने लगाती थी। उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष में धनबाद में जितने भी बड़े अपराध हुए हैं इन्हीं लोगों के द्वारा अंजाम दिया गया है। इनके पुलिस गिरफ्त में आने से निश्चित तौर पर धनबाद में हत्या, रंगदारी के लिये दहशत फैलाने जैसे अपराधों पर अंकुश लगेगा। इसके अलावे उन्होंने कहा कि अभी भी टीम छापामारी में लगी हुई है आगे और भी गिरफ्तारी होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार सिन्हा, टेक्निकल सेल की टीम सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

**अपराधियों से पूछताछ के लिए पहुंची थी गुजरात और पश्चिम बंगाल पुलिसः** एसएसपी ने बताया कि पकड़े गये अपराधियों से पूछताछ करने के लिए गुजरात और पश्चिम बंगाल पुलिस भी धनबाद पहुंची थी। पकड़े गये अपराधी गुजरात, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश में भी वांछित हैं और इनपर कई मामले दर्ज हैं।

**वैभव ने चलाई थी दुमका जेल गेट पर गोली, इन मामलों का हुआ उद्भेदनः** एसएसपी ने बताया दिसम्बर 2022 में दुमका जेल गेट पर फायरिंग की घटना घटी थी। उस घटना को भी कुख्यात वैभव ने ही अंजाम दिया था। इसके अलावे झरिया में टायर व्यवसायी रणजीत साव, बरवाअड्डा किया शो रूम पर फायरिंग, व्यवसायी पप्पू मंडल पर फायरिंग, केंदुआडीह के राजेश यादव पर जानलेवा हमला, कतरास में मनोज यादव की हत्या, रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की हत्या, कुर्मिडीह में राजकुमार साव की हत्या, क्लिनिक लैब में फायरिंग, गुजरात मे व्यवसायी नीलेश पटेल की हत्या, बोकारो के चन्द्रपुरा निवासी स्क्रैप व्यवसायी सनाउल्लाह के घर फायरिंग, सहित कई घटनाओं में वैभव ने ही गोली चलायी है।

**सलोनी लगाती थी अमन के पैसों को ठिकानेः** सूत्रों कि सलोनी घाघीडीह जेल में बंद अमन सिंह की सबसे विश्वसनीय और काफी नजदीकी है। अमन सिंह के अपराध की दुनिया से कमाये पैसों को वही ठिकाने लगाती है। बताया यह भी जा रहा है कि रंगदारी के पैसों को वह ब्याज पर भी लगाती थी। गैंग के सदस्य उसे भाभी कहकर बुलाते हैं।

**कुख्यात अमन श्रीवास्तव से अदावत के बाद बाबू सिंह बना अमन सिंह का चेलाः** हजारीबाग के कटकमसांडी थाना निवासी बाबु सिंह उर्फ आशुतोष आनंद पहले कुख्यात अमन श्रीवास्तव के लिए काम करता था। बाद में बाबू की अमन श्रीवास्तव से किसी बात को लेकर अदावत हो गयी जिसके बाद बाबू ने उसे सबक सिखाने के लिए हजारीबाग जेल में बंद अमन सिंह सम्पर्क साधा और फिर अमन सिंह के लिए काम करने लगा। बाबू ही अमन सिंह किसी घटना के लिए शूटर व अन्य कार्यों के लिए पैसे उपलब्ध कराता था।

यहां तक कि जब तक अमन सिंह हजारीबाग जेल में बंद था तबतक बाबू ही उसे जेल के अंदर हर जरूरत का सामान उपलब्ध कराता था।

यहां तक कि जब अमन सिंह को जमशेदपुर स्थित घाघीडीह जेल ले जाया जा रहा था तब भी बाबू उसके पीछे पीछे जमशेदपुर तक गया था।

**रिकवरी एजेंट सुशील सिंह अपराधियो को देता था पनाह और कराता था टारगेट की पहचानः** एसएसपी ने बताया कि झरिया से गिरफ्तार रिकवरी एजेंट अमन सिंह का सबसे बड़ा लोकल नेटवर्क था।

घटना को अंजाम देने से पहले शूटरों को अपने घर मे ठहराना, शूटरों को टारगेट की पहचान कराना, उनकी रेकी कराना इत्यादि कार्य सुशील सिंह ही करता था।

## इनकी हुई गिरफ्तरी

वैभव यादव उर्फ राहुल सिंह, आजमगढ़ उत्तर प्रदेश आशीष शुक्ला उर्फ सत्यम अयोध्या उत्तर प्रदेश दिनेश कुमार गौड़, आजमगढ़, उत्तर प्रदेश सलोनी कुमारी उर्फ सानू सिंह, हरला बोकारो सुशील सिंह, झरिया, धनबाद बाबू सिंह उर्फ आशुतोष आनंद, कटकमसांडी, हजारीबाग अरुण कुमार, चास, बोकारो मुकेश कुमार महतो, कुर्मिडीह, बरवाअड्डा, धनबाद मनोहर प्रसाद गुप्ता, जमशेदपुर इनमें, आशीष शुक्ला पर अयोध्या में दो और चन्द्रपुरा, बोकारो में एक मामले दर्ज हैं। वैभव यादव पर आजमगढ़ जिले के विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक और मध्यप्रदेश में तीन और गुजरात में मामले दर्ज हैं। अरुण कुमार पर धनबाद के बरवाअड्डा और बेकारबांध और चास थाना में एक एक मामले दर्ज हैं।

# बोकारो स्टील प्लांट द्वारा मिशन लाइफ सूर्य मंदिर जलाशय का कायाकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सेल/बोकारो स्टील प्लांट लाइफ कैंपेन चला रहा है। इस संबंध में बोकारो स्टील प्लांट के पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबिलिटी विभाग ने जन स्वास्थ्य विभाग और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ 2 जून 23 को सूर्य मंदिर जलाशय में सफाई अभियान शुरू किया। सूर्य मंदिर के किनारे से प्लास्टिक कचरा और अन्य मलबे को हटा दिया गया और पर्यावरण संरक्षण और जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामूहिक रूप से सफाई की गयी। इस अवसर पर, मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन), बी एस पोपली ने बोकारो के नागरिकों से जल निकायों में प्लास्टिक अपशिष्ट और अन्य मलबे को नहीं फेंकने का आह्वान किया क्योंकि यह तालाबों की जल धारण क्षमता को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, साथ ही भूजल स्तर को भी कम करता है। यह तालाब के जलीय जीवन के लिए भी हानिकारक है। महाप्रबंधक/पर्यावरण और संरक्षण नवीन प्रकाश श्रीवास्तव ने भी लोगों से धरती माता और प्रकृति के अनुरूप जीवन शैली अपनाने की अपील की। जनस्वास्थ्य अधिकारी श्री एस.के. परेरा और मो. तसनीम ने भी जलाशयों को साफ रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बोकारो स्टील प्लांट के जलाशयों की नियमित सफाई पूरे बोकारो में जारी रहेगी। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक/पर्यावरण एन. रंजन, वरिष्ठ प्रबंधक/पर्यावरण श्री अंकित कुमार और प्रबंधक/पर्यावरण वी.एन. कुमार सहित पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबिलिटी विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**झरिया।** भाजपा द्वारा आयोजित महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में रागिनी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झरिया समेत पूरे कोयलांचल में कई विकास कार्य हुए, कोरोना काल से लेकर आज तक गरीबों को मुफ्त राशन दी जा रह है। आयुष्मान योजना के तहत पूरे देश में गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। महिलाओं को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने के लिए कई योजनाये चलाई जा रही है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि देश के सर्वागीण विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए हम सभी को उनके हाथों को और मजबूत करने की जरूरत है। महा जनसंपर्क अभियान के तहत झरिया के सभी मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक जुट होकर सभी मंडल में घर घर जाकर लोगो को जोड़ने का कार्य करेंगे और महा जनसंपर्क अभियान को पूरे झरिया विधानसभा क्षेत्र में सफल बनायेंगे। महा जनसंपर्क अभियान के जिला प्रभारी मानस प्रसून ने कहा नरेंद्र मोदी कि सरकार में देश के कोने कोने में विकास कार्य देखने को मिल रहा है। इससे सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, महामंत्री श्रवण राय, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी, एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ध्रुव हरी, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष दिलीप भारती, सोशल मीडिया प्रभारी राज किशोर जैना, गोविंद महतो, दिलीप आडवाणी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, बॉबी पांडे, मयूरी ओझा, रंजीत रवानी, अखिलेश सिंह, अरुण साव, स्वरूप भट्टाचार्य, अरिंदम बैनर्जी, समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद थे।

# बीसीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालय में अव्यवस्था के खिलाफ फूटा कर्मियों का गुस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय में अव्यवस्था के खिलाफ शुक्रवार को कर्मियों का गुस्सा फूटा। आक्रोशित कर्मियों ने काम बंद कर प्रबंधन के खिलाफ कार्यालय के मुख्यद्वार पर जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। कर्मियों ने बताया कि कार्यालय में अव्यवस्था का आलम यह है कि बाथरूम तक में पानी उपलब्ध नहीं है। इस दौरान कार्यालय मे पेयजल, साफ सफाई सहित अन्य अव्यवस्था के विरोध में करीब 3 घंटे तक काम बंद रखा। कर्मियों का नेतृत्व कर रहे जमंस नेता अक्षय लाल यादव ने कहा कि बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय में करीब डेढ़ सौ महिला पुरूष कर्मी और अधिकारी कार्य करते हैं। कार्यालय में पानी की सबसे विकट स्थिति है, बाथरूम तक में पानी उपलब्ध नहीं है। कर्मचारी दुकान से पानी लाकर काम करते हैं। कई कमरों की खिड़कियों के शीशे टूटे हुए हैं, भीषण गर्मी में कार्यालय में लगा सीलिंग फैन भी ढंग से काम नहीं कर रहा है, कर्मचारी बेहाल है। क्षेत्रीय कार्यालय सिविल विभाग को कई बार स्थिति में सुधार के लिये कहा गया है, लेकिन कमीशन खोरी के काम के अलावा कार्यालय का सिविल कार्य नहीं कराया जा रहा है। कर्मियों का आरोप है कि सिर्फ अधिकारियों के चेंबर के आसपास की सफाई होती है। कर्मियों के आक्रोश को देखते हुए बस्ताकोला एपीएम नागेंद्र यादव, प्रबंधक प्रशासनिक देवाशीष बाग, एरिया सिविल इंजीनियर ऋषिकेश कदम ने कर्मियों से वार्ता किया। तत्काल पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने सहित अन्य मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।


अधिकारियों के द्वारा तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने पर कर्मी शांत हुए। मौके पर अभिषेक परमार, संजय बाउरी, सुनील सिंह, ओम प्रकाश सिन्हा, रवि शेखर, अभिराज शर्मा, राकेश कुमार, बिलकिश बानो आदि मौजूद थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर तालाब की सफाई और वृक्षारोपण अभियान चलाया



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** वेदांता इएसएल के पर्यावरण विभाग ने सीएसआर टीम के साथ मिल कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के लिए तालाब की सफाई और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन 3 जून 2023 की सुबह गिद्धटांड तालाब, हुतुपाथर गांव, सियालजोरी में हुआ। लगभग 70 परिवार अपनी दैनिक घरेलू पानी की जरूरतों के लिए गिद्धटांड तालाब का उपयोग करते हैं। राम प्रवेश कुमार (क्षेत्रीय अधिकारी, जेएसपीसीबी, क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद) आशुतोष आनंद (सी.ई.) और टीम इस आयोजन के सम्मानित अतिथि थे। उनके साथ ईएसएल से वेंकटेशन आर (सीएचएसईएसओ, ईएसएल) और पर्यावरण और सीएसआर टीम भी थी। कार्यक्रम की शुरूआत श्री आशुतोष आनंद द्वारा दिये गये स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसके बाद क्षेत्र के चारों ओर वृक्षारोपण किया गया और ग्रामीणों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए तालाब की सफाई की गई। अधिकारीयों ने संगठन की समाज के प्रति दायित्व के लगातार प्रयासों की सराहना की। वेदांता ईएसएल अक्सर अपनी नियमित पहल के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण का ख्याल रखने के लिए अपना काम करता है जो की इसकी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की एक प्रतिबद्धता है।

# ओड़िशा ट्रेन हादसे में मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए शोकसभा



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** तालडांगा स्थित नेहरू रोड में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर विकास तीर्थ यात्रा कार्यक्रम शुरूआत होनी थी। प्रदेश कमिटी के आदेशानुसार ओडिसा ट्रेन हादसे के कारण स्थगित कर दिया गया है। दूसरी ओर प्रदेश अलाकमान के अदेशुनसर ट्रेन हादसे में मारे गये लोगों के आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन के मृत आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी ने कहा कि भारत सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर हम लोग तालडंगा नेहरू रोड से तीर्थ यात्रा शुरू कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों से घर घर जाकर लोगों को अवगत कराने वाले थे, परंतु ओडिसा ट्रेन हादसे के कारण आज का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। ट्रेन हादसे में मारे गये लोगों के आत्मा की शांति के लिये हम सभी भाजपाइयों ने 1 मिनट का मौन धारण किया और भगवान से प्रार्थना किया की उन सबकी आत्मा को शांति प्रदान करें। मौके पर चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी के अलावा बापी सेनगुप्ता, दीपा दास, गुड्डू सिंह, अजय चौधरी, अर्जुन सिंह, संजय महतो, बरनाली बाउरी, संजय ठाकुर, रानी केराई, अरविंद सिन्हा सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

# बिजली समस्या को लेकर विधायक ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने बिजली समस्या का दंश झेल रही चास शहरी, ग्रामीण विस्थापित क्षेत्र के प्रति विभाग के उदासीन रवैये कई अनियमिताओं के शिकायत मिलने से नाराज बोकारो विधायक बिरंची नारायण आज ग्रामीणों और कार्यकताओं संग विधुत कार्यपालक अभियंता कार्यालय पहुच क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र करने का निर्देश देते हुए कहा कि विधुत उपभोक्ताओं के समस्याओं के निदान नही किया गया तो विधुत विभाग के विरूद्ध जोड़दार आंदोलन करेंगे उत्तरी विस्थापित क्षेत्र विधुत वितरण व्यवस्था में लापरवाही भतुआ में एडिशनल टांसफार्मर लगाने ,चास मुफस्सिल थाना से कलापत्थर तक पोल तार, कलापत्थर से चेचका धाम भाया कुम्हरी थ्री फेज, न्यू सोलागिडीह पिंडरगड़िया में विधुतीकरण तहत तार पोल,भोलूर बांध और स्वर्णकार मुहल्ला के जर्जर पोल तार को बदलना, काशीडीह नावाडीह, तारानगर, कुशवाहा नगर, सियारदाह भवानीपुर साईट से संबंधित शिकायत को दूर करने और चास विधुत वितरण शक्ति केंद्र, फुदनीडीह और बड़ी कॉपरेटिव विधुत वितरण शक्ति केंद्र से लोड सेडिग के नाम पर अनियमित विधुत आपूर्ति को ठीक करने को कहते हुए कहा कार्यपालक अभियंता ने विधुत सम्बंधित उपकरण सामग्री के कमी की बात रखी ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्र के टांसफार्मर के जल जाने पर ग्रामीणों को निश्चित समय पर टांसफार्मर विभाग उपलब्ध नही कराए जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, मुकेश राय, सुजीत चक्रवर्ती, महेंद्र राय पन्नालाल कान्दु किशुन गोप, बुद्धेश्वर घोषाल, प्रकाश प्रामाणिक,रणजीत बरनवाल, पंकज सिंह अशोक सिंह, निमाई महथा विकाश महथा सहित काफी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक ................ दिनांक ........................

**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या 10/2023–24**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित गाँधी उद्यान का रख–रखाव एवं संचालन हेतु 3 (तीन) सुरक्षा कर्मी (रात्रि प्राहरी सहित), 2 (दो) माली, 1 (एक) इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है। इच्छुक निबंधित संस्था/ एजेन्सी/ संवेदक दिनांक 10.06.2023 को समय 1:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में दर/कोटेशन जमा कर सकते है। कोटेशन के साथ निविदा शूल्क मो0 5,000/- रू0 (Non-Refundable) एवं सुरक्षित जमा राशि मो0– 50,000/- रू0 का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। कोटेशन दिनांक 10.06.2023 को समय 2:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशनदाता/प्राधिकृत व्यक्ति कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

नोटः–निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर एवं Website http//:udhd.jharkhand.gov.in के नोटिस पर अवलोकन किया जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.299138 District(23-24):D

**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉची।**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/14/2023-24 दिनांक– 02/06/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | चतरा स्थित पुलिस लाईन परिसर में पाथ लाईट एवं एल0 ई0 डी0 स्ट्रीट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 53,63,772=00 | 10,000=00 | 1,08,000=00 | 56 दिन |
| II | पदमा, हजारीबाग स्थित जैप–7 के परिसर में हाई मास्ट लाईट, बगीचा लाईट, पाथ लाईट एवं सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 73,41,054=00 | 10,000=00 | 1,47,000=00 | 56 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.06.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 16.06.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 22.06.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 23.06.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

PR.NO.299062 Energy(23-24):D
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची**

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या– DWSD/RW/RRP-19/2023-24, दिनांक 02.06.2023

| क्र0 | योजना का नाम | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | Changing of Rotten Riser Pipe in I.M -II Drilled Tube Well with 32 mm Medium Class G.I Pipe and Connecting Rod for Drilled Tube Well on "TURNKEY BASIS" different Block under D.W.&S. Division, RANCHI WEST, RANCHI for the Year 202 3-24 | | | | | |
| 1 | GROUP_RW_RRP – 01 | 232 | 3417496.00 | 68400.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 2 | GROUP_RW_RRP – 02 | 212 | 3124568.00 | 62500.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 3 | GROUP_RW_RRP – 03 | 182 | 2685176.00 | 53800.00 | 5000.00 | 2 माह |

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 06/06/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 12/06/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
4. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 13/06/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 13/06/2023 / 05.00 बजे अपराहन में।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-2491247
9. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
10. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
11. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।

PR.NO.299072 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## रेल हादसाः बाहानगा में कैसे हुई इतनी बड़ी दुर्घटना, उठ रहे सवाल

# मानवीय भूल और सिंगलन फेल

**• शुरुआती जांच में हुआ खुलासा**

दिप्तांशु दास

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** तीन ट्रेनों के बीच हुए भीषण हादसे के बाद कई सवाल उठे हैं। इन सबके बीच एक प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सामने आयी है। जिसमें इस घटना के पीछे सिग्नल संबंधी खामियां और मानवीय भूल सामने आ रही हैं।

खबरों के मुताबिक, ट्रेन बाहानगा बाजार स्टेशन पर लूप लाइन में खड़ा हुआ था। इसी समय चेन्नई से हावड़ा जाने वाली 12841 करमंडल एक्सप्रेस बाहानगा स्टेशन पर पहुंची। अन्य ट्रेनों को गुजरने की अनुमति देने के लिए प्रत्येक स्टेशन में लूप लाइनें हैं। तदनुसार, बाहानगा स्टेशन पर ऊपर और नीचे दो लूप लाइनें हैं। लूप लाइन पर एक ट्रेन उसी समय रुक जाती है, जब दूसरी ट्रेन स्टेशन से रवाना किया जाता है। बाहानगा स्टेशन पर भी कोरोमंडल एक्सप्रेस और यशवंतपुर हावड़ा एक्सप्रेस को गुजरने के लिए गुड्स ट्रेन को लूप लाइन में रोका गया था। मेन लाइन पर कोरोमंडल एक्सप्रेस तेजी से चल रही थी। उस समय दूसरी लाइन पर विपरीत दिशा से यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस चल रही थी। दूसरी ट्रेन बाहानगा स्टेशन पर रुकने वाली नहीं थी, इसलिए दूसरी ट्रेन तेज गति से चल रही थी।



रिपोर्ट्स के मुताबिक मेन लाइन का सिग्नल ग्रीन होना था और कोरोमंडल एक्सप्रेस लाइन को सीधे जाना था, लेकिन ऐसा नहीं था। आरआरआइ (रूट रिले इंटरकालिंग) पूरी तरह फेल होने के कारण 128 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही ट्रेन कोरोमंडल एक्सप्रेस पएंट संख्या 17ए के पास बाएं मुड़ गयी और खड़ी हुई गुड्स ट्रेन को पीछे से टकरा गयी। टक्कर इतना भीषण था कि कोरोमंडल एक्सप्रेस के 15 डिब्बे पटरी से उतर गये। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही हावड़ा एक्सप्रेस ने कोरोमंडल एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। रेलवे के मुताबिक, कोरोमंडल एक्सप्रेस में 1,257 और हावड़ा-यशवंतपुर एक्सप्रेस में 1,039 यात्रियों ने टिकट बुक कराये थे।

# ट्रेन हादसे के कारण कई ट्रेनें रद्द और मार्ग परिवर्तित

### ट्रेनें रद्द

1. 18037 खड़गपुर-जाजपुर क्योंझर एक्सप्रेस खड़गपुर से दिनांक 03.06.2023 को।
2. 22877 हावड़ा-एनार्कुलम एक्सप्रेस हावड़ा से 03.06.2023 को।
3. 12841 शालीमार-चेन्नई करमंडल एक्सप्रेस 03.06.2023 को शालीमार से।
4. 18043 हावड़ा-भद्रक एक्सप्रेस हावड़ा से 03.06.2023 को।
5. 18409 शालीमार-पुरी श्री जगन्नाथ एक्सप्रेस दिनांक 03.06.2023 को शालीमार से।
6. 18046 हैदराबाद-शालीमार ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस हैदराबाद से 03.06.2023 को।
7. 18038 जाजपुर क्योंझर रोड-खड़गपुर एक्सप्रेस जाजपुर क्योंझर रोड से दिनांक 04.06.2023 को।
8. 18044 भद्रक-हावड़ा एक्सप्रेस भद्रक से 04.06.2023 को।
9. 12840 चेन्नई-हावड़ा सुपरफास्ट मेल चेन्नई से 03.06.2023 को
10. 08440 पटना-पुरी स्पेशल एक्सप्रेस पटना से दिनांक 04.06.2023 को।
11. 22202 पुरी-सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस 03.06.2023 को पुरी से।
12. 18410 पुरी-शालीमार श्री जगन्नाथ एक्सप्रेस दिनांक 03.06.2023 को पुरी से।

### ट्रेनों को डायवर्ट किया गया

1. 22503 कन्याकुमारी-डिब्रूबड़ विवेक एक्सप्रेस कन्याकुमारी से 03.06.2023 को वाया विजयनगरम-टिटलागड-झारसुगुड़ा होकर चलेगी।
2. 18477 पुरी-ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 03.06.2023 को पुरी से संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा-ईबी होकर चलेगी।
3. 12801 पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 03.06.2023 को पुरी से जाखपुरा और जरोली होकर चलाई जाएगी।
4. 15643 पुरी-कामाख्या एक्सप्रेस 03.06.2023 को पुरी से कटक-संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा होकर चलेगी।

### ट्रेनें रद्द/आंशिक रूप से रद्द/मार्ग परिवर्तन ट्रेनें रद्द

01. 22606 विल्लुपुरम-पुरुलिया विल्लुपुरम से 03.06.2023 को।
02. 22641 त्रिवेंद्रम-कोलकाता शालीमार एक्सप्रेस दिनांक 03.06.2023 को त्रिवेंद्रम से।
04. 12551 बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस बेंगलुरु से 03.06.2023 को।
05. 12864 बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस 03.06.2023 को बेंगलुरु से।
06. 12253 बेंगलुरु-भागलपुर अंगा एक्सप्रेस 03.06.2023 को बेंगलुरु से।
07. 12838 पुरी-हावड़ा एक्सप्रेस दिनांक 03.06.2023 को पुरी से।
08.18022 खुर्दा रोड-खड़गपुर एक्सप्रेस 03.06.2023 को खुर्दा रोड से ।
09. 18046 हैदराबाद-शालीमार एक्सप्रेस 03.06.2023 को हैदराबाद से ।
10. 12704 सिकंदराबाद-हावड़ा फलकनुमा एक्सप्रेस सिकंदराबाद से 03.06.2023 को।
11. 08415 जलेश्वर-पुरी स्पेशल 04.06.2023 को जलेश्वर से ।
12. 08412 भुवनेश्वर-बालेश्वर स्पेशल दिनांक 03.06.2023 को भुवनेश्वर से।
13. 08411 बालेश्वर-भुवनेश्वर स्पेशल बालेश्वर से 04.06.2023 को।

### ट्रेनों का डायवर्टः

1. 18420 जयनगर-पुरी एक्सप्रेस जयनगर से दिनांक 03.06.2023 को जोयचंडी पहाड़-चांडिल जंक्शन-बंसपानी-जरोली-जखपुरा होकर चलेगी।
2. 15630 सिलघाट टाउन-तांबरम एक्सप्रेस सिलघाट टाउन से दिनांक 02.06.2023 को आसनसोल-चांडिल-राउरकेला-झारसुगुड़ा-टिटलागड-विजयनगरम होकर चलेगी।
03. 22644 पटना-एनार्कुलम एक्सप्रेस पटना से दिनांक 02.06.2023 को आद्रा-चांडिल-चक्रधरपुर-राउरकेला-झारसुगुड़ा-टिटलागड-विजयनगरम होकर चलेगी।

# भद्रक और सोरो हस्पताल में घायलों से मिले राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** बालेश्वर बाहानगा रेल हादसे से पूरे देश में शोक का साया है. इसे देखते हुए राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल ने भी अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की । पहले भद्रक अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद सोरो पहुंचे और समूह स्वास्थ्य केंद्र में घायलों से मिले. उन्होंने घायलों के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में चर्चा की।



राज्यपाल खुद डाक्टरों के साथ बात चीत कर घायलों का उचित उपचार करने को सहला दिए। हालांकि इस आपदा से निपटने के लिए राज्यपाल ने कहा, 'ओडिशा सरकार केंद्र की मदद से किसी भी चुनौती का सामना कर सकती है. हम फनी तूफान के साथ अन्य बड़ी आपदाओं से निपटने में दुनिया में पहचान बनाया हैं। हम चुनौती को स्वीकार करते है और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सहयोग से इसका सफलतापूर्वक मुकाबला कर रहे हैं।

## बचाव और इलाज के बाद घटना की उच्चस्तरीय जांच होगी : रेल मंत्री



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुर्घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मामले की अच्छी तरह से जांच की जा रही है। रेल मंत्री ने अन्य कर्मचारियों के साथ हादसे वाली ट्रेन में प्रवेश किया और जांच की। रेल मंत्री ने मीडिया से कहा कि बचाव कार्य और अच्छा इलाज प्राथमिकता है। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद जांच शुरू होगी। मंत्री ने कहा कि उच्च स्तरीय बैठक हो चुकी है और घटना के मूल कारणों की जांच की जायेगी। एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है, लेकिन उससे पहले यात्रियों को बचाना और उन्हें अच्छा इलाज मुहैया कराना प्राथमिकता है।

## ओड़िशा में आज शोक दिवस

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बालेश्वर में हुए इस तरह के दिल दहला देने वाले हादसे से चारों ओर शोक व्यक्त किया जा रहा है। इसीलिए मुख्यमंत्री ने आज राज्य में शोक दिवस मनाने का आदेश दिया है, जिसके चलते आज राज्य में किसी भी तरह के उत्सव या कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज सुबह दुर्घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद यह घोषणा की।

देश-विदेश की खबरों

www.azadsipahi.in

# छत्तीसगढ़ सीएम सहायता करने के लिए आये आगे



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगड के मुख्यमंत्री श्री भूपेश वाघेल ने आज मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक से फोन पर बात कर करमंडल हादसे पर चर्चा की। उन्होंने हादसे के शिकार लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के बचाव और उपचार के लिए हर तरह की सहायता देने की प्रस्ताव दी। मुख्यमंत्री श्री पटनायक ने इस पहल के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## तमिलनाडु के सीएम ने हादसे की ली जानकारी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बालेश्वर बाहानगा ट्रेन हादसे की समीक्षा की. मुख्य सचिव प्रदीप जेना से चर्चा कर घटना की जानकारी ली। स्टालिन ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । भुवनेश्वर 03/06 तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बालेश्वर बाहानगा ट्रेन हादसे की समीक्षा की. मुख्य सचिव प्रदीप जेना से चर्चा कर घटना की जानकारी ली। स्टालिन ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

## मुख्यमंत्री ने बचाव अभियान में शामिल स्थानीय लोगों को धन्यवाद दिया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सीएम नवीन पटनायक ने बालेश्वर बाहानगा ट्रेन हादसे की स्थिति का जायजा लिया है। मुख्यमंत्री ने ट्रेन हादसे पर दुख जताया। मुख्यमंत्री ने कहा, यह बहुत ही दुखद ट्रेन हादसा है। हादसे के बारे में जानकर स्तब्ध हूं। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों और प्रशासन को धन्यवाद दिया। देर रात रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल होने के लिए स्थानीय लोगों का धन्यवाद दिया। स्थानीय लोगों ने यात्रियों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज सुबह ट्रेन हादसे के स्थान पर पहुंच कर स्थिति का अनुद्यान करने के साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ स्थिति और बचाव कार्यों पर चर्चा की है। उन्होंने बालेश्वर मेडिकल सेंटर में घायलों का इलाज का जायजा लिया।

# तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि, परिवहन मंत्री शिवशंकर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** तामिलनाडु के युवा कल्याण एवं खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन और परिवहन मंत्री एसएस शिवशंकर ने नवीन निवास में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की। स्थिति का जायजा लेने के लिए वे अधिकारियों की एक टीम के साथ आज ओड़िशा में थे, विशेषकर तामिलनाडु के यात्रियों की। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने उन्हें आश्वासन दिया कि घायलों के इलाज के लिए हर संभव उपाय किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि घायलों या मृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों को हर संभव मदद प्रदान की जा रही है। तामिलनाडु के मंत्री श्री स्टालिन ने घायल लोगों के बचाव और उपचार में ओडिशा प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ओडिशा सरकार की त्वरित प्रतिक्रिया के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी कहा कि तामिलनाडु सरकार किसी भी तरह की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है जिसकी आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री के सचिव (5टी) वीके पांडियन चर्चा के दौरान उपस्थित थे। दूसरों के बीच में फनिद्र रेड्डी, एसीएस, परिवहन, श्री कुमार जयंत, एसीएस, राजस्व; अर्चना पटनायक, शिक्षक भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष और तमिलनाडु के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एससीबी में अतिरिक्त 100 बेड बढ़ाया गया

**भुवनेश्वर कटक (आजाद सिपाही)।** एससीबी में 100 बेड की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। बाहानगा ट्रेन हादसे में घायलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. जिसे देखते हुए चिकित्सा अधिकारियों द्वारा ऐसा निर्णय लिया गया है। वहीं, कटक एससीबी में 177 घायलों का इलाज चल रहा है। दोपहर 1:30 बजे तक 177 घायलों को चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया है। मेडिकल टीम लगातार घायलों का इलाज कर रही है। इसी तरह अब तक 6 घायलों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। केवल एक व्यक्ति को आइसीयू में भर्ती कराया गया है।



























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**